रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 11 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-110 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### सिसोदिया ने जंगपुरा विधानसभा में किया प्रचार का आगाज



**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने किलोकरी स्थित अंगूरी देवी मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ कर जंगपुरा विधानसभा में चुनाव प्रचार का आगाज किया। सिसोदिया ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एक शिक्षा मंत्री और उप-मुख्यमंत्री के तौर पर पूरी दिल्ली का जिम्मा मुझे मिला है।

### भारतीय संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी ने दिल्ली विस की 15 सीटों के उम्मीदवार घोषित किये



**नयी दिल्ली।** भारतीय संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी ने दिल्ली की सभी विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ने का एलान किया है और 15 सीटों के उम्मीदवार घोषित किये हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर जोगिंन्द्र सिंह भदौरिया ने जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि पार्टी दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने बताया कि पार्टी ने 15 उम्मीदवारों की सूची भी जारी कर दी है।

### हाथरस में दो वाहनों की भिड़ंत में सात की मौत, 13 घायल

**हाथरस।** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में एक कंटेनर और टाटा मैजिक की आमने-सामने की टक्कर में सात लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि 13 अन्य घायल हो गये। मृतकों में तीन महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। घायलों में छह की हालत नाजुक बताई गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में दुख जताते हुये शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

### आईआईटी मद्रास ने रचा इतिहास




**चेन्नई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) मानव भ्रूण मस्तिष्क की सबसे विस्तृत 3डी उच्च रिज़ॉल्यूशन तस्वीर जारी करने वाला दुनिया का पहला अनुसंधान संगठन बन गया है। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो न्यूरोलॉजी और विकासात्मक जीव विज्ञान के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेगी। आईआईटी मद्रास के सुधा गोपालकृष्णन ब्रेन सेंटर का यह अग्रणी कार्य ब्रेन मैपिंग तकनीक की सीमाओं को आगे बढ़ाता है और भारत को ब्रेन मैपिंग विज्ञान की वैश्विक श्रेणी में रखता है क्योंकि यह दुनिया में अपनी तरह का पहला काम है।

# शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान हम सबके लिए प्रेरणादायक : मुख्यमंत्री साय

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 10 दिसम्बर छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर उनकी जन्मभूमि एवं कर्मभूमि सोनाखान में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय सोनाखान स्थित शहीद स्मारक में शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय का भी अवलोकन किया। उन्होंने श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहीद वीर नारायण सिंह के वंशजो को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सोनाखान में पोस्ट मेट्रिक छात्रावास खोलने, सोनाखान मड़ई मेला के लिए 15 लाख देने, 23 पर्यटन एवं ऐतिहासिक स्थलों में हाई मास्ट लाईट लगाने, सोनाखान के 3 तालाबों का अमृत सरोवार में उन्नयन तथा शहीद वीर नारायण के वंशज जो पेंशन के लिए वंचित हैं उन सभी सदस्यों को भी पेंशन देने की घोषणा की। इसके साथ ही 10 हितग्राहियों को पीएम आवास ग्रामीण की चॉबी सौंपा। हितग्राहियो को आयुष्मान कार्ड का वितरण, पीएम जनमन आदर्श पंचायत बल्दाकछार एवं औवराई का सम्मान, आदिवासी समाज के युवा प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा की शहीद वीर नारायण सिंह के जन्म एवं कर्मभूमि में मुख्यमंत्री के तौर पर पहली बार आया हूं। यह पवित्र भूमि गरीबों के लिए बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह गरीबों की प्राण रक्षा एवं आत्मसम्मान के लिए अपना जीवन कुर्बान कर दिए जो हम सब के लिए प्रेरणादायक है। जिस समय सोनाखान क्षेत्र में आकाल पड़ा तो भूख से तड़पते लोगों की दशा देखकर द्रवित हो गए और गोदाम से अनाज निकाल कर बाँट दिए। उन्होंने अंग्रेजो के विरुद्ध क्रांति का बिगुल फूंक दिए। अंग्रेजी सरकार ने 10 दिसम्बर 1857 को रायपुर के जय स्तम्भ चौक में फांसी दे दी गई। उन्होंने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह जैसे अनेक जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हुए है जिन्हे उचित सम्मान नहीं मिल पाया था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजाति विभूतियों को सम्मान देने का काम कर रहे है। प्रधानमंत्री ने 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस मनाने की घोषणा की है। विशेष पिछडी जनजाति समुदाय के लोगों के विकास के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना शुरू किया गया है। पीएम ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत प्रदेश के 6 हजार गाँवो को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि रायपुर में 9 करोड़ की लागत से शहीद वीर नारायण संग्रहालय का निर्माण किया जा रहा है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

# राजस्थान में 30 लाख लोगों को खनन से मिल रहा रोजगार : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

पायनियर संवाददाता ◀ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया कि राज्य में खनिज संसाधनों में अपार संभावनवाएं हैं और तकरीबन 30 लाख लोगों को खनन से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोज़गार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि खनन क्षेत्र राज्य के राजस्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में, राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि खनिजों के उचित अन्वेषण तथा इस सेक्टर में राजस्व को बढ़ाने पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को लक्ष्य तय कर इस दिशा में काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विभाग को खनन क्षेत्र में अन्वेषण के काम को तेज़ करना चाहिए, साथ ही नए खनन क्षेत्रों को पहचान कर बोली की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना चाहिए। शर्मा ने खान एवं पेट्रोलियम विभाग की समीक्षा बैठक को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि खनिज संसाधनों का उपयोग आम जनता के कल्याण के लिए किया जाए और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता को सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने खान विभाग की विभिन्न गतिविधियों के लिए मूल्यांकन समिति का गठन करने और नियमित रूप से इसकी बैठकों के आयोजन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों से कहा कि रिफाइनरी प्रोजेक्ट से जुड़ी फर्म के साथ विचार-विमर्श करें तथा जल्द संचालन के लिए कार्य योजना तैयार करें।

## अमित शाह ने हरियाणा में नए आपराधिक कानून अगले वर्ष मार्च तक पूरी तरह लागू करने को कहा

पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हरियाणा में नए आपराधिक कानूनों का अगले वर्ष 31 मार्च तक शत-प्रतिशत कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए कहा है। शाह ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में हरियाणा में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव, हरियाणा के मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव, राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, पुलिस ब्यूरो के महानिदेशक और केन्द्रीय गृह मंत्रालय और राज्य सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## राहुल गांधी दिल्ली के लोगों के लिए करेंगे न्याय चौपाल

पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी प्रदेश कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली के लोगों के लिए न्याय चौपाल लगाएंगे। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी के कार्यकर्ता दिल्ली में एक माह से न्याय यात्रा कर रहे हैं, ताकि दिल्ली के लोगों के साथ न्याय किया जा सके। पार्टी इंदिरा गांधी एरेना स्टेडियम में न्याय चौपाल कर रही है और गांधी अपराह्न एक बजे इस चौपाल में शामिल होंगे। यादव ने कहा, 'आठ नवंबर से शुरू हुई दिल्ली न्याय यात्रा की आपार सफलता के बाद जननायक राहुल गांधी जी सभी न्याय यात्रियों एवं दिल्ली के लोगों के साथ न्याय चौपाल करने आ रहे हैं। आप इस न्याय चौपाल में सादर आमंत्रित हैं। साथ आएं-बदलाव लाएं क्योंकि दिल्ली अब और नहीं सहेगी।

## सोरोस के प्रत्यर्पण की मांग क्यों नहीं करती सरकार : कांग्रेस



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार जार्ज सोरोस के नाम पर स्वांग रच कर असलियत पर पर्दा डालने का काम कर रही है और यदि सच में वह देश विरोधी गतिविधियों में शामिल है तो सरकार को उसके प्रत्यर्पण के लिए कार्रवाई करनी चाहिए। श्रीनेत ने कहा कि अडानी को बचाने के लिए भाजपा और मोदी सरकार जॉर्ज सोरोस के नाम पर स्वांग रच रही है और यदि सोरोस देश विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं तो भाजपा के नेताओं के रिश्तेदार उसकी कंपनियों से जुड़कर उनका संचालन क्यों कर रहे हैं। अगर वह देशविरोधी गतिविधियों में शामिल हैं तो भारत सरकार को उनके प्रत्यर्पण की मांग करनी चाहिए। भारत में उसका धंधा-पानी बंद कर उसके सारे बिजनेस और फंडिंग पर रोक लगानी चाहिए।

## शिवराज सिंह चौहान ने की किसानों के साथ बात

एजेंसी ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हरियाणा और छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ बातचीत की और विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया। चौहान ने अपने कार्यालय में किसान संगठनों के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि मोदी सरकार खेती किसानी के कल्याण और हित के प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार कृषि तथा किसान के विकास के लिए संकल्पित है। चौहान प्रत्येक किसानों और किसान प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक करते हैं और कृषि से संबंधित विभिन्न मुद्दों से पर चर्चा करते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव के भाषण का लिया संज्ञान

पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव द्वारा विश्व हिंदू परिषद के एक कार्यक्रम पर दिए गए भाषण की अखबारों में छपी खबरों पर संज्ञान लिया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उच्च न्यायालय से इस संबंध में विस्तृत जानकारी मंगवाई गई है और मामले पर विचार किया जा रहा है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लाइब्रेरी में आठ दिसंबर को विहिप के कार्यक्रम में न्यायमूर्ति यादव द्वारा दिए गए भाषण ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। उनके खिलाफ इन-हाउस जांच और महाभियोग की कार्यवाही शुरू करने की मांग की गई है। एनजीओ 'कैंपेन फॉर ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स' के संयोजक प्रशांत भूषण ने भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को पत्र लिखकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यादव के आचरण की 'इन-हाउस जांच' की मांग की। एनजीओ ने दावा किया कि इस भाषण ने न्यायिक नैतिकता का उल्लंघन किया और निष्पक्षता और धर्मनिरपेक्षता के संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन किया। न्यायाधीश ने कहा था कि समान नागरिक संहिता का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सद्भाव, लैंगिक समानता और धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा था, समान नागरिक संहिता का मुख्य उद्देश्य विभिन्न धर्मों और समुदायों पर आधारित असमान कानूनी प्रणालियों को समाप्त करके सामाजिक सदभाव, लैंगिक समानता और धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देना है। न्यायमूर्ति यादव ने कहा था, समान नागरिक संहिता एक समान कानून को संदर्भित करती है जो विवाह, विरासत, तलाक, गोद लेने आदि जैसे व्यक्तिगत मामलों में सभी धार्मिक समुदायों पर लागू होती है। अपने पत्र में भूषण ने कहा कि न्यायमूर्ति यादव ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का समर्थन करते हुए विवादास्पद टिप्पणी की, जिसे मुस्लिम समुदाय को लक्षित करने वाला माना जाता है। सीजेएआर ने कहा कि न्यायमूर्ति यादव का विहिप के कार्यक्रम में भाग लेना और उनकी टिप्पणियां न्यायिक अनुचितता का मामला है और संविधान को निष्पक्ष रूप से बनाए रखने की शपथ का उल्लंघन है। भूषण ने दावा किया कि न्यायमूर्ति यादव की टिप्पणियों ने न्यायपालिका की तटस्थ मध्यस्थ के रूप में भूमिका को कमजोर किया और इसकी स्वतंत्रता में जनता के विश्वास को खत्म किया है। वरिष्ठ अधिवक्ता और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने न्यायमूर्ति यादव के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू करने के लिए भारतीय जनता पार्टी सांसदों से समर्थन मांगा।

## इंडिया गठबंधन का धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस

एजेंसी ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



विपक्षी इंडिया समूह ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ पर सदन में कार्यवाही के दौरान पक्षपात का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। राज्यसभा के 72 वर्ष के इतिहास में किसी सभापति के खिलाफ पहली बार अविश्वास का प्रस्ताव लाया गया है। लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अब तक तीन बार अविश्वास प्रस्ताव लाया जा चुका है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने सभापति के खिलाफराज्यसभा सचिववालय को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। इस प्रस्ताव पर इंडिया गठबंधन के करीब करीब सभी दलों के 60 नेताओं ने हस्ताक्षर किए हैं। रमेश ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में वीडियो साझा करते हुए कहा, 72 साल में पहली बार विपक्ष की पार्टियों ने राज्य सभा में चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव दिया है। ये दर्शाता है कि हालात कितने खराब हैं। राज्य सभा के चेयरमैन बड़े वकील हैं, संविधान की समझ रखते हैं, लेकिन जिस तरीके से उन्होंने सदन चलाया है, इंडिया गठबंधन को अविश्वास प्रस्ताव के लिए मजबूर होना पड़ा। अविश्वास प्रस्ताव राज्यसभा महासचिव को सौंपने के बाद इंडिया गठबंधन के नेताओं ने कहा है कि यह विवशता में लिया गया अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण फैसला है। राज्यसभा के सभापति का सदन में व्यवहार बहुत ही पक्षपातपूर्ण रहा है। इंडिया गठबंधन के सूत्रों ने कहा सारी पार्टियां एक आवाज में कह रही हैं कि चेयरमैन साहब पक्षपात कर रहे हैं। राज्यसभा के सभापति द्वारा अत्यंत पक्षपातपूर्ण तरीक़े से उच्च सदन की कार्यवाही का संचालन करने के कारण इंडिया समूह के सभी घटक दलों के पास उनके ख़िलाफ़औपचारिक रूप से अविश्वास प्रस्ताव लाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। गठबंधन की पार्टियों के लिए यह बेहद ही कष्टकारी निर्णय रहा है लेकिन संसदीय लोकतंत्र के हित में यह अभूतपूर्व कदम उठाना पड़ा है।

## ऑटो चालकों का करायेंगे 10 लाख रुपये का जीवन बीमा : केजरीवाल

पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनकी सरकार बनने पर ऑटो चालकों को 10 लाख रुपये का जीवन बीमा कराया जाएगा। केजरीवाल ने कहा, दिल्ली में सरकार बनने के बाद हर ऑटोवाले का 10 लाख का जीवन बीमा और पांच लाख रुपये का दुर्घटना बीमा किया जाएगा। ऑटोवाले को बेटी की शादी करने के लिए एक लाख रुपए, वर्दी के लिए साल में दो बार 2500 रुपए दिए जाएंगे और बच्चों की प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग का खर्च हमारी सरकार उठाएगी। इसके साथ ही ऑटोवालों की मांग पर 'पूछो एप' को दोबारा शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहला चुनाव जिताने में ऑटोवालों ने बहुत सहयोग दिया था। यकीन है कि इस बार भी अपनी हर सवारी को 'आप'को वोट देने के लिए तैयार करेंगे। उन्होंने कहा, मुझे याद है कि हमें पहला चुनाव जीताने में ऑटो वालों ने बहुत सहयोग किया था।

## रिजिजू ने धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर विपक्ष की आलोचना की

एजेंसी ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



संसदीय कार्य मंत्री किरेण रिजिजू ने राज्सभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए विपक्ष की आलोचना की है। धनखड़ के खिलाफ विपक्ष द्वारा राज्यसभा सचिवालय में अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिये जाने के बाद रिजिजू ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि धनखड विद्धवान और नेक व्यक्ति हैं। वह बड़े अच्छे से सदन का संचालन करते हैं और समय समय पर सदन का मार्गदर्शन भी करते हैं। उन्होंने कहा कि देश के सामने अमेरिकी निवेशक जार्ज सोरोस और कांग्रेस के साठगांठ का गंभीर मामला आने के बाद से कांग्रेस घबराई हुई है। उन्होंने कहा कि देश विरोधी ताकतों के साथ मिलकर काम करने के लिए कांग्रेस नेतृत्व को माफी मांगनी चाहिए। रिजिजू ने कहा कि विपक्ष लोकसभा तथा राज्यसभा दोनों सदनों में आसन का अपमान कर रहा है। विपक्षी सदस्यों ने कुछ दिन पहले भी आसन पर सवाल उठाया है। आसन दोनों सदनों में सदस्यों के लिए मार्गदर्शक का कार्य करते हैं। सभी सदस्यों को आसन की बात का पालन करना होता है और यदि इसका पालन नहीं होता तो सदन ठीक से नहीं चल पाता। कांग्रेस और उनके साथियों ने लगातार आसन का अपमान किया है और आसन के निर्देश को नहीं मानते हुए सदन में व्यवहार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा इसकी आलोचना करती है।

**मानवाधिकार दिवस पर, हमें न्याय, समानता और सम्मान के मूल्यों के प्रति नये सिरे से अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता करनी चाहिए**

## साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नये खतरेः मुर्मु


वार्ता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन को मानवाधिकारों के लिए नए खतरे करार देते हुए ऐसे सुरक्षित, संरक्षित और न्यायसंगत डिजिटल माहौल के महत्व पर बल दिया है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों और सम्मान की रक्षा हो। मुर्मु ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित मानवाधिकार दिवस समारोह में कहा, मानवाधिकार दिवस पर, हमें न्याय, समानता और सम्मान के मूल्यों के प्रति नये सिरे से अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता करनी चाहिए जो हमारे राष्ट्र को परिभाषित करते हैं। हमें प्रत्येक व्यक्ति के मौलिक अधिकारों को बनाए रखना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पीछे न छूटे। एक साथ, निरंतर प्रयास और एकजुटता के माध्यम से, हम एक ऐसा भविष्य बना सकते हैं जिसमें हर व्यक्ति, चाहे उसकी उम्र, पृष्ठभूमि या परिस्थिति कुछ भी हो, सम्मान, अवसर और पूर्णता का जीवन जीने के लिए सशक्त हो। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सभी नागरिकों को नागरिक और राजनीतिक अधिकारों की गारंटी देने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है। सरकार सभी के लिए आवास, स्वच्छ पेयजल, बेहतर स्वच्छता, बिजली, रसोई गैस और वित्तीय सेवाओं से लेकर स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक कई सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक अधिकारों की गारंटी भी देती है। बुनियादी आवश्यकताओं के प्रावधान को अधिकारों के मामले के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हम भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं, हम उभरती चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नए खतरे हैं। डिजिटल युग, परिवर्तनकारी होने के साथ-साथ अपने साथ साइबर बुलिंग, डीपफेक, गोपनीयता संबंधी चिंता और गलत सूचना के प्रसार जैसे जटिल मुद्दे लेकर आया है। ये चुनौतियाँ एक सुरक्षित, संरक्षित और न्यायसंगत डिजिटल वातावरण को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित करती हैं जो प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब दैनिक जीवन में प्रवेश कर चुका है, कई समस्याओं का समाधान कर रहा है और कई नई समस्याएँ भी पैदा कर रहा है।

## राजनाथ ने 'मेक इन इंडिया' परियोजनाओं में रूसी उद्योगों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया

पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूस और भारत के बीच रक्षा क्षेत्र मेंसहयोग को और बढ़ाने के उद्देश्य से' मेक इन इंडिया' परियोजनाओं में रूसी उद्योगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए नए अवसरों पर जोर दिया है। सिंह ने मॉस्को में रूसी रक्षा मंत्री एंड्रे बेलौसोव के साथ सैन्य और सैन्य तकनीकी सहयोग पर भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग के 21वें सत्र की सह-अध्यक्षता की। रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत-रूस संबंध बहुत मजबूत हैं, और एक विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी की जिम्मेदारियों पर खरे उतरे हैं। उन्होंने कहा कि 2024 के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दो रूस यात्राओं सहित हालिया आदान-प्रदान से संबंध और मजबूत हुए हैं। सिंह ने घरेलू रक्षा उद्योग की क्षमताओं को सभी डोमेन और औद्योगिक सहयोग में विस्तारित करने के लिए भारत सरकार का दृढ़ संकल्प वयक्त किया। उन्होंने 'मेक इन इंडिया' परियोजनाओं में रूसी उद्योगों की भागीदारी बढ़ाने के नए अवसरों पर जोर दिया। उन्होंने रूस के साथ विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। रूसी रक्षा मंत्री ने दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास पर आधारित संबंधों को गहरा करने पर जोर दिया।



# विधायक भावना बोहरा ने पांडातराई के विभिन्न वार्ड में किया दौरा, जनता की समस्याओं का निराकरण करने अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com




जनता की समस्या हो या क्षेत्र में विकास कार्यों की सौगात, पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार इसके लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। पांडातराई में भी भावना बोहरा ने जनसंपर्क किया और क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का समाधान किया। इस दौरान उन्होंने पांडातराई महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया एवं विद्यार्थियों की सुविधा व शिक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पांडातराई के वार्ड क्रमांक 6 एवं 9 में सघन जनसंपर्क कर क्षेत्रवासियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं का निराकरण किया। इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि जनता से लगातार संपर्क और संवाद से ही क्षेत्र का विकास संभव है। हमने यह लक्ष्य निर्धारित किया है कि जितना ज्यादा हो सके जनता से सीधे संवाद करें, उनके सुझाव प्राप्त करे और उसका निराकरण कर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करें। यह सब जनता और जनप्रतिनिधि के आपसी सामंजस्य से ही पूरा होगा। इसलिए हमने यह पहल शुरू की है और जनता का भी इसमें भरपूर सहयोग मिल रहा है। हमने महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की सुविधा और शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर भी महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। विद्यार्थियों से शिक्षा, शिक्षकों एवं महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं को लेकर भी चर्चा की और वहां जो समस्याएं सामने आई है उसे तत्काल दूर करने के लिए शासन व महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। विगत एक वर्ष में इसी जनसंवाद एवं क्षेत्रवासियों के मार्गदर्शन से हम लगातार पूरे पंडरिया विधानसभा में विकास कार्यों की सौगात जनता को समर्पित कर रहें हैं। सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से लेकर अधोसंरचना विकास के कार्य भी लगातार हो रहें हैं। यह सभी विकास कार्य आने वाले समय मे जनता की सुविधा एवं क्षेत्र के विकास को नई गति एवं दिशा देंगे। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को निर्धारित करके निरंतर कार्य कर रही है। यह लक्ष्य तभी संभव हो सकता है जब हम जनता की सुविधाओं का विस्तार करे। , अधोसंरचनाओं का विकास करें एवं जनहित के लिए चलाई जा रही योजनाओं का जमीनी स्तर तक क्रियान्वयन करें, जिसके लिए हमें जनता के बीच जाना होगा। एक जनप्रतिनिधि का कार्य यही है कि वह अपने क्षेत्रवासियों के लिए हमेशा उपलब्ध रहे, उनकी समस्याओं को सुनें, क्षेत्र की प्रगति के लिए उनके सुझावों पर अमल करें, इसलिए हम लगातार जनसंपर्क के माध्यम से जनता के समक्ष पहुंचकर हर संभव प्रयास कर रहें हैं जिससे जनता को सुविधा मिले, क्षेत्र की प्रगति हो और पंडरिया विधानसभा को समृद्ध बनाने के हमारे लक्ष्य को हम प्राप्त कर सकें।

## प्रदेश सरकार समुचित व्यवस्था के साथ धान की खरीदी कर रही: प्रमोद सागर

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



भाजपा मंडल महामंत्री प्रमोद कुमार सागर ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि भाजपा की सरकार इस वर्ष समर्थन मूल्य पर 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखी है, जो की भूपेश बघेल के कार्यकाल के अंतिम वर्ष के लक्ष्य से 50 लाख मीट्रिक टन अधिक है भाजपा सरकार ने पिछले वर्ष 147 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की थी इस वर्ष इसमें बढ़ोतरी करते हुए राज्य शासन ने 13 लाख मीट्रिक टन बढ़ाते हुए 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदेगी यह विष्णुदेव साय के सरकार की संवेदनशीलता का परिचय है, किसानों का धान 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से खरीदी हो रही है, किसानों की सुविधाओं के लिए टोकन व्यवस्था को ऑनलाइन ऑफलाइन दोनों में रखा गया है, जिसमें ऑनलाइन में 60त्न टोकन व ऑफलाइन में 40त्न टोकन की व्यवस्था राज्य के भाजपा सरकार द्वारा किया गया है, किसान बंधु अपने सविधा अनुसार टोकन लेकर धान बेच रहे हैं जिसमें लघु व सीमांत किसानों के लिए 70त्न व बड़े किसानों के लिए 30त्न टोकन की व्यवस्था रखी गई है, धान की खरीदी 14 नंवबर से शुरू हुई है और 31 जनवरी तक चलेगी, आज तक किसानों की लगभग 30त्न धान की खरीदी हो चुकी है, किसानों का धान बेचने के मात्र 72 घंटे में ही सम्बंधित किसान के बैंक खाते में धान की राशि पहुंच जाती है, किसानों की सुविधा के लिए प्रत्येक सोसाइटियों में किसान बंधु प्रतिदिन माइक्रो एटीएम के माध्यम से 10 हजार की नगद धनराशि प्राप्त कर सकते है, इस बेहतरीन व्यवस्था से छोटे किसान वर्ग को बहुत सुविधा हो रही है, इस सुविधा से उन किसानों को बैंक भी जाना नहीं पड़ रहा है और जिस खरीदी केन्द्र में धान बेचते हैं, वहीं से उनको नगद राशि प्राप्त हो जा रही है, विष्णुदेव साय की सरकार बहुत ही सुव्यवस्थित व्यवस्था से राज्य में धान की खरीदी कर रही है, किसानों के पारदर्शिता के लिए इलेक्ट्रॉनिक कांटों से धान की तौलाई हो रही है, बारदाना की पर्याप्त व्यवस्था प्रत्येक धान खरीदी केंद्र में की गई है, छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की भाजपा की सरकार किसानों के हितों के लिए पूरी तरह से जागरूक व प्रतिबद्ध है।

## प्रधान पाठक ने अपने जन्मदिन पर विद्यार्थियों को परोसा न्यौता भोज

**भानुप्रतापपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घोटिया में 10 दिसम्बर को प्रधान पाठक एस.आर.मण्डावी अपने जन्म दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों के लिए न्योता भोजन का आयोजन किया। न्योता भोज में बच्चों को खीर, पूड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर में उपस्थित जनप्रतिनिधि जागेश्वर चिराम सरपंच, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अस्सीराम दर्रो, प्राथमिक शाला के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक बघेल, संकुल समन्वयक संतलाल ध्रुव एवं पूर्व शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेशवर यादव एवं प्राथमिक माध्यमिक शाला स्टाफएवं छात्र-छात्राओं को पूरी, पापड़, खीर, मिठाई, चाकलेट, केट खिलाया गया।



## प्रदेश का अन्नदाता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की धान खरीद नीति से खुशहाल है : संदीप शर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने धान खरीदी को लेकर कांग्रेस द्वारा किए गए धरना-प्रदर्शन को कांग्रेस का एक और सुपर फ्लॉप शो बताते हुए कहा है कि कांग्रेस ऐसी लाख सियासी ड्रामेबाजी कर ले, लेकिन वह प्रदेश के किसानों को अपने झूठ से कतई गुमराह नहीं कर पाएगी। शर्मा ने कहा कि प्रदेश का एक-एक अन्नदाता किसान आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा की प्रदेश सरकार की धान खरीद नीति से खुशहाल है। धान खरीदी को लेकर कांग्रेस अपने शासनकाल के धत्कर्मों पर पर्दा डालने के लिए अब किसानों को उकसा कर प्रदेश में अराजकता लाने की नाकाम कोशिश कर रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा कि कांग्रेस बारदाना, टोकन और तौल को लेकर मिथ्या प्रलाप करने में लगी है। कांग्रेस को यह नहीं भूलना चाहिए कि उसके शासनकाल में धान खरीदी में समितियों में तौल को लेकर व्यापक स्तर पर गड़बड़ी की शिकायत पूरे प्रदेश से आ रही थी। शर्मा ने कहा कि किसानों पर डण्डे बरसाने वाले, किसानों के घरों में छापे मरवाकर धान जब्त करके किसानों के आत्मसम्मान को रौंदने वाले, गिरदावरी के नाम पर खेत का रकबा मनमाने कम करने वाले कांग्रेसियों की सरकार ने अपने पिछले शासनकाल में लगभग 650 किसानों को आत्महत्या के लिए विवश किया था। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार छत्तीसगढ़ वर्ष 2019 और 2020 में किसानों की आत्महत्या के मामले में देश में छठवें स्थान पर था। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार हर साल बारदाना के नाम पर केंद्र सरकार पर ही ठीकरा फोड़ने में लगी रहती थी। आज बारदाने का संकट भी नहीं है और 'तुहँर हाथ तुहँर टोकन' एप के जरिए किसानों ने हजारों टोकन स्वयं काट लिए हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार बिना किसी अवरोध और अप्रिय प्रसंग के सुव्यवस्थित रीति से प्रदेश के किसानों का प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीद रही है और समर्थन मूल्य तथा अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान निर्धारित समय सीमा के भीतर कर रही है। पिछले साल के 130 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी के विरुद्ध इस वर्ष प्रदेश की भाजपा सरकार ने 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा है, जो कि पिछले साल से 30 लाख टन अधिक है। इस वर्ष छत्तीसगढ़ में 27.60 लाख (पिछले साल की तुलना में डेढ़ लाख से अधिक) किसानों ने अपना पंजीयन कराया है और रकबा के हिसाब से पिछले साल की तुलना में इस वर्ष किसानों ने लगभग 3.80 लाख एकड़ अधिक भूमि का पंजीयन कराया है।

# ऐतिहासिक वीर घाटी का निरीक्षण करने पहुंचे केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ और ओडिशा प्रदेश के सीमावर्ती सरायपाली मुख्यालय से 23 किलोमीटर दूर वनांचल पूर्वी परिक्षेत्र सिंघोड़ा चिवराकुटा रायपुर - संबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 53 में स्थित ऐतिहासिक वीर घाटी के रूप में जाना जाता है जहां भारत के स्वतंत्रता संग्राम काल के सन् 1857 महाक्रांति के महानायक शहीद वीर नारायण सिंह के ओडिशा राज्य के पारिवारिक रिश्तेदार घेंस जमींदार माधव सिंह के पुत्रों में से हटेसिंह जो शहीद वीर नारायण के रिश्तेदार और संबलपुर के राजा शहीद वीर सुरेन्द्र साय के मित्र रहें जिन्होंने संयुक्त रूप से अपनी सैन्यबलों परम्परागत अस्त्र शस्त्र भाला बरछी तीर कमान और तलवार बाहुबल से राज्य और मातृभूमि भारत माता की रक्षा के लिए चिवराकुटा के पास निशाघाटी नामक स्थल पर ब्रिटिश अंग्रेज हुकूमत के 250 से भी अधिक संख्याओं के आक्रमणकारियों को युद्ध में परास्त कर फिरंगियों को खदेड़े थे आज भी इस क्षेत्र के बिंझवार आदिवासी समाज अपने वीर रणबांकुरों के शौर्य पराक्रम गौरवशाली वीरता को यादकर प्रति वर्ष दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में सामाजिक सम्मेलन कर आराध्य ईष्टदेवी मां विंध्यवासिनी की पूजा पाठ कर वीर घाटी में वीरों को याद करते हैं। इस दिशा में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मानने सभी ऐतिहासिक स्थलों को संरक्षित और चीर स्मरणीय रखने छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रतिनिधि मंडल के विधानसभा केशकाल के विधायक नीलकंठ टेकाम पूर्व आईएएस अधिकारी प्रदेशाध्यक्ष गोंडवाना गोंड समाज छत्तीसगढ़ लोकेन्द्रसिंह कुमर्रा राष्ट्रीय महासचिव गोंडवाना गोंड समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रदेश प्रमुख पदाधिकारी गण आर एन ध्रुव प्रांताध्यक्ष एस पी ध्रुव महासचिव एम एल ध्रुव कार्यवाहक जिलाध्यक्ष एवं जिला महासमुन्द से डी डी मांझी जिला प्रमुख सर्व आदिवासी समाज अनंत वर्मा सुरेन्द्र भोई गोलू रावल आदि की निरीक्षण टीम सरायपाली पहुंचने पर प्रशासनिक अधिकारी श्रीधर पण्डा तहसीलदार राजस्व विभाग एवं पुलिस प्रशासन सरायपाली मौजूद रहे। जहां अमृतलाल जगत ब्लाक अध्यक्ष बसना चुम्मनलाल पुहुप युवराज रावल राजेन्द्र सिंह सिदार गणेशराम सिदार क्षेत्रोलाल सिदार अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज सरायपाली ने विधायक नीलकंठ टेकाम और उनके टीम का आदिवासी संस्कृति परम्परा अनुसार पीलाअक्षत से तिलक वंदन गुलदस्ता भेंटकर जय बुढ़ादेव सेवा जोहार अभिवादन के साथ स्वागत सम्मान किये तत्पश्चात ऐतिहासिक वीर रणस्थली रणभूमि क्षेत्र का निरीक्षण करने चिवराकुटा पहुंचे जहां बिंझवार आदिवासी प्रमुख टीमन बरिहा पुजारी राजकुमार बरिहा रूषबो बरिहा बैशाखू बरिहा नित्यानंद बरिहा दुबराज बरिहा अनंतराम बिसी जगदीश चौहान ब्लाक अध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण संघ सरायपाली विरेन्द्र चंद्रवंशी तिलक पटेल आदि बहु संख्या में आदिवासी समाज सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। निरीक्षण टीम के प्रमुख श्री टेकाम ने इस ऐतिहासिक वीर रणस्थली भूमि वीर घाटी को पर्यटन एवं ऐतिहासिक दर्शनीय धरोहर के रूप में विकसित करवाने की दिशा में छत्तीसगढ़ शासन से हर संभव प्रयास करने और यह छत्तीसगढ़ और ओडिशा दोनों राज्यों को ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत बंधुत्व का एक मिसाल बनाने का आश्वासन दिया।

## शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर गीतिनाट्य का आयोजन



**सरायपाली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली में शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं ने हिन्दी विषय शिक्षक प्राचार्य प्रेमानन्द भोई के मार्गदर्शन और शिक्षक सुशांत प्रधान के निर्देशन में वीरनारायण सिंह के जीवन पर आधारित गीतनाट्य प्रस्तुत किया। ज्ञात हो कि कक्षा दसवीं हिन्दी विषय का एक पाठ अमर शहीद वीर नारायण सिंह है।प्रस्तुति में बताया गया कि किस तरह से सोनाखान महान वीर सपूत वीरनारायण सिंह का योगदान छत्तीसगढ़ के लोगों को संगठित करने, जनता की सेवा करने और देश को आजाद करने,माखन व्यापारी के गोदाम से अनाज निकालकर, अकाल पीड़ित लोगों की मदद करने, जन समुदाय को अंग्रेजों से लोहा लेने के लिए प्रेरित करने,और स्वतंत्रता की बलिवेदी पर अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजाद करने में राह।इस गीतनाट्य को प्रस्तुत करने में अमीषा पटेल, अरमान साहू, बालेश्वर,चांदनी दीपक, धनेश्वरी, डिंपल, गंगाधर यादव हर्ष साहू, जागृति, जयकिशन, कामिनी, ममता, परी, वैष्णव, पूजा, रुपा यादव, साधनी, तुषार बाघ, तुषार साहू, यामिनी साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। हर्ष साहू ने वीर नारायण सिंह की भूमिका निभाई। इस अवसर पर टेकलाल पटेल,कृष्ण कुमार नायक, दुबेलाल पोर्ते,शरद कुमार बाघ,रोहित साहू, सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

## किसानों को बरदाना तक उपलब्ध नहीं करा पा रही भाजपा सरकार : चातुरी नंद



**सरायपाली।** विधानसभा में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर धान खरीदी में किसानों को हो रही परेशानियों को लेकर ब्लाक स्तरीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक नंद ने कहा कि पूरे प्रदेश में धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था से किसान परेशान है। सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रों में बारदाने की भारी कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने में परेशान होना पड़ रहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश के अनुसार 50 प्रतिशत नये, 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाना है लेकिन 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। पुराने बारदाने फ्टे हुये है जिसमें धान भरा ही नहीं जा सकता, किसानों से कहा जा रहा 50 प्रतिशत बारदानो की व्यवस्था स्वयं करो उसका भुगतान किया जायेगा, लेकिन किसानों के बारदाने का पैसा भी नहीं मिल रहा। विधायक नंद ने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है, जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा, नंबर ही नहीं आ रहा। टोकन कटने की तारीख से 7 से 10 दिन बाद धान बेचने के लिये किसानों को बुलाया जा रहा है।

# सेवा समिति के द्वारा पूर्व की भांति इस बार भी एक और महिला का घर बनाने का बीड़ा उठाया

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



नगर की समाज सेवी संस्था हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति के द्वारा पूर्व की भांति इस बार भी एक और महिला का घर बनाने का बीड़ा उठाया हुआ है। महिला का नाम रुक्मणी विश्वकर्मा उम्र लगभग 40 वर्ष की है। उनके पति का निधन 4 वर्ष पहले हो चुकी है। उनके परिवार में उनका 10 वर्षीय बेटे के अलावा और कोई नहीं है। उनका बेटा दल्ली राजहरा के एक समाजसेवी संस्था के स्कूल में पढ़ाई करता है। वही रुक्मणी विश्वकर्मा लोगों के घर में चौका बर्तन का काम कर अपनी तथा अपने बेटे के भरण पोषण करती है द्य रुक्मणी विश्वकर्मा ने बताया कि इस बरसात में कमजोर मिट्टी का घर भर भरा कर गिर गया। नगर पालिका की ओर से 4000 की सहायता राशि तो दी गई। लेकिन इस महंगाई के जमाने में 4000 से कुछ नहीं हो पा रहा है और बचत पूंजी भी कुछ नहीं है जिससे घर बनाया जा सके। वर्तमान में वह किराए के घर में रहती है। कानून का मापदंड ऐसा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ रुक्मिणी बाई को नहीं मिल सकता । इसलिए घर बनाने के लिए हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति दल्ली राजहरा की ओर पहल की गई है और सीमित की ओर से रुक्मणी विश्वकर्मा के लिए घर बनाने का बीड़ा उठाया गया है। समिति के अध्यक्ष जीवन साहू ने बताया की घर बनाने के साथ-साथ हमारा प्रयास भी रहेगा की इनके घर में बिजली भी लगा कर दे। इसके लिए हम सभी दान दाताओं से भी सहयोग की अपील करते हैं। भूमि पूजन के कार्य क्रम में संस्था के अध्यक्ष जीवन साहू और सचिव भोज राम साहू समिति के मार्गदर्शन एवं अन्य सदस्य शिव प्रसाद साहू, ममता नेताम, बचित्तर सिह संधू, मिलाप कुर्रे, विकास गजभिए , सुरेंद्र कुमार, रोहित कुमार साहू और किशोर कराडे के आलावा रुक्मणी विश्वकर्मा और मोहल्ले वासी उपस्थिति थे।

# ब्राह्मण पारा वार्ड 44 में पानी की समस्या को लेकर सारथी चौक पर धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




अमृतमिशन के पाइप से विगत डेढ़ साल से वार्ड के बहुत बड़े क्षेत्र की जनता को पानी का एक बूंद भी नहीं मिल पा रहा है। वार्ड वासी बून्द बून्द को तरस रहे हैं। जिसके तहत ब्राह्मण पारा वार्ड पार्षद सरिता आकाश दुबे के नेतृत्व में आज दोपहर 2 बजे सारथी चौक पर बृहद धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में वार्ड की माताएं, बहनें उपस्थित हुई। हम सभी का साथ देने भाजपा पार्षद दल की नेताप्रतिपक्ष सम्मानीय मीनल चौबे, सम्मानीय उप नेताप्रतिपक्ष मनोज वर्मा भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता सम्मानीय मृत्युंजय दुबे, ब्राह्मण पारा वार्ड के पूर्व पार्षद आकाश दुबे, सदर बाजार पार्षद प्रतिनिधि मुकेश कंदोई , अमिताभ दुबे, ब्राह्मण पारा वार्ड के बूथ अध्यक्ष आकाश पांडे, आनंद भोई, दुर्गा देवांगन एवम भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्तागण उपस्थित हुए। नगर निगम उपायुक्त विनोद पांडे, उपायुक्त कृष्णा खटीक, ज़ोन 4 कमिश्नर अरुण ध्रुव के द्वारा धरना स्थल सारथी चौक पर पहुंचकर ज्ञापन लिया। जिसमें आयुक्त द्वारा तत्काल कार्य प्रारंभ करने का आदेश दिया गया। धरना प्रदर्शन में उपस्थित सभी का आभार।

# 10 लाख 40 हजार रूपये के सीसी रोड़ निर्माण का भूमि पूजन किया विधायक दीपेश ने

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

परिक्षेत्रीय एवं क्षेत्रीय साहू समाज द्वारा ग्राम जेवरी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भक्त माता कर्मा की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया द्य तत्पश्चात साहू समाज एवं सर्व समाज के वरिष्ठ नागरिकों का श्रीफल एवं साल भेंटकर विधायक दीपेश साहू के हाथों सम्मान किया गया।

**10 लाख 40 हजार रूपये के सीसी रोड़ निर्माण का किया भूमिपूजन**

कार्यक्रम के दौरान विधायक दीपेश साहू जनता की सुविधाओं को ध्यान मे रखते हुए समृद्धि बेमेतरा की उदेश्य और ग्रामवासियो की मांग को पूरा करते हुए आनंद किराना दुकान से उत्तरा दिवाकर के घर तक 200 मीटर सीसी रोड़ 5 लाख 20 हजार रुपए,बाजार चौक से रेवा साहू के घर तक 200 मीटर 5 लाख 20 हजार रूपये के सीसी निर्माण का भूमि पूजन क़र ग्रामवासियो को बधाई दी। इस प्रकार कुल मिलाकर 10 लाख 40 हजार के विकाश कार्यों का भूमि पूजन किया द्य इस दौरान समाजनों के मांग पर 20 लाख रूपये के कर्मा

## विधायक साहू कर्मा भवन निर्माण का किया घोषणा



भवन की घोषणा भी किया।

**प्रधानमंत्री आवास के लिए छूटे लोगों को मिलेगा जल्द लाभ**

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि विधानसभा चुनाव के पहले चाहे जो भी स्थिति रहा हो द्य अपने पीएम मोदी की गारंटी पर विश्वास किया और छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाई और विष्णुदेव साय पर भरोसा जताया द्य छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए महिलाओं की खाते में 1000 पहुंच रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय की नेतृत्व वाली सरकार में हम विकाश कार्य से कोई कमी आने नहीं देंगे द्य प्रधानमंत्री आवास के लिए जिनका भी नाम छूटा होगा उन्हें इनका लाभ जल्द मिलेगा द्य हमारे किसान भाइयों को 3100 रुपए की भाव की दर से धान खरीदी जा रही है जिससे किसानों के चेहरे में स्पष्ट खुशी झलक रही है। उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को सलेंडर गैस प्रदान किया जा रहा है द्य कच्चा आवास को ध्यान में रखते हुए गरीब किसान भाइयों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्रदान किया जा रहा है द्य किसान सम्मान निधि के तहत साल 6 हजार किसान भाइयों को केंद्र सरकार द्वारा सीधे उनके खाते में ट्रांसफ़र किया जाने है जिससे 4 किसान खेती बाड़ी के दिनो में उनका उपयोग कर जरूरत के चीजों को पूरा कर रहे है इस प्रकार मोदी के गारंटी के किए गए वादों को डबल इंजन की सरकार के साय साय छत्तीसगढ़ में विकाश की बौछार हो रही है। इस दौरान झूमुख साहू परिक्षेत्रीय अध्यक्ष, लाल सिंह साहू, गिरधारी साहू, टीकाराम साहू, कोमल साहू, हेमकुमार साहू, संचालक जितेंद्र साहू , डोमन साहू, पंचराम डंडे सरपंच, योगेश साहू उपसरपंच, वेद प्रकाश साहू, राम सिंह साहू, दुलेश्वर साहू, मुक्तानंद साहू, नेतराम साहू, फल्गु साहू, माधव दास, मोहित साहू, झम्मनपुरी गोस्वामी, उत्तम कुमार, कुबेर, लक्ष्मी साहू, पुष्पा साहू, मोहित साहू, अशोक साहू, आनंद साहू एवं समस्त समाज के वरिष्ठ सामाजिक बंधु साहू समाज के पदाधिकारी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# शांतिनिकेतन महाविद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव उमंग उल्लास 2024 प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





शांतिनिकेतन महाविद्यालय चंगोराभाठा रायपुर में दिनांक 10 दिसंबर 2024 से वार्षिक खेल महोत्सव उमंग उल्लास 2024 का प्रारंभ हुआ। इस आयोजन में महाविद्यालय के संचालक मुकेश गुप्ता ऋषभ गुप्ता एवं प्रभारी प्राचार्य बंशीलाल सुर्गे एवं उप प्राचार्य अनिरुद्ध तिवारी के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माता सरस्वती की फ ोटो पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। महाविद्यालय के बीएससी बीसीए बीकॉम पीजीडीसीए डीसीए एमएससी सभी कक्षा एवं सभी वर्गो के विद्यार्थीयों की प्रतियोगिता में भागीदारी रही। वार्षिक खेल महोत्सव उमंग उल्लास 2024 के प्रथम दिवस के अंतर्गत शतरंज, थ्री लैग रेस , खो खो 1 मिनट गेम शो और बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों का उत्साह एवं इस पूर्ति देखते ही बनता था प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया वह विजेता घोषित हुए त्रिदिवसीय स्पोर्ट्स हेड असि प्रोफेसर अजय पटेल एवं असिस्टेंट प्रोफेसर योगेश साहू एवं कार्यक्रम इंचार्ज डॉक्टर अलका मिश्रा की देखरेख में कार्यक्रम का संचालन किया गया। सभी सहायक अध्यापक प्रदीप घोष ,दीक्षा ठाकुर, प्रियंका चंद्राकर, संजू साहू, शिखा शर्मा, सुरभि शर्मा, पूर्णिमा पटेल, ख्याति वर्मा एवं हर्षिता राजपूत ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं की जिम्मेदारी लेकर प्रतियोगिताओं को संपन्न कराया एवं पूरे कार्यक्रम तक उपस्थित रह कर विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते रहे। सभी विजयी रहे विद्यार्थियों को संचालक मुकेश गुप्ता डायरेक्टर ऋषभ गुप्ता, समस्त महाविधालय स्टाफ की ओर से बधाइयां दी।

# कोंडागांव महाविद्यालय के एमएससी रसायन के छात्र-छात्राओं द्वारा नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण

पायनियर संवाददाता ➤ कोंडागांव
www.dailypioneer.com




शासकीय गुंडाधुर महाविद्यालय कोंडागांव के एमएससी रसायन शास्त्र के छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य डॉ सीआर पटेल के निर्देशन और रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अल्का शुक्ला, प्राध्यापक नसीर अहमद व नीता नेताम के मार्गदर्शन में एनएमडीसी स्टील प्लांट नगरनार का शैक्षणिक भ्रमण किया। सर्वप्रथम डॉ. प्रशांत शर्मा और आकांक्षा पांडे द्वारा एनएमडीसी प्लांट के इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें उन्होंने बताया कि, इस प्लांट से 3 मिलियन टन स्टील का उत्पादन प्रतिवर्ष होता हैं और स्टील निर्माण हेतु कच्चे माल के रूप में लौह अयस्क किरंदुल से एवं कोयला ऑस्ट्रेलिया से आयात किया जाता है। तत्पश्चात उन्होंने प्लांट में स्थित विभिन्न प्रयोगशालाओं एवं स्टील निर्माण की प्रक्रिया के विषय में क्रमवार जानकारी प्रदान की। छात्र-छात्राओं को आरएम एचएस लैब, कोक ओवन लैब, सीडीसीपी लैब, एचएमडीएस लैब, मेटलर्जिकल लैब, सिंटर प्लांट लैब, एसएमएस लैब आदि प्रयोगशालाओं में भ्रमण के साथ साथ यहां कार्यरत लैब इंचार्ज और टेक्नीशियन मैत्री सुकुमारी, संतोष पटेल, कौशल प्रधान, रूपेश तिवारी, श्रवण कुमार, एम. वेंकटेश, शिवेंद्र जायसवाल, चल्ला साई, नितेश कुमार, आकाश सोनी, नंदकिशोर, एल पी आनंद, अनिल कुमार, डी नागमणी, कुसुम डहरिया,मो. जाहिद इकबाल, निर्मल साहू, पुरुषोत्तम बहेरा, सी के पांडे, गोपाल साहू, समिता दास, निशा चौधरी, शिवानी मित्रा, अमन बजाज, करण कुमार, उत्तम रजवार (लैब प्रभारी) ने इनमें होने वाले विभिन्न प्रक्रमों को दिखाया और इनमें विभिन्न अत्याधुनिक उपकरणों जैसे गैस क्रोमेटोग्राफी, यूवी स्पेक्ट्रोस्कोपी, एक्स-रे फ्लुओरोसेंस स्पेक्ट्रोमेट्री, ऑप्टिकल एमिसन स्पेक्ट्रोस्कोपी, कोक रिएक्टिविटी इंडेक्स, ऑरसेट उपकरण, डीन एवं स्टार्क उपकरण, रिडक्टेबिलीटी इंडेक्स एवं रिडक्शन डिग्रेडेशन इंडेक्स आदि के सिद्धांत एवं कार्यप्रणाली के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। प्रयोगशाला भ्रमण की समस्त औपचारिकताएं और समन्वय एनएसएल के असिस्टेंट जनरल मैनेजर अनिल कोलार व उनके सहयोगी अखिल द्वारा संपन्न की गई और भ्रमण के पश्चात स्टील प्लांट और वैश्विक स्तर पर इन प्लांट्स के आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभावों की बड़े रोचक तरीके से चर्चा की व स्टील प्लांट की वर्तमान स्थिति एवं चुनौतियों के विषय में जानकारी दी और इन्होने एनएमडीसी प्लांट के देश की अर्थव्यवस्था एवं पर्यावरण पर प्रभाव के विषय में विस्तारपूर्वक बताया एवं छात्र छात्राओं से पर्यावरण संरक्षण हेतु आग्रह किया। इस पूरे भ्रमण के दौरान एनएसएल से माधुरी साहु व सोनी सिंह (लैब प्रभारी) छात्रों के साथ उपस्थित रहे। भ्रमण में महाविद्यालय की केमिकल सोसायटी के अध्यक्ष उत्तम साहू, उपाध्यक्ष चंचला हालदार, सचिव तरुण सेठिया, उपसचिव श्वेता सिंह, आशुतोष, मानसी, मीखा, कीर्ति, अनुराधा, अगोनतीन, नमिता, रामायण, गीतेश, यामिनी, मनिता, करीना, कांति, राजेश्वरी, शारदा, गिरजाधर आदि उपस्थित रहे। ज्ञातव्य हैं कि, रसायन विभाग की केमिकल सोसायटी द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं कौशल विकास हेतु समय-समय पर विभिन्न शैक्षणिक भ्रमण, सेमिनार, कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जाता है, जिससे सभी छात्र-छात्राएं लाभान्वित होते हैं।

# सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद कोंडागांव में स्वच्छता पखवाड़े का शुभारम्भ दिनांक 9 दिसंबर से किया जा रहा हैं। इसी क्रम में दिन मंगलवार को शहर के बंधा तालाब में सफाई अभियान का आयोजन किया गया, जिसमे स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वच्छता के महत्व को बताया गया। मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार सरकार के गठन के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 9 से 20 दिसंबर के मध्य समस्त नगरी निकायों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किए जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुए हैं। जिसमें राज्य शासन द्वारा विगत 1 वर्ष से विभिन्न जनहित कार्य योजना, गतिविधियों के माध्यम से लाभान्वित हितग्राहियों तक योजनाओं की जानकारी समुचित प्रचार प्रसार करने के साथ-साथ सम्मान समारोह द्वारा किए गए कार्य को सम्मानित किया जाना प्रस्तावित हैं।

इस आदेश के परिपालन में नगर पालिका परिषद कोंडागांव क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 9 दिसंबर से गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा हैं। जहां मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे की उपस्थिति साइकिल रैली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। 10 दिसंबर को बांधा तालाब की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया और यह गतिविधि लगातार 20 दिसंबर तक चलती हैं जिसमें स्वच्छता का संदेश देने के लिए अलग-अलग माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा हैं। इस अभियान में सीएमओ, दिनेश डे के साथ, रिया तिवारी जिला समन्वयक, संतोष साहू और स्वच्छता दीदियां उपस्थित रहीं।

# नक्सल पीड़ित व समर्पितों को योजनाओं के लाभ हेतु विशेष शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



राज्य शासन द्वारा नक्सल उन्मूलन के प्रयासों के अंतर्गत आत्मसमर्पित नक्सलियों और पीड़ित परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कई पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा ऐसे परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने और शासन के सभी योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके और विकास की नई ऊंचाईयों को छू सके। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार कोंडागांव जिले के आत्मसमर्पित और माओवाद पीड़ित परिवारों के पुनर्वास के लिए शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में माओवाद हिंसा से पीड़ित व्यक्तियों और आत्मसमर्पित के परिवार के सदस्यों को शासन की जनकल्याणकारी योजना का लाभ दिलाने के लिए विशेष शिविर आयोजित की गई, जिसमें विभागीय अधिकारियों द्वारा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई और मौके पर ही हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि, शासन के मंशानुरूप सभी प्रभावितों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास दिलाया जाएगा।

साथ उन्हें रोजगार दिलाने की दिशा में कार्य करते हुए रूचि अनुसार कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सके। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 123 हितग्राहियों का चिन्हांकन किया गया, वहीं 25 मनरेगा जॉब कार्ड, 22 श्रम कार्ड, 13 राशन कार्ड बनाया गया और 11 बैंक खाता खोला गया। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 6 लोगों का पंजीयन किया गया। इसी प्रकार 3 आधार कार्ड, आयुष्मान भारत योजना के तहत 19 आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन योजना के लिए 14 और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 24 आवेदन प्राप्त हुए। स्वच्छ भारत मिशन के तहत व्यक्तिगत शौचालय के लिए 83 हितग्राहियों का चिन्हांकन किया गया। कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए 25 हितग्राहियों ने इच्छा जताई, वहीं कृषि विभाग द्वारा 13 केसीसी और 42 का प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लिए पंजीयन किया गया। साथ ही विद्युत विभाग को 6 घर में विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# अब नगर में होगा डिजिटल इनोवेशन लैब के साथ लाइब्रेरी भी, छात्रों को मिलेंगी कई सुविधाएं

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



आने वाले दिनों में भानुप्रतापपुर नगर में स्टूडेंटस आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में और पारांगत नजर आएंगे। क्योंकि यहां उन्हें नए तरीके से प्रशिक्षित करने की योजना बनाई गई है। शीघ्र ही यहां डिजिटल इनोवेशन लैब की स्थापना कर दी जाएगी। साथ ही लाइब्रेरी की भी स्थापना की जायेगी। इसके लिए जिला कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर और जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने मौके का निरीक्षण किया। भानुप्रतापपुर स्थित खाली पड़े किनारी आश्रम और एकलव्य विद्यालय में निर्माणाधीन लाइब्रेरी और ई डिजिटल लैब का निर्माण किया जा रहा है जिसका उन्होंने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रगति निर्माण कार्य का जायजा लिया और अधिकारियों को समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा विद्यार्थियों के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है इसलिए इसकी गुणवत्ता में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने खंड शिक्षा अधिकारी सदे सिंह कोमरे से जानकारी ली जिस पर उन्होंने ने बताया कि ई डिजिटल लैब और लाइब्रेरी का काम तेजी से चल रहा है। निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। कांकेर जिले में तीन जगहों पर इसका निर्माण किया जा रहा है जिसमे कांकेर, भानुप्रतापपुर और पखांजूर शामिल हैं। इसमें जिले के ही छात्र-छात्राओं कोई एडमिशन दिया जाएगा। वर्तमान में अभी 850 विद्यार्थियों में से फिलहाल 200 विद्यार्थियों को ही लिया गया है। सुबह शाम तीन-तीन घटे यहां पर पढ़ाई होगी। इस डिजिटल इनोवेशन लैब के माध्यम से स्टूडेंटस को अत्याधुनिक तकनीक की शिक्षा दी जाएगी। जिसमें यूपीएससी सीजीपीएससी जेईई नीट 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को दक्ष बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इसी तरह एक ऐप भी तैयार किया गया है। इस भवन में 25 कंप्यूटर होंगे 98 इंच का एलइडी टीवी समेत कई प्रकार के तकनीकी से लैस किया जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नई शिक्षा और ज्ञानवर्धन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देगी।आने वाले दिनों में यहां के छात्र इस आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में दक्ष होकर अपना बेहतर करियर बना पाएंगे। यह छात्रों के करियर विकास के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर जिला कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर के साथ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरीश मंडावी, जनपद पंचायत सीईओ भानुप्रतापपुर अशोक ठाकुर, खंड शिक्षा अधिकारी सदे सिँह कोमरे सहित मौजूद थे।

# धान खरीदी में हो रहें भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेसियों ने दिया एकदिवसीय धरना प्रदर्शन



**किरन्दुल।** प्रदेश में किसानों के साथ हो रही नाइंसाफी एवं धान खरीदी में हो रही अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी किरन्दुल द्वारा बस स्टैंड में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने चुनाव के वक़्त 3100 रु प्रति क्विंटल कि दर से धान खरीदने का वादा किया था लेकिन सत्ता में आते ही अपने वादे को भूल गई एवम किसानों की कोई सूध नहीं ले रहीं हैं। दंतेवाड़ा जिले के मंडियों में 2300 रु प्रति क्विंटल कि दर से अव्यवस्थाओं के बीच धान ख़रीदा जा रहा हैं जो किसानों के साथ नाइंसाफी हैं।धरना प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजू रेड्डी, कांग्रेसी बबलू सिद्दीकी, जॉबिंस पापचंद, रमेश देशमुख, बिमल क्षत्रिय, बंटी टांडी, बी सुशीला, त्रिवेणी वर्मा, भाग्यो देवी, दुर्गा, गीता देवी, युवा कांग्रेस के नौजवान साथियों के साथ महिला कांग्रेस कि कार्यकर्त्ता काफी तादाद में उपस्थित थे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक



**कोंडागांव।** उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव की अध्यक्षता में जिला कोंडागांव, नारायणपुर के समस्त थाना में पदस्थ, समस्त लीगल एड क्लीनिक एवं प्रबंध कार्यालय में कार्यरत अधिकारी मित्र, पैरालीगल वालंटियर्स का एक दिवसीय मासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव ने समस्त अधिकार मित्रों को बताया कि, मोटर वाहन अधिनियम के तहत लागू होने वाले नियमों के बारें में जन जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि सड़क दुर्घटनाओं और यातायात अपराधों को रोका जा सके। इनमें विशेष रूप से ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, वाहन की बीमा और यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में अधिक से अधिक जागरूकता शिविर आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा समस्त अधिकार मित्रों को अधिक से अधिक विधिक साक्षरता शिविर आयोजन कर नालसा एवं सालसा के योजनाओं का प्रचार प्रसार करने और 14 दिंसबर को अयोजित नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक शिविर के माध्यम से प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में चन्द्र प्रकाश कश्यप और मनीषा तिवारी प्रतिधारक अधिवक्ता के द्वारा समस्त अधिकार मित्र को प्रशिक्षण दी गई। इस अवसर पर गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव, चन्द्रप्रकाश कश्यप, मनीषा तिवारी प्रतिधारक अधिवक्ता एवं कोंडागांव और नारायणपुर जिला के समस्त पैरालीगल वालेंटियर उपस्थित रहें।

# अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी व नेशनल लोक अदालत के संबंध में हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 9 दिसंबर को उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के अध्यक्षता में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में मासिक बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में कुणाल दुदावत कलेक्टर कोंडागांव, यशोदा नाग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कौशलेन्द्र देव पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव उपस्थित रहें। बैठक में उन मामलों की समीक्षा की गई जिनमें आरोपी न्यायिक हिरासत में है और उसकी जमानत की पात्रता है की नहीं के संबंध में उसकी स्थिति जांच की जा सके और 14 दिसंबर को आयोजित नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक राजस्व प्रकरणों एवं राजीनामा योग्य प्रकरणों को रखे जाने के संबंध में चर्चा की गई, साथ ही जिला न्यायालय परिसर में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरण नोटिस तामील करवाये जाने नोडल अधिकारी नियुक्त करने के संबंध में चर्चा की गई।

# सड़क से अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो गाड़ी खेत में पलटी

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



टेकातोडा गांव में चढ़ाव के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खेत में जा गिरी। गाड़ी के गिरने से किसी को चोट तो नही आई बल्कि गाड़ी को काफी नुक्सान हुआ है। हादसे के समय स्कॉर्पियो गाड़ी के अंदर 2 लोग सवार थे जो कि सुरक्षित हैं। स्कार्पियो गाड़ी मालिक अशोक खास ने बताया सुबह 7बजे साल्हे जाने वाली बाईपास मार्ग पर अनियंत्रित होकर पलट गई। सामने से आ रही गाड़ी बुलेरो को बचाने के फेर में हमारी गाड़ी पुलिया रेलिंग पर चढ गई इस वजह से गाड़ी सीधे खेत में पलट गई। जिसमें गाड़ी को नुकसान पहुंचा है और हम सभी सुरक्षित है। उन्होने बताया रोड में टर्निंग प्वाइंट पर सकरा पुल बना है। वर्तमान में साल्हे चौंक में सड़क निर्माण कार्य चल रहा है जिसके कारण इस मार्ग पर गाड़ियों काआना जाना ज्यादा हो गया है।

# राज मिस्त्री संघ के अध्यक्ष बने अन्नू नरेटी

**भानुप्रतापपुर।** राज मिस्त्री संघ भानुप्रतापपुर द्वारा बैठक रखी गई। बैठक में भानुप्रतापपुर अंचल के राज मिस्त्री उपस्थित रहे। राज मिस्त्री संघ भानुप्रतापपुर यूनियन का नई कार्यकारणी का गठन हुआ है। जिसमे अन्नू नरेटी को अध्यक्ष बनाया गया है। उपाध्यक्ष शशि उईके को तथा सचिव गन्नू साहू को सह सचिव रोशन साहू कोषाध्यक्ष छबिलाल को मंत्री पिन्दर यादव महामंत्री बिहारी निषाद को बनाया गया है।



# उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु सहकारी समितियों-महिला समूहों एवं ग्राम पंचायतों से 20 दिसंबर तक आवेदन आमंत्रित

**जगदलपुर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बस्तर द्वारा छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 में निहित प्रावधानों के तहत विकासखण्ड बस्तर के निरस्त शासकीय उचित मूल्य दुकान खण्डसरा, जामगांव एवं पखनाकोंगेरा के संचालन हेतु आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समितियों, ग्राम पंचायतों, तीन महीने पहले पंजीकृत महिला स्व सहायता समूहों, वन सुरक्षा समितियों और अन्य पंजीकृत सहकारी समितियों से 20 दिसम्बर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। उक्त श्रेणी में आने वाले संस्थाओं के द्वारा उचित मूल्य दुकान संचालित करने के लिए निर्धारित प्रपत्र में भरे गये आवेदन पत्र बैंक खाता, अंतिम जमा राशि की छायाप्रति, पंजीयन पत्र की छायाप्रति, संचालक मंडल का प्रस्ताव सहित कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बस्तर में 20 दिसम्बर 2024 तक कार्यालयीन समयावधि के भीतर में जमा किया जा सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

# ओवरलोड बसें दौड़ रही हैं सड़कों पर, यात्रियों के सुविधाओं से नहीं है सरोकार किसी को

## बसों में ठूंस कर बैठाया जा रहा सवारियों को एक एक स्लीपर पर बैठाया जाता है दस-दस यात्रियों को

पायनियर संवाददाता ➤ कोंडागांव
www.dailypioneer.com





बस से यात्रा करने वाले बस्तर के यात्रियों को शायद भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है, ना ही जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों को यहां के यात्रियों से कोई सरोकार हैं और नहीं अपने आप को आम जनता का हमदर्द बताने वाले राजनेताओं को आम जनों का दर्द तखलीफ नजर आता है, जिसके चलते आम जनों को मिलो का सफर खड़े-खड़े व एक-एक स्लीपर पर आठ-आठ दस-दस लोगों को ठूंस कर बैठाया जाता हैं, व गरीब आमजन पूरा किराया देने के बाद भी जानवरों से भी बदत्तर यात्रा करने को मजबूर है साथ ही बस संचालकों के दुर्व्यवहार से भी यात्रीगण परेशान हैं। ना ही सीनियर सिटीजनों को नियमानुसार यात्रा में छूट दया जा रहा न यात्रियों के मूलभूत सुविधाओं का रखा जा रहा ख्याल। यात्री बसों के संचालन के कई दिशा निर्देश शासन ने जारी कर रखा हैं। लेकिन उन नियमों को ताक पर रखकर बस संचालक अपनी मनमानी करते हैं ना तो सीनियर सिटीजन को नियमानुसार किराया में छूट दिया जाता हैं और न हीं महिला और बुजुर्गों के लिए किस प्रकार का सीट बसों में आरक्षित कर रखा है संचालकों ने, बड़ी बात तो यह हैं कि, कई यात्रियों को किराया देने के बावजूद भी उन्हें किराया का टिकट नहीं दिया जाता। ऐसा ही एक मामला देखने को मिला जब एक निजी कंपनी के यात्री बस में बस की क्षमता से ज्यादा यात्रियों को ठूंस ठूंस कर बैठाया जा रहा था। उक्त बस सीजी 19 ई 1021 जगदलपुर से सुबह 9 बजे रायपुर के लिए निकली थी, उक्त बस में क्षमता से ज्यादा यात्रीयो को बैठाया जा रहा था। वहीं बस संचालकों के द्वारा यात्रियों से दुर्व्यवहार भी किया जा रहा था। कई यात्रियों को किराया देने के बावजूद भी मांगने पर टिकट नही दिया गया, आखिर किसकी शह पर बस संचालक इतने बेलग़ाम हो चले हैं।

### जिम्मेदार विभाग इन यात्री बसों पर नहीं रखती निगरानी या जान बूझकर किया जाता है खानापूर्ति

अगर जिम्मेदार विभागीय अधिकारी लगातार इन यात्री बसों की मॉनिटरिंग करें तो यह स्थिति निर्मित ही नहीं होती लेकिन शायद जिम्मेदार अधिकारी केवल खानापूर्ति कर अपने कर्तव्य का इतिश्री कर देते हैं, उक्त मामले पर दुरभाष से कोंडागांव कोतवाली प्रभारी को मामले की जानकारी देने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने फोन ही रिशिव नही किया। वहीं परिवहन अधिकारी कोंडागांव अतुल अस्यया को भी दूरभाष के माध्यम से जानकारी दी गई। जिस पर उन्होंने कहा कि, वह बाहर ट्रेनिंग के लिए आए हैं वही मामले पर उन्होंने कहा अगर पुलिस बल मिलेगा तो वे अपने कर्मचारियों को भेज देंगे जांच कार्यवाही के लिए अब देखने वाली बात है कि उक्त मामले पर किस प्रकार की कार्यवाही होती है और इस प्रकार की बेलगाम बसों के कार्य प्रणाली पर पर कब तक अंकुश लग सकेगा।

# महतारी वंदन योजना की सहायता एकल महिला पदमा के लिए बना वरदान

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



राज्य सरकार की नवीनतम महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए घर-परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए उपयोगी साबित हो रही है। विकासखण्ड तोकापाल अंतर्गत एरण्डवाल निवासी एकल महिला पदमा कच्छ इस योजना की सहायता को स्वयं के लिए वरदान मानकर सरकार को धन्यवाद देती हैं। पदमा राज्य सरकार की इस योजना की सहायता मिलने से भावुक होकर कहती हैं कि पति के गुजरने के बाद उसे अपने भरण-पोषण के लिए केवल विधवा पेंशन ही सहारा था लेकिन अब उक्त योजना की मदद उसे जीवन में एक नई आस जगा दी है। पदमा ने बताया कि उसे सरकार की ओर से निराश्रित लोगों के लिए प्रावधानित अंत्योदय राशन कार्ड से हर महीने 10 किलोग्राम निःशुल्क चावल भी मिल रहा है। जिससे जीवन-यापन में बहुत सहूलियत हो रही है। उसने कहा कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाली सहायता राशि का उपयोग घरेलू जरूरत को पूरा करने के साथ थोड़ी राशि बचत कर रही हैं ताकि आड़े वक्त में काम आ सके। ज्ञात हो कि प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन सहित उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने और समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता को दूर करने एवं जागरूकता लाने, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार करने तथा आर्थिक स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना लागू किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके अंतर्गत पात्र विवाहित और एकल महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिले को दिया विभिन्न विकास कार्यों की सौगात

## 41 करोड़ 93 लाख 50 हजार रूपए के 122 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 150 करोड़ 15 लाख 19 हजार रूपए के 120 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल






पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 10 दिसंबर को शहीद वीरनारायण सिंह जी के जन्मभूमि एवं कर्मभूमि सोनाखान में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पहुंचें। इस दौरान उन्होंने जिले के 192 करोड़ 8 लाख 69 हजार रूपए के 242 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें कुल 41 करोड़ 93 लाख 50 हजार रूपए के 122 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 150 करोड़ 15 लाख 19 हजार रूपए के 120 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 3 केएलडब्ल्यू फिकल स्लज मैनेजमेंट प्लांट निर्माण कार्य देवरी 24.78 लाख, छरछेद 29.63 लाख, ओडान 30.62 लाख,सी.सी.रोड निर्माण कार्य ओटेबंद 19.60 लाख, अकोली 10.67, हसदा 19.66 लाख, हरदी 2 लाख, हरदी 2 लाख, क्रांक्रिटीकरण बाजार चौक 8 लाख रूपये, सांस्कृतिक भवन निर्माण मोतीपुर 10 लाख, मुड़ियाडीह 10 लाख रूपये, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा भाटापारा में आदिवासी समाज के समाजिक भवन (सुरखी रोड) अहाता निर्माण 22 लाख,सीसी रोड 25 लाख, तेलासीपूरी धाम में मेन रोड से मंदिर तक सीसी रोड 25.31 लाख, गैतेरा मेन रोड़ से श्मशान घाट बोहरडीह 31.63 लाख, सोनाखान सीसी रोड 18.40 लाख, सीसी रोड़ आत्मानंद सोनाखन तक 18.40 लाख, लोक निर्माण विभाग द्वारा वि. खं. बलौदाबाजार के ग्राम अहिल्या (अहिल्दा) में पशु चिकित्सालय भवन का निर्माण 16.66 लाख,वि. खं. पलारी के ग्राम कोसमंदी में पशु चिकित्साल भवन का निर्माण 16.66 लाख,जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में 08 लेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रेक निर्माण कार्य 805 लाख,कार्यपालन अभियंता परियोजना क्रियान्वयन इकाई छ.ग. ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण द्वारा सेमरिया से एम.डी.आर.12.49 लाख,सूरजपूरा से एमडीआर 15.76 लाख,एल बोरसी से पाटन37.47 लाख, सूमा से तरेंगा 56.03 डूमरपाली से छतवन 256.75, कार्यपालन अभियंता जल प्रबंध संभाग क्रमांक 02 बलौदाबाजार द्वारा लवन शाखा नहर के आर. डी. 21600 मी. पर व्ही आर. बी. पुनर्निर्माण कार्य एवं चितावर माईनर परसापाली सब माईनर का सी. सी. लाईनिंग एवं पक्के संरचनाओं का पुर्ननिर्माण कार्य 369.02,बलौदाबाजार शाखा नहर के 05 नग ड्रेनेज कासिंग आर.डी. 100.38 कि.मी. 38.22 कि.मी. 41.00 कि.मी. 41.483 कि.मी 44.074 कि.मी. का पुनर्निर्माण कार्य 339.41 लाख,ठाकुरदिया व्यपवर्तन योजना का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य 130.97 लाख,महिला एवं बाल विकास विभाग द्वाराआंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य अमेरा, आमाकोहा, भंवरीद, अमेरा, सिंधोरा, जुनवानी, सलोनी, छरछेद 11.69-11.69 लाख, नगर पंचायत सिमगा द्वारा वार्ड क्रमांक 01 इन्दोरिया के घर से राजेश कुंभकार के घर तक सी. सी. रोड निर्माण 5.48 लाख,वार्ड क्रमांक 01 मजार के पास पेवर ब्लॉक निर्माण 5.65 लाख, वार्ड क्रमांक 01 अनिल सोनकर के घर से सोनकर बाड़ी तक पी. सी. सी. नाली निर्माण 2.62 लाख, वार्ड क्रमांक 02 संतोषी मंदिर से रामू किराना स्टोर तक सी.सी. रोड 5.34 लाख,वार्ड क्रमांक 02 रामदयाल यादव के घर से प्रहलाद सोनकर के घर तक सी.सी.रोड 6.33 लाख,वार्ड क्रमांक 02 बीसू सोनकर से महेश सोनकर के बाड़ी तक सी. सी. रोड निर्माण 4.56 लाख,वार्ड क्रमांक 03 बहोरन ताम्रकार के घर से माधो ध्रुव के घर तक सी. सी. रोड निर्माण 16.55 लाख,वार्ड क्रमांक 03 शीतला मंदिर से देवांगन पंचायत भवन तक सी. सी. रोड निर्माण 6.72 लाख, वार्ड क्रमांक 03 गोलू अवस्थी के घर से बहोरन ताम्रकार के घर तक सी. सी. रोड निर्माण 2.19 लाख,वार्ड क्रमांक 04 बिलासपुर रोड से देवांगन पंचायत भवन तक सी. सी. रोड निर्माण 9.25 लाख, वार्ड क्रमांक 05 वली मोहम्मद के घर से यादव के घर तक सी. सी. रोड निर्माण 1.72 लाख,वार्ड क्रमांक 06 घासी किराना से बर चौक तक सी.सी.रोड निर्माण 5.27,वार्ड क्रमांक 06 अजय उपाध्याय के घर से संतोष साहू के घर तक सी.सी. रोड निर्माण 1.88लाख,वार्ड क्रमांक 07 मोहन यदु डायरी से मुक्तिधाम तक सी. सी. रोड 19.83 लाख,वार्ड क्रमांक 09 में लखन के घर से बोरवेल तक सी. सी. रोड निर्मान 4.10 लाख,वार्ड क्रमांक 09 गणेश के घर से शर्मा के घर तक आर. सी.सी. नाली निर्माण 1.13 लाख,वार्ड क्रमांक 10 जैत खाम से रवि मार्कण्डेय के घर तक सी.सी. रोड निर्माण 5.07 लाख,वार्ड क्रमांक 10 नया गार्डन में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य 9.95 लाख,वार्ड क्रमांक 11 जैत खाम से बंजारे के घर तक सी. सी. रोड निर्माण 2.03 लाख।

# अब तक जिले में 1500 से अधिक लोगों का हुआ प्रकृति परीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

देश का प्रकृति परीक्षण' अभियान पूरे देश में 26 नवम्बर से जारी है जो कि 25 दिसम्बर 2024 तक समस्त आयुष संस्थाओं में होगा। संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देशानुसार व जिला आयुष अधिकारी महासमुंद डॉ. प्रवीण चंद्राकर के मार्गदर्शन में पूरे जिले में समस्त आयुष संस्थाओं में प्रकृति परीक्षण का कार्य सक्रिय रूप से जारी है। जिले में कार्यरत निजी चिकित्सक जो कि आयुर्वेद की प्रैक्टिस कर रहे हैं और आयुर्वेद चिकित्सक के रूप में राज्य में पंजीकृत हैं उनके यहां भी यह प्रकृति परीक्षण पूर्णरूप से निःशुल्क है। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. अनुसुइया अग्रवाल का 9 दिसम्बर को प्रकृति परीक्षण किया गया व वहाँ के विद्यार्थियों को कार्यशाला आयोजित करके प्रकृति परीक्षण की उपयोगिता के बारे में जागरूक किया एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं को भी इस बारे में जानकारी दी गई। शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक महासमुंद में कार्यरत आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.सर्वेश दुबे द्वारा प्रकृति से संबंधित कार्यशाला में व्याख्यान दिया गया। पॉली क्लिनिक महासमुंद में कार्यरत आयुष चिकित्सक डॉ. रागिनी गुप्ता व नर्सिंग सिस्टर श्रीमती मेरी रोस खाखा उपस्थित रहीं। जी एन एम ट्रेनिंग सेंटर की प्राचार्य व वहाँ के विद्यार्थियों द्वारा सक्रिय रूप से प्रकृति परीक्षण कराया गया। अब तक जिले में 1500 से अधिक लोग अपना प्रकृति परीक्षण करवा चुके हैं। आयुर्वेद के सिद्धांत के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति के प्रकृति का निर्धारण उसके गर्भ में रहने के दौरान ही हो जाता है और वह प्रकृति पूरे जीवन अपरिवर्तनीय रहती है। प्रकृति परीक्षण के उपरांत व्यक्ति को उसके प्रकृति के अनुसार आहार विहार आदि की जानकारी उसके मोबाइल में तत्काल प्राप्त हो जाती है, प्रकृति के प्रमाणपत्र के साथ साथ। प्रकृति प्रमाणपत्र पूरे जीवन उस व्यक्ति के आयुर्वेद की चिकित्सा के समुचित निर्धारण में उपयोगी रहेगा। प्रकृति परीक्षण 18 वर्ष से 70 वर्ष तक के प्रत्येक नागरिक का किया जा रहा है। हर वह व्यक्ति जो कि एंड्रॉयड मोबाइल के साथ है आयुष की संस्थाओं में जाकर अपने प्रकृति का परीक्षण करवा सकता है।

# धोखाघड़ी मामले में चार साल से फरार आरोपी को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



पुलिस चौकी करेली बड़ी थाना मगरलोड, थाना कुरूद में दर्ज धोखाधड़ी मामले में थाना मगरलोड में अप.क्र.149/21 धारा 409, 420, 34 आईपीसी एवं करेली बड़ी चौकी के अप.क्र. 08/2021 धारा 420, 406, 34, आईपीसी तथा थाना कुरूद के अप.क्र.605/22 धारा 420, 34 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध मामले में आरोपी गणेश यादव तथा भूपेन्द्र सेन आदि लोगों ने मिलकर कुरूद, मगरलोड, करेली बड़ी में संचालित बिहान योजना में की धोखाधड़ी करने के मामले अलग अलग शिकायत पर आरोपी गणेश यादव को पूर्व ही गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया था जिसमें आरोपी भूपेंद्र सेन करीब 4 वर्षो से फरार चल रहा था और कोंडागांव, जगदलपुर जिलों में लुक छिप कर रह रहा था जिसके लिए चौकी करेली बड़ी लगातार मुखबिर के माध्यम पतासाजी की जा रही थी। मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी चोरी छिपे रात में अपने निवास कुरूद पहुंचा है। सूचना मिलते ही चौकी करेली बड़ी के पुलिस टीम ने घेराबंदी कर फरार चल रहे आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी करेली बड़ी उप निरी. अजय सिंह, सउनि तुलसी मिथलेश, प्रआर हेमंत उइके, मेघराज निषाद, आर. विश्वजीत वर्मा, रितेश साहू, खोमेश्वर दास, यशवंत लहरी का विशेष योगदान रहा।

# विष्णु सुशासन के एक साल पूर्ण होने पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के एक साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश सहित जिले में भी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों का सम्मान किया जा रहा है। वहीं अमृत सरोवर, तालाबों, सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई सहित एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण भी किया जा रहा है। जिले में आज जहां कृषि विभाग द्वारा सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने पर धमतरी विकासखण्ड के आमदी, कुरूद और मगरलोड के कृषि उपज मंडी तथा नगरी विकासखण्ड के दमकाडीह में कृषक संगोष्ठी आयोजित की गई और कृषक उन्नति योजना के तहत लाभान्वित किसानों तथा प्रगतिशील किसानों का सम्मान किया गया। इनमें 12 उत्कृष्ठ किसानों और कृषक उन्नति योजना के तहत लाभान्वित 31 किसानों का सम्मान किया गया। वहीं सहकारिता विभाग द्वारा अछोटा, कण्डेल, डोमा, कुरूद, कोड़ेबोड़, मगरलोड, करेली बड़ी, मंदरौद, नगरी एवं सिहावा में उपस्थित किसानों को शॉल.श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही जनहितकारी और किसान हितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इनमें फसल चक्र परिवर्तन के लाभ, बिना ब्याज के अल्पकालीन ऋण वितरण, कॉमन सर्विस सेन्टर, प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र, माइक्रो एटीएम के माध्यम से किसानों को त्वरित भुगतान के संबंध में बताया गया। इसके अलावा जिले के अमृत सरोवरों, तालाबों की साफसफाई, एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया। वहीं पॉलीटेक्निक कॉलेज रूद्री में विद्यार्थियों द्वारा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। कुरूद में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, ग्रीन आर्मी की महिलाएं, स्कूली विद्यार्थियों द्वारा कारगिल चौक तक रैली निकाली गई और साफ सफाई कर स्वच्छता संबंधी शपथ ली गई। इसके साथ ही श्रम विभाग की ओर से ग्राम पंचायत कोसमर्रा में श्रमिक सम्मेलन आयोजित कर श्रमिकों का पंजीयन और नवीनीकरण किया गया। इसके साथ ही श्रमेव जयते एप्प की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा हितग्राहियों को श्रमिक कार्ड का वितरण किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, श्रम विभाग का आमला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इसी तरह जिला अस्पताल धमतरी में रक्तदान शिविर लगाया गयाए जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया।

# सरायपाली के ऐतिहासिक वीर घाटी का निरीक्षण करने पहुंचे केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



सरायपाली के ऐतिहासिक वीर घाटी का निरीक्षण करने पहुंचे केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम का स्वागत आदिवासी समाज द्वारा सामाजिक नेता अमृत जगत के नेतृत्व में किया गया। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ और ओडिशा प्रदेश के सीमावर्ती तहसील सरायपाली मुख्यालय से 23 किलोमीटर दूर वनांचल पूर्वी परिक्षेत्र सिंघोड़ा चिवराकुटा रायपुर - संबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 53 में स्थित ऐतिहासिक वीर घाटी के रूप में जाना जाता है। जहां भारत के स्वतंत्रता संग्राम काल के सन् 1857 महाक्रांति के महानायक शहीद वीर नारायण सिंह के ओडिशा राज्य के पारिवारिक रिश्तेदार घेंस जमींदार माधव सिंह के पुत्रों में से हटेसिंह जो शहीद वीर नारायण के रिश्तेदार और संबलपुर के राजा शहीद वीर सुरेन्द्र साय के मित्र रहें जिन्होंने संयुक्त रूप से अपनी सैन्यबलों परम्परागत अस्त्र शस्त्र भाला बरछी तीर कमान और तलवार बाहुबल से राज्य और मातृभूमि भारत माता की रक्षा के लिए चिवराकुटा के पास निशाघाटी नामक स्थल पर ब्रिटिश अंग्रेज हुकूमत के 250 से भी अधिक संख्याओं के आक्रमणकारियों को युद्ध में परास्त कर फिरंगियों को खदेड़े थे । आज भी इस क्षेत्र के बिंझवार आदिवासी समाज अपने वीर रणबांकुरों के शौर्य पराक्रम गौरवशाली वीरता को यादकर प्रति वर्ष दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में सामाजिक सम्मेलन कर आराध्य ईष्टदेवी मां विंध्यवासिनी की पूजा पाठ कर वीर घाटी में वीरों को याद करते हैं। इस दिशा में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मानने सभी ऐतिहासिक स्थलों को संरक्षित और चीर स्मरणीय रखने छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रतिनिधि मंडल के विधानसभा केशकाल के विधायक नीलकंठ टेकाम पूर्व आईएएस अधिकारी प्रदेशाध्यक्ष गोंडवाना गोंड समाज छत्तीसगढ़ लोकेन्द्रसिंह कुमर्रा राष्ट्रीय महासचिव गोंडवाना गोंड समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रदेश प्रमुख पदाधिकारी गण आर एन ध्रुव प्रांताध्यक्ष एस पी ध्रुव महासचिव एम एल ध्रुव कार्यवाहक जिलाध्यक्ष एवं जिला महासमुन्द से डी डी मांझी जिला प्रमुख सर्व आदिवासी समाज अनंत वर्मा सुरेन्द्र भोई गोलू रावल आदि की निरीक्षण टीम सरायपाली पहुंचने पर प्रशासनिक अधिकारी श्रीधर पण्डा तहसीलदार राजस्व विभाग एवं पुलिस प्रशासन सरायपाली मौजूद रहे। जहां अमृतलाल जगत ब्लाक अध्यक्ष बसना चुम्मनलाल पुहुप युवराज रावल राजेन्द्र सिंह सिदार गणेशराम सिदार क्षेत्रोलाल सिदार अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज सरायपाली ने विधायक नीलकंठ टेकाम और उनके टीम का आदिवासी संस्कृति परम्परा अनुसार पीलाअक्षत से तिलक वंदन गुलदस्ता भेंटकर जय बुढ़ादेव सेवा जोहार अभिवादन के साथ स्वागत सम्मान किये तत्पश्चात ऐतिहासिक वीर रणस्थली रणभूमि क्षेत्र का निरीक्षण करने चिवराकुटा पहुंचे जहां बिंझवार आदिवासी प्रमुख टीमन बरिहा पुजारी राजकुमार बरिहा रूषबो बरिहा बैशाखू बरिहा नित्यानंद बरिहा दुबराज बरिहा अनंतराम बिसी जगदीश चौहान ब्लाक अध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण संघ सरायपाली विरेन्द्र चंद्रवंशी तिलक पटेल आदि बहु संख्या में आदिवासी समाज सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। निरीक्षण टीम के प्रमुख टेकाम ने इस ऐतिहासिक वीर रणस्थली भूमि वीर घाटी को पर्यटन एवं ऐतिहासिक दर्शनीय धरोहर के रूप में विकसित करवाने की दिशा में छत्तीसगढ़ शासन से हर संभव प्रयास करने और यह छत्तीसगढ़ और ओडिशा दोनों राज्यों को ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत बंधुत्व का एक मिसाल बनाने का आश्वासन दिया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना पाटसेंद्री का सात दिवसीय विशेष शिविर कोकड़ी में

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसेंद्री में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के साथ दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम कोकड़ी, ग्राम पंचायत दामोदरहा में किया जा रहा है । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि- श्रीमती भूमिसूता प्रधान सरपंच , अध्यक्षता - जलंधर प्रधान ,अध्यक्ष किसान मोर्चा केंदुआ मंडल, विशिष्ट अतिथि साखीराम पटेल, प्राचार्य एवं शिविर संयोजक, भगत राम प्रधान, कैलाश मांझी, देव प्रसाद चौहान, तारा चौहान, जितेंद्र चौहान ,शशि भूषण प्रधान, रतनलाल मांझी की आतिथ्य में शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम मां शारदा, भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा सरस्वती वंदना से किया पश्चात सरपंच एवं ग्रामीण जनों द्वारा रिबन काटकर उद्घाटन किया गया। स्वयं सेवक यहां सात दिन तक सोमेश्वर प्रसाद नायक कार्यक्रम अधिकारी सहायक चेतन कुमार पटेल, गुण सागर पटेल के दिशा निर्देशन में विभिन्न परियोजना कार्य के अंतर्गत पूरे गांव में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता के संदेश देंगे। प्रत्येक दिवस प्रभात फेरी में नशा उन्मूलन, स्वच्छता रैली, जन जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा साथ ही हैंडपंप के पास सोखता गड्ढा का निर्माण, नालियों, तालाब मेड , घाट ,मंदिर प्रांगण का सफाई किए जाएंगे। स्वयंसेवकों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शिविर के उद्घाटन सत्र में पंचायत के सरपंच, पंचगण,ग्रामीण जन तथा विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# धान खरीदी में अव्यवस्था दूर करने कांग्रेस ने ब्लॉकों में दिया धरना





## पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज की मुख्यमंत्री को चुनौती एक पंचायत बताये जहां भुगतान का काऊंटर खोला हो

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

किसानों को धान बेचने में हो रही परेशानी तथा धान खरीदी केंद्र में फैली अव्यवस्था को दूर करने टोकन, भुगतान, तौलाई, सोसायटी में जाम की स्थिति के निराकरण करने एवं बारदाने की कमी दूर करने, एकमुश्त भुगतान की मांग को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश के सभी ब्लॉकों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। मा. राज्यपाल से अनुरोध किया कि धान खरीदी की परेशानी दूर करने के लिये सरकार को निर्देश देवे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मोहला मानपुर जिले मानपुर के दुर्गा चौक में धरने में शामिल हुये। उन्होंने कहा हम लगातार किसानों की परेशानियों को दूर करने के लिये सरकार से आग्रह कर रहे हम लोग धान खरीदी केंद्रों में गए वहां पर किसानों को परेशान किया जा रहा। सरकार की मंशा साफ नहीं है वह किसानों से पूरा धान नहीं खरीदना चाह रही। बारदानों का संकट है, टोकन नहीं मिल रहा, इलेक्ट्रॉनिक कांटे से ज्यादा मात्रा में धान लिया जा रहा, इन सबको लेकर हमने बार-बार सरकार को चेतावनी दिया। सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मुख्यमंत्री कहते है एकमुश्त पैसा दे रहे जबकि पूरे प्रदेश में मात्र 2300 की दर में भुगतान हो रहा। वादा किया था पंचायतों में काऊंटर खोलकर धान का 3100 रू. एकमुश्त भुगतान करेंगे। मैं मुख्यमंत्री को चुनौती देता हूं प्रदेश के कितने पंचायतों में काऊंटर खोलकर किसानों का भुगतान कर रहे, बताये साहस है तो एक पंचायत का नाम बता दें। हमारे सभी ब्लॉकों से अलग-अलग मा. राज्यपाल जी को ज्ञापन भेजा है। किसानों की समस्या दूर करने के लिये हस्तक्षेप करने को कहा है।

# अग्निवीर भर्ती में अभ्यर्थी दौड़ के बाद मैदान में गिरकर हुआ बेहोश

## डॉक्टरों और परिजनों ने बताया अभ्यर्थी सिकल सेल से था ग्रसित

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

बोईरदादर स्टेडियम में जारी अग्निवीर भर्ती रैली के संबंध में, सेना के आयोजको के माध्यम से प्राप्त प्राथमिक जानकारी अनुसार, 09 दिसंबर 2024 सोमवार को मनोज कुमार साहू, पिता अनिल कुमार साहू, उम्र 20 वर्ष, पता-ग्राम-खोरपा, ब्लॉक / तहसील - अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) द्वारा, आर्मी भर्ती केन्द्र स्टेडियम रायगढ़ में प्रथम स्टेज 1600 मी. की दौड़ सफलता पूर्वक पूर्ण किया। प्रथम चरण पूर्ण करने के तत्काल पश्चात् अगले चरण में बायोमेट्रिक लगाने से पहले अचानक, मैदान में गिर गया। अभ्यर्थी को तत्काल स्टेडियम में मौजूद जिला स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल टीम के द्वारा मौके पर ही जांच किया गया। जिसमें मौके पर मौजुद चिकित्सको द्वारा प्रारंभिक जांच पश्चात् पाया गया कि अभ्यर्थी को सांस लेने में काफी दिक्कत हो रही थी। अभ्यर्थी का ऑक्सीजन सेचुरेशन लेवल लगातार कम हो रहा था, जिसके कारण अभ्यर्थी सचेत परंतु डिसओरीयेंटेड पाया गया। उसे तत्काल मेडिकल ऑक्सीजन प्रदाय के साथ प्राथमिक चिकित्सा प्रदाय करते हुए एम्बुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय, रायगढ़ रिफर किया गया। जहां अभ्यर्थी बेहोश अवस्था में लाया गया जिसे इन्ट्यूबेट एवं स्टेबल करते हुए हायर सेंटर मेडिकल कॉलेज, रायगढ़ भेजा गया। जहाँ रायगढ़ मेडिकल कॉलेज के विशषज्ञो की टीम के द्वारा समुचित ईलाज किया गया। परंतु अभ्यर्थी की स्थिति अति गंभीर होने के कारण दिनांक 09 दिसंबर 2024 को रात्रि 11:35 बजे मृत्यु हो गई। परिजनो के कथनानुसार एवं चिकित्सको के जांच अनुसार यह पाया गया कि, अभ्यर्थी मनोज कुमार साहू पूर्व से सिकलसेल बीमारी से ग्रसित था।

# शकरवारा में सिन्हा समाज नवनिर्मित भवन का लोकार्पण एवं सहस्त्र बाहु जयंती पर शामिल हुई रंजना साहू



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

सिन्हा समाज ग्राम शकरवारा द्वारा नवनिर्मित सिन्हा कलार समाज भवन का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के आराध्य भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती कार्यक्रम भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सिन्हा समाज की मातृशक्तियों ने कलश यात्रा निकाल कर पूरे गांव का भ्रमण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू थी। विशेष अतिथि के रूप में रुद्री सरपंच अनिता यादव, अशोक सिंह पूर्व पार्षद, जी आर सिन्हा, वामन सिन्हा, कमलेश सिन्हा सहित सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा है, क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते समय एक जनप्रतिनिधि होने के नाते अपने विधायक कार्यकाल के समय मूलभूत सुविधा, अधोसंरचना कार्य मे समाज का विशेष ध्यान देकर अनेको भवन एवं शेड निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर सुविधा देने का हर संभव प्रयास किया। आगे भी सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगी। युवा शक्ति नशेपान से दूर रहें एवं समाज सेवा में आगे बढ़ते हुए समाजहित में कार्य करें, नवीन भवन की समाजजनो एवं ग्रामवासियों को बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से सिन्हा समाज के कार्यक्रम में ग्राम प्रमुख रेखराम साहू, तीजूराम सिंहा, रेवाराम सिन्हा, मनोज सिन्हा, ललित मगेंद्र, मनोज सिन्हा, सोहन सिन्हा, हेमलाल सिन्हा, वेदुराम सिन्हा, भागीराम सिन्हा, मोहन सिन्हा, रामावतार सिंहा, कुंज बिहारी सिन्हा, मुकेश सिंहा, नरेंद्र सिन्हा, उमेश सिन्हा, धनंजय सिन्हा, रामकुमार सिन्हा, झामीन सिन्हा, देवकी बाई सिन्हा, खोमेश्वरी सिन्हा, अनुसुइया सिन्हा, रमशिला सिन्हा सहित बड़ी संख्या में सिन्हा समाजजन उपस्थित रहे।

# महापौर की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में आहूत की गई

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई में महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें प्रमुख रूप से 10 बिन्दुओ पर विस्तृत चर्चा की गई, चर्चा के दौरान सभी सदस्यो ने अपने-अपने सुझाव साझा किए। जिसमें नगर पालिक निगम भिलाई के संपत्ति की सुरक्षा हेतु 01 सिनियर गार्ड (सहायक सुरक्षा अधिकारी) एवं 99 सुरक्षा गार्ड कुल 100 की वित्तीय स्वीकृति का प्रस्ताव रखा गया। जिसमें सभी सदस्यो ने अपरी राय देते हुए निविदा के नियम-शर्तो का परीक्षण किये जाने के साथ वर्तमान निविदा को याथवत रखते हुए अगली निविदा होने तक कार्य में वृद्धि की गई है। इसी तारतम्य में अभिमत/आपत्ति/अनापत्ति प्रदाय करने जांच प्रतिवेदन में भूमि खसरा नम्बर 1558/1 रकबा 82300 हेक्टेयर मे से 7500 वर्ग फूट भूखण्ड आवासीय क्षेत्र है किन्तु खेल मैदान होने के कारण उसमें आपत्ति लगाया गया है। अभिमत (आपत्ति/अनापत्ति) जांच प्रतिवेदन में खसरा नम्बर 208 रकबा 25.52 हेक्टेयर मे से 9100 वर्ग फूट भूखण्ड आवेदित स्थल पंडित दीनदयालपुरम आवासीय योजना के स्वीकृत अभिन्यास में स्थल चिन्हांकित है, उक्त भूमि का पुनः स्थल निरीक्षण करने सहमति दी गई है। रा.प्र.क्र. 202412101600004 अ-19 (1) आबंटन किये जाने के संबंध में खसरा नम्बर 1253 रकबा 17.3360 हेक्टेयर मे से 7500 वर्ग फूट भूखण्ड को समाज हित में आबंटन की मांग किया गया था। जो आवासीय क्षेत्र है, किन्तु खेल मैदान होने के कारण आपत्ति किया गया है। जोन 03 सीवर लाईन, चेंबर निर्माण कार्य एवं सीवेज संपवेल, सीवेज पम्पींग मुख्य लाईन तथा ट्रांसफार्मर, पम्प इत्यादि निर्माण कार्य 241.07 लाख की लागत राशि से किया जाना है। जिसमें समिति के सदस्यो ने अपनी सहमति देते हुए कार्य कराए जाने पारित किया गया। जोन क्र. 01 नेहरू नगर क्षेत्रांतर्गत मुख्य राष्ट्रीय मार्ग के किनारे कर्मा चैंक से सुपेला चैंक होते लोहिया पेट्रोल पम्प तक क्षतिग्रस्त निकासी नाला का पुनः निर्माण कार्य लगभग 154.33 लाख की लागत राशि से कराये जाने की सर्व सम्मति से पारित किया गया। इसी प्रकार नगर पालिक निगम कार्यालय में आंन ग्रिड सोलर प्लांट स्थापना कार्य कराये जाने को पारित किया। छ.ग. में सतत योजना के तहत नगरीय ठोस अपशिष्ट बायोमास कम्प्रेष्ड बायोमास प्लांट स्थापना हेतु भूमि हस्तांतरण कार्य को सदस्यो ने सहमति दी। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत उद्यानों का रखरखाव एवं संचालन/संधारण कार्य कराये जाने की सहमति दी गई। निगम क्षेत्र में स्थित जलागार में डबल वैल्यु सिस्टम करने का कार्य को पुनः निविदा आमंत्रित करने कहा गया। तालाबो की जलकुम्भी सफाई हेतु वीड मशीन क्रय कार्य जो 15वें वित्त आयोग से कराया जा रहा है। जिसकी लागत राशि 150.00 लाख से क्रय कर कार्य कराये जाने की सहमति प्रदान की गई। महापौर परिषद की बैठक में एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, संदीप निरंकारी, केशव चैंबे, साकेत चंद्रकार, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, चंद्रशेखर गंवई, लालचंद वर्मा, मनान गफ्फार खान, मालती ठाकुर, नेहा साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त येशा लहरे, बी.के.वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सचिव बसंत देवांगन आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार में किसान हो रहे लगातार परेशान : निर्मल कोसरे

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भिलाई चरोदा के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। उक्त धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए महापौर एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष निर्मल कोसरे ने कहा कि भाजपा सरकार की नीति से किसान लगातार परेशान हो रहे हैं। किसानों से एक कट्टे में 40 किलोग्राम एवं बारदाना मिलाकर 650 ग्राम कुल 40 किलो 650 ग्राम खरीदी करना चाहिए जबकि कहीं-कहीं सोसाइटी में 41 किलोग्राम एवं 40 किलो 900 ग्राम की खरीदी की जा रही है, साथ ही साथ सुखद धान के नाम पर किसानों से अतिरिक्त धान लिया जा रहा हैं। जबकि सुखद धान की भरपाई कांग्रेस सरकार में राज्य शासन वहन करती थीं, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार के द्वारा सुखद धान की भरपाई आम किसानों से की जा रही है। ऑनलाइन टोकन सिस्टम होने के चलते छोटे किसान धान बेचने से लगातार वंचित हो रहे हैं जिसके चलते कई दिनों तक अपना धान खलिहानों में ही रखने को मजबूर है। सोसाइटियों में धान का उठाव नहीं होने के कारण बहुत सारे सोसाइटियों में धान रखने को लेकर परेशानी हो रही है। बारदाना का वजन सरकार के द्वारा 650 ग्राम तय किया गया है जबकि वास्तविक स्तर पर बारदाने का वजन करने पर 540 ग्राम पाया गया। अधिकांश किसान धान कटाई के बाद धान बेचने के लिए अपने बारी का इंतजार कर रहे हैं। कई किसान तो सुबह से ही टोकन लेने के लिए सोसाइटियों के चक्कर काट कर खाली हाथ लौट रहे हैं। विधानसभा चुनाव के समय भाजपा सरकार ने 3100 नगद धान खरीदी का वादा किया था, लेकिन 14 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ होने के बावजूद आज दिनांक तक एक भी किसानों को 3100 क्विंटल के भाव से राशि प्राप्त नहीं हुआ है केवल समर्थन मूल्य 2310 के दर से ही किसानों को भुगतान हो पाया है। राज्य शासन के द्वारा यदि व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं किया जाता तो कांग्रेस पार्टी के द्वारा किसानों के साथ जन आंदोलन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन के पश्चात राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया। इस अवसर पर सुजीत बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज मढरिया, कुमुद मढरिया, दुलारी वर्मा, प्रेमलता मढरिया, कलिंद्री नायक, राजेश्वरी पटेल, सीमा तिवारी, दुकलहीन, देवकुमारी भल्लावी, पार्षद गण संतोष तिवारी, मोहन साहू, ईश्वर साहू, एस वेंकट रमना, एम.जानी, डे साहब वर्मा, मनीष वर्मा, टेनेंद्र ठाकरे, भूपेंद्र वर्मा, आशीष वर्मा, विनोद निषाद, विनोद प्रसाद, बी एन राजू, टीपेश साहू, मोहम्मद जुनैद, गिरजा शंकर बंछोर, नरेंद्र गुड्डू वर्मा, डॉ नौशाद सिद्दीकी, इंद्रजीत यादव, पप्पू चंद्राकर, मोहम्मद आमिर, युवराज कश्यप सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# शासन के 1 वर्ष पूर्ण होने की खुशी में आज भगवा चौक एवं कुरूद उद्यान में किया गया श्रमदान

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने की खुशी में भगवा चौक में लोगों को जोड़कर श्रमदान किया गया, साथ-साथ सफाई अभियान भी चलाया गया। एक दूसरे को प्रेरित करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया। चौक में सफाई के बाद जोन कमिश्नर येशा लहरें, उद्यान प्रभारी अध्यक्ष नेहा साहू कुरूद उद्यान में जाकर उद्यान की साफ-सफाई कि वहां टहलने वाले योग, व्यायाम, प्राणायाम करने वाले लोगों को जोड़कर श्रमदान किया गया। श्रमदान के बाद सब लोगों ने स्वच्छता को संकल्प दिलाया गया। वहां पर टहलने वाले, योग करने वाले लोगों ने कहा कि जब नगर निगम इतना कर रहा है, तो हम सबका भी कर्तव्य बनता है। कि मिलकर के छोटे-छोटे जगह जहां हम लोग बैठकर योग करते हैं, प्राणायाम करते हैं, उसको हम सब साफरखें।

यह केवल नगर निगम भिलाई का ही काम नहीं है, हम सब उपयोग करते है, तो साफ भी हम करेंगे। निगम हमारी सुविधाओ को ध्यान में रखकर उद्यान बनाये है, जिसमे हमारे साथ-साथ हमारे बच्चे भी खेलने आते है। जब निगम हमारे बारे में इतना सोचते है तो उनके साथ हम भी साफ-सफाई करेगें। यदि कोई गंदगी करते दिखता है तो उसको भी हम रोकेगे। सफाई अभियान के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, अभियंता अरविंद शर्मा, श्वेता वर्मा, अर्पित बंजारे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, वीरेंद्र बंजारे, हेमंत माझी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, कमलेश द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

# जिले के प्रभारी मंत्री ने ली प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक

## विभागीय कार्यों में कसावट लाने के दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com




प्रदेश के गृहमंत्री तथा दुर्ग जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने आज सर्किट हाउस दुर्ग में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय काम काज की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय कार्यों में कसावट लाने की बातें कही। बैठक के दौरान जिले में निर्माण कार्यों, आवास प्लस अंतर्गत हितग्राहियों का आवास आबंटन, शहरी क्षेत्रों में आबादी पट्टा वितरण एवं सर्वे पर चर्चा हुई। इसी प्रकार रिसाली में कॉलेज भवन के लिए जमीन हेतु बीएसपी के साथ समन्वय कर उपलब्ध कराने, अपराध पर प्रभावी नियंत्रण हेतु कार्यवाही, जमीन त्रुटि सुधार कार्य प्राथमिकता के साथ कराने और राशन दुकान संचालकों के प्रकरणों पर कार्यवाही आदि पर भी चर्चाएं हुई। इस अवसर पर अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव और साजा विधायक ईश्वर साहू तथा संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी आर.जी. गर्ग, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, एसपी जितेन्द्र शुक्ला, वनमंडलाधिकारी चन्द्रशेखर परदेशी, एडीएम अरविन्द एक्का, सभी निगम निगम आयुक्त एवं सभी एसडीएम उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना की मदद से सुनीता अग्रवाल ने जीती कैंसर से जंग

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



सुनीता अग्रवाल दुर्ग की निवासी हैं, वह एक साधारण गृहिणी हैं। उनके पति संतोष अग्रवाल कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में कार्यरत हैं और उनका परिवार दो बच्चों के साथ सामान्य जीवन जी रहा था। लेकिन जब सुनीता को ब्रेस्ट कैंसर का पता चला और वह कैंसर के चौथे स्टेज में पहुंच गया, तो उनका जीवन एक गंभीर संकट में फंस गया। बीमारी इतनी गंभीर हो चुकी थी कि कैंसर उनके मस्तिष्क (ब्रेन) तक फैल गया था, जिससे उनका चलना-फिरना भी बेहद मुश्किल हो गया था। इस स्थिति में इलाज का भारी खर्च सुनीता के परिवार के लिए जुटाना असंभव लग रहा था। डॉक्टरों ने उन्हें एआईआईएमएस, रायपुर में इलाज की सलाह दी, जिसमें ट्रांसटुजुमाब डेरुक्सेटेकन थेरेपी और डीबीएस बैटरी रिप्लेसमेंट प्रक्रिया शामिल थी। इस इलाज पर लाखों रुपये का खर्च आने वाला था, और परिवार के पास इसका कोई साधन नहीं था। लेकिन इस कठिन समय में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना उनके लिए जीवनदायिनी साबित हुई। खास बात यह थी कि सुनीता और उनके परिवार को इस योजना के बारे में कोई जानकारी नहीं थी और न ही उनके पास किसी अन्य सहायता का साधन था। डॉक्टरों की सलाह पर उन्होंने इस योजना के तहत आवेदन किया। सरकार ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत उनकी मदद की और योजना के अंतर्गत इलाज के लिए 16 लाख 39944 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की।

# कलेक्टर अग्रवाल ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की समस्याएंख जनदर्शन में मिले 77 आवेदन

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने जनदर्शन में जिले के अलग- अलग क्षेत्र से आये लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। कलेक्टर अग्रवाल ने आज जनदर्शन में 77 लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और अपनी समस्याएं, जैसे भूमि विवाद, राशन कार्ड, पेंशन, पीएम आवास, वनअधिकार पट्टा एवं अन्य विषयों से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए। संबंधित विभागों को निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी प्रकरणों का निष्पक्ष और समयबद्ध समाधान किया जाए, ताकि आमजन को उनकी समस्या एवं शिकायतों का निराकरण हो सके। जनदर्शन में ग्राम कोपरा के तुलेश्वर ने अन्तरजातीय विवाह अनुदान हेतु , ग्राम पाण्डुका की मोंगरा बाई पटेल ने पी.एम. आवास दिलाने, ग्राम तर्रा की रुखमड़ी बंजारे ने आवास की राशि दिलाने, ग्राम मजरकट्टा के देवलाल ने जाति प्रमाण पत्र, ग्राम हिराबतर के पिरीथ राम ने ट्रायसकल प्रदाय करने, ग्राम मैनपुर खुर्द के रुदेशवर साहू ने बिजली बिल में सुधार करने व मीटर लगाने, ग्राम सड़क परसूली की केशरी बाई यादव ने दूसरे के बैंक में पैसा जाने हेतु, ग्राम साजापाली के मोहन पटेल ने पट्टा प्रदाय करने, ग्राम बिजली के रविकुमार साहू ने जमीन की सीमांकन कराने, ग्राम मुरमुरा अशोक कुमार यादव ने मुरमुरा बीट में अग्निसुरक्षा रखने, ग्राम हरदी के दशरथ ने नेशनल पेन्सन सिस्टम सर्विसिज लिमिटेड के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके आवेदनों के निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियो की लॉटरी निकाल कर किया गया मकान आवंटन

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत 154 आवासो का नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय परिसर में खुली लाटरी पद्वति से आवासो को आबंटित किया गया। आबंटन के दौरान वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं उपस्थित रहे। निगम क्षेत्र में सूर्या विहार के 49 मकान, एनार स्टेट के 75 मकान, कृष्णा इंजिनियरिंग के 22 मकान, मॉडल के 7 मकान एवं रजत बिल्डर्स के 1 मकानों का आबंटन किया गया। मोर आस के 139 मकानो में से 4 भूतल एवं 135 सामान्य वर्ग को दिया गया। इसी प्रकार मोर चिन्हारी के 15 मकानो में से 1 भूतल एवं 14 सामान्य वर्ग को दिया गया। आवास आबंटन में 1 विकलांग एवं 4 वरिष्ठ हितग्राही को ग्राउंड फ्लोर का आवास आबंटन किया गया। कुल 154 मकानों में जो हितग्राही आज की लाटरी में अनुपस्थित थे, उनके स्थान पर अन्य हितग्राही जो पहले से मकान के लिए आवेदन किये थे। लाटरी समिति के निर्णय एवं सक्षम अधिकारी की स्वीकृति पश्चात अनुपस्थित हितग्राही के आवासो को को अन्य उपस्थित आवेदको से लॉटरी निकलवा कर आवास आबंटन किया गया। विधायक रिकेश सेन ने सभी हितग्राहियो को बताया कि शासन का प्रयास है मकान सबको मिले, जितना मकान बन रहा है, उसी में से पारदर्शिता के साथ लाटरी हितग्राहियो की उपस्थिति में निकाली जाती है। पुरी प्रक्रिया का फोटोग्राफी एवं लगातार वीडियोग्राफी की जाती है। जिसमे नियमानुसार 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा करने वाले हितग्राही भागीदार बनते है। आबंटन के दौरान एमआईसी सदस्य चंद्रशेखर गवयी, आवास योजना के नोडल अधिकारी डी.के.वर्मा, कार्यपालन अभियंता विनिता वर्मा, अभियंता दीपक देवांगन, प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर दो दिवसीय स्वच्छता पखवाड़ा के तहत दीपक नगर रेवा तालाब में सफई अभियान कर नागरिको ने किया श्रमदान

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शासन के आदेश पर सरकार की 1 वर्ष पूर्ण होने पर दीपक नगर वार्ड नंबर 23 में रेवा तालाब में आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग अमला के साथ वार्ड क्रमांक 23 की पार्षद मीना सिंह के नेतृत्व में रेवा तालाब की साफ सफाई कराई की गई।साथ ही वार्ड नागरिकों को स्वच्छ सरोवर स्वच्छ कुंड के महत्व बताए गए। पार्षद मीना सिंह के द्वारा घरों से निकलने वाले कचरा को गीला सूखा अलग-अलग करने की भी अपील की गई. साथ ही कचरा बाहर न फेंकने की बात कही।जल स्त्रोतों तालाब निगम टीम,पार्षद एवं आम जनों के माध्यम से सफाई अभियान किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य आमजनों में सफाई संबंधित विषयों में जागरूकता लाने के साथ-साथ शासन द्वारा 01 वर्ष में हुए जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित हुए हितग्राहियों के विषय में बताया जाना है। दीपक नगर रेवा तालाब की साफ-सफाई जनप्रतिनिधियों ने भी सहयोग किया। तालाब में आकर उन्होंने श्रमदान किया। इससे तालाब की साफ-सफाई में जुटे वार्ड के नागरिको का उत्साह और बढ़ गया।

# दुर्ग नगर विधानसभा में विभिन्न कार्यो के लिए 52.96 लाख रूपए स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए दुर्ग नगर विधानसभा के 8 कार्यो के लिए 52 लाख 96 हजार 163 रूपए स्वीकृत किया गया है। जिला प्रभारी मंत्री, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिका निगम दुर्ग द्वारा की जाएगी। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार वार्ड क्रमांक-4 गया नगर में सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रूपए, वार्ड क्रमांक 16 में सिकोला बस्ती योगा एवं व्यायाम हेतु डोम शेड निर्माण के लिए 5 लाख रूपए, वार्ड क्रमांक 46 पद्मनाभपुर जनता मार्केट में दुर्गा मंच के पास डोम शेड निर्माण के लिए 4 लाख 97 हजार 216 रूपए, वार्ड क्रमांक 53 पोटियाकला मीनाक्षी नगर स्थित सामुदायिक भवन में पेवर ब्लाक व टाईल्स लगाने के लिए एक लाख 99 हजार 752 रूपए, वार्ड क्रमांक 53 पोटियाकला मीनाक्षी नगर स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास टीन शेड निर्माण के लिए 3 लाख 99 हजार 890 रूपए, वार्ड क्रमांक 56 बघेरा स्थित सामुदायिक भवन में शौचालय निर्माण के लिए 2 लाख रूपए, पोटियाकला राधाकृष्ण मंदिर के पास शेड निर्माण के लिए 5 लाख रूपए और वार्ड क्रमांक 29 नाना-नानी पार्क के सामने उद्यान निर्माण सह उद्यान में पाथवे निर्माण के लिए 19 लाख 99 हजार 305 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# मेधावी दिव्यांग छात्र-छात्राओं को मिली प्रोत्साहन राशि

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में समाज कल्याण विभाग के द्वारा ''क्षितिज अपार संभावनाएं'' योजना संचालित है। इस योजना अंतर्गत माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत् मेधावी दिव्यांग छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इस योजना का उद्देश्य माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। ताकि वे स्वावलंबी बन सकें और समाज में अपनी एक अलग पहचान बना सकें। कलेक्टर चौधरी ने आज योजना के तहत् जिले के 10 मेधावी दिव्यांग छात्र-छात्राओं को छः-छः हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि का डमी चेक प्रदान किया।

**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020
Aavas FINANCIERS LTD — SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अतः आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13( 4 ) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | मांग सूचना की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| सुरेन्द्र टोंडे, अंजूबाई टोंडे, सूरज कुमार टोंडे खाता सं. LNBHI02121-220187883 व LNBHI09321-220204000 | 8 दिसम्बर 2024 ₹ 867820/- व ₹ 472428/- 5 दिसम्बर 2024 | खसरा नं. 806/7 का भाग, पीएच नं. 12, मौजा नवागढ़, वार्ड नं. 11, आरएनएम नवागढ़, तहसील-नवागढ़, जिला-बेमेतरा, छत्तीसगढ़, 491337 क्षेत्रफल 1087.5 वर्ग फीट |
| संदीपसिंह राजपूत, सिमरन राजपूत खाता सं. LNBHI16222-230258383 | 8 दिसम्बर 2024 ₹ 672386/- 5 दिसम्बर 2024 | केएच नं. 490 का भाग, पी. नं. 102, मौजा-धौराभाठा में स्थित, पीएच नं. 23, आरएनएम परपोडी, तहसील-साजा, जिला-बेमेतरा, छत्तीसगढ़ क्षेत्रफल 1500 वर्ग फीट |
| अमित पटवा, कविता पटवा खाता सं. LNDHM00622-230283867 | 8 दिसम्बर 2024 ₹ 796764/- 5 दिसम्बर 2024 | केएच नं. 300/4 का भाग, पीएच नं. 20, पंचायत भारदा, मौजा -भारदा में स्थित, पोस्ट-टैरी, आरएनएम-धनोरा,, तहसील-गुरूर व एएमपी, जिला-बालोद ( छत्तीसगढ़ ) क्षेत्रफल 1115.5 वर्ग फीट |
| अंजू राम साहू, मंजूषा साहू खाता सं. LNBMT17423-240305071 | 8 दिसम्बर 2024 ₹ 678958/- 5 दिसम्बर 2024 | सर्वे नं. 414/18 का भाग, ( नया सर्वे नं. 414/60 ), पीएच नं. 03, आरआईसी-कवर्धा, गांव-कवर्धा, तहसील-कवर्धा, जिला-कबीरधाम, छत्तीसगढ़ क्षेत्रफल 654 वर्ग फीट |
| नरेश कुमार साहू, सविता बाई साहू खाता सं. LNBMT18023-240308265 | 8 दिसम्बर 2024 ₹ 414058/- 5 दिसम्बर 2024 | सर्वे नं. 179/3 का भाग ( नया खसरा नं. 179/114 ), पीएच नं. 14, आरआईसी-बम्हानी स्थित गांव-चिरहा, तहसील-कवर्धा, जिला-कबीरधाम, छत्तीसगढ़ क्षेत्रफल 0.010 हैक्टेयर |

स्थान : जयपुर    दिनांक 11.12.2024    प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जगदलपुर जिला बस्तर**

**// मेन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना //**

दुरभाष नम्बर 07782-222865    ईमेल आईडी- eeresjagdalpur@gmail.com

क्रमांक /2511 / व.ले.लि./ ग्रायांसेवा/2024-25    जगदलपुर, दिनांक 7/12/2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / प्रदायकर्ता प्रतिष्ठानों / सामग्री निर्माताओं / अधिकृत विक्रेताओं (जिनका पंजीयन वाणिज्य कर विभाग छ.ग. में हो) से महतारी सदन निर्माण कार्य हेतु प्रथम बार आवश्यक सामग्री प्रदाय बावत् मुहरबंद मेन्युअल निविदा फार्म सी में पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनाँक 19.12.2024 तक आमंत्रित की जाती है

| क्र. | निर्माण स्थल (ग्राम) | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. |
| 1. | जिला बस्तर में महतारी सदन निर्माण कार्य मुण्डागांव, सोनारपाल, करन्दोला लोहण्डीगुड़ा, बड़ेकिलेपाल, परपा, कोलेंग, चिंगपाल, नानगूर एवं मारकेल हेतु सामग्री सप्लाई | 4.32 लाख (प्रत्येक कार्य) | 19.12.2024 |

2. उपरोक्त सामग्री प्रदाय हेतु निविदा की शर्ते, अमानत राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट http//res.cg.gov.in से भी 14.12.2024 के पश्चात डाउनलोड की जा सकती है।

जी.-242504479/3

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग जगदलपुर

## संपादकीय

### असद का तख्तापलट ऐतिहासिक परिवर्तन

**दमिश्क** में विद्रोही शक्तियों के कब्जे के बाद बशर अल असद वहां से भाग गए। यह सीरिया में ऐतिहासिक परिवर्तन है। असद परिवार की सीरिया पर पांच दशक से पकड़ थी और अब वह विरासत समाप्त हो गई है। विद्रोहियों द्वारा दमिश्क पर कब्जे से बशर अल असद का नाटकीय तख्तापलट हुआ। इससे वह युग समाप्त हो गया जिसकी शुरुआत उनके पिता हाफिज़ अल असद से हुई थी। यह असाधारण परिवर्तन सीरिया का रास्ता बदलता है तथा पश्चिम एशिया में महत्वपूर्ण सवाल खड़े करता है। असद परिवार का शासन 1970 में शुरू हुआ था जब उनके पिता हाफिज़ अल असद ने एक सैनिक विद्रोह से सत्ता पर कब्जा कर अस्थिर सीरिया को कठोर नियंत्रण वाले राज्य में बदल दिया था। हाफिज़ के शासनकाल में कठोरता से केन्द्रीकरण किया गया, नस्ली मतभेदों पर लगाम लगाई गई तथा सेना पर कठोर नियंत्रण रखा गया। उनकी 'बांटो और राज करो' वाली रणनीति ने अलावाइट अल्पसंख्यकों को सत्ता में पहुंचा दिया जो ऐतिहासिक रूप से हाशियाकृत समुदाय था। इस सरकार का जीवन संस्थाओं पर कठोर नियंत्रण से संभव हुआ। हाफिज़ के वारिस उनके बेटे असद को विरोधाभासों से भरा राज्य विरासत में मिला जिनको शुरुआत में संभावित सुधारक के रूप में देखा जाता था। लेकिन बशर का राष्ट्रपति कार्यकाल जल्दी ही तानाशाही, आर्थिक दरबारीवाद और विरोधियों के निर्मम दमन में बदल गया। सत्ता पर उनके केन्द्रीकरण से सीरिया के ग्रामीण बहुसंख्यक उनसे दूर हो गए तथा नस्ली तनाव बढ़े। इससे अशांति के बीज उगने लगे जिनको 2011 में 'अरब वसंत' के दौरान और बढ़ावा मिला।



बशर के शासनकाल में व्यापक गरीबी, भ्रष्टाचार और असमानता ने जनता के बड़े हिस्सों को उनसे दूर किया। आर्थिक कुप्रबंधन के साथ 2000 के दशकांत में पड़े भयानक सूखे ने ग्रामीण आजीविकाओं पर भारी प्रभाव डाला जिससे पहले से ही भीड़भाड़ वाले शहरी क्षेत्रों में और पलायन हुआ। इससे जनता में गुस्सा और बढ़ा। 2011 के विद्रोह ने लंबे गृहयुद्ध को जन्म दिया जिसने सीरिया को विभाजित कर दिया। हालांकि, इसके बाद भी बशर एक दशक तक सत्ता पर कब्जा जमाए रखने में सफल हुए पर सैनिक बलों पर सरकार की निर्भरता ने विद्रोहों के दमन के बावजूद अनेक लोगों को अलग-थलग किया। राज्य युद्ध के दौरान मूलभूत सेवाओं की सुरक्षा करने में विफल रहा जिससे उसकी वैधता प्रभावित हुई। 'हयात तहरीर अल शाम'-एचटीएस गठबंधन ने सरकार की घटती शक्ति का लाभ उठाया। अलकायदा से पहले जुड़ाव के विवादास्पद इतिहास के बावजूद एचटीएस की सैनिक सफलताओं और अबू मुहम्मद अल जोलानी द्वारा अपनी 'छवि परिवर्तन' से विपक्षी शक्तियों को एकजुट कर दमिश्क पर कब्जे की राह आसान बनाई। कई सप्ताह की भयंकर लड़ाई के बाद दमिश्क पर विद्रोहियों का कब्जा हो गया और बशर तथा उनके परिवार को भागना पड़ा। असद सरकार के पतन के सीरिया तथा पूरे पश्चिम एशिया के लिए दूरगामी परिणाम होंगे। सीरिया का भविष्य अनिश्चित है क्योंकि असद के मुकाबले कोई स्पष्ट राजनीतिक विकल्प नहीं है। एचटीएस के उभार से असद-पश्चात सीरिया में प्रशासन तथा समावेशन के बारे में चिन्तायें पैदा होती हैं। एकीकृत राष्ट्रीय दृष्टिकेण के बिना सीरिया के और विखंडन का खतरा बना हुआ है। सीरिया में सत्ता परिवर्तन से पड़ोसी देशों में अस्थिरता पैदा हो सकती है। विपक्षी समूहों का समर्थन करने वाला तुर्की अपने प्रभाव का विस्तार कर सकता है। असद के लंबे समय से सहयोगी ईरान का प्रभाव घट सकता है, जबकि इज़राइल पूरे घटनाक्रम पर गहरी नजरें रखे है। वास्तव में दशकों से जारी टकराव ने सीरिया की अर्थव्यवस्था को बरबाद कर दिया है, लाखों लोगों को विस्थापित होना पड़ा है तथा ढांचागत संरचना जर्जर हो गई है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आगे बढ़ कर सहायता व पुनर्वास के माध्यम से सीरियाई जनता के कष्ट दूर करने का प्रयास करना चाहिए।

# भारत की सामुद्रिक विरासत

**भारत की समुद्री विरासत पर पुनर्विचार करने से नौसेना की ताकत, व्यापार सुरक्षा और क्षेत्रीय सहयोग में प्रगति हो सकती है, जिससे एक मजबूत समुद्री भविष्य का मार्ग प्रशस्त हो सकता है**



अनूप शर्मा
(लेखक, डिफेंस स्टाफ कालेज, वेलिंगटन में कार्यरत हैं)



**भारत** का समुद्री इतिहास सिंधु घाटी सभ्यता से जुड़ा हुआ है। मौर्य और चोल जैसे प्राचीन भारतीय साम्राज्यों के लोग सक्रिय नाविक थे, जिन्होंने व्यापार, सांस्कृतिक, धार्मिक और राजनीतिक कारणों से लंबी और कठिन यात्राएं कीं। मराठा, मराक्कर और यहाँ तक कि मुगलों जैसी विभिन्न क्षेत्रीय शक्तियों और शासकों ने भारतीय जल में यूरोपीय नौसैनिक वर्चस्व के उदय को चुनौती देने की कोशिश की। वर्तमान भारतीय नौसेना का जन्म 1947 में रॉयल इंडियन नेवी से हुआ था, जिसमें पहले से ही भारत और पाकिस्तान के बीच बहुत कम संपत्ति विभाजित थी। परिणामस्वरूप, भारतीय नौसेना शुरू में तटीय रक्षा और समुद्री व्यापार की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार एक तटीय बल थी। भारतीय नौसेना ने 1971 में बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के दौरान अपनी क्षमता साबित की।

1971 के युद्ध में नौसेना द्वारा निर्णायक और साहसिक कार्रवाइयों ने राष्ट्र को व्यापक राष्ट्रीय शक्ति के मूक, फिर भी गतिशील और प्रभावी तत्व की क्षमता का एहसास कराया। 2004 की सुनामी के बाद अंतर्राष्ट्रीय मानवीय और आपदा राहत अभियान शुरू करते हुए, भारतीय नौसेना ने अपनी परिचालन गति को काफी बढ़ा दिया है।

अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती विरोधी अभियानों में भारतीय नौसेना की हाल की सफलताओं ने पाकिस्तानियों सहित विभिन्न राष्ट्रीयताओं के नाविकों की रक्षा की, जिसकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना की गई है। भारतीय नौसेना के जहाजों ने लेबनान (2006) और यमन (2015) जैसे संघर्ष क्षेत्रों से भारतीय प्रवासियों और मित्र देशों के नागरिकों को निकाला है।

प्राचीन भारतीय समुद्री संस्कृति जैसा कि भारत वैश्विक मंच पर अपनी उचित स्थिति के लिए प्रयास कर रहा है, हमें ऐतिहासिक और स्वदेशी भारतीय समुद्री रणनीतिक विचारों को पुनर्जीवित करने और उनका अध्ययन करने की आवश्यकता है। हमारे धर्मग्रंथ, ग्रंथ और साहित्य समृद्ध भारतीय समुद्री रणनीतिक संस्कृति का संदर्भ देते हैं। भारतीय उपमहाद्वीप में उभरी अन्य शक्तियों जैसे सातवाहन, पल्लव, पांड्य, चोल और कई अन्य ने शक्तिशाली मौर्य साम्राज्य के पतन के बाद भी भारतीय सभ्यता की समृद्ध समुद्री परंपराओं को जारी रखा। शिवाजी के समुद्री प्रयासों की भावना से प्रेरित एक नए नौसैनिक ध्वज को अपनाना इस दिशा में एक कदम है जिसे राष्ट्र के सभी समुद्री और नौसैनिक प्रयासों के लोकाचार में शामिल किया जाना चाहिए।

शिवाजी के समुद्री प्रयास: 17वीं से 19वीं शताब्दी के बीच मराठा एकमात्र भारतीय शक्ति थे जिन्होंने भारतीय जल में बढ़ते यूरोपीय प्रभाव को सफलतापूर्वक चुनौती दी।

शिवाजी, उनके बेटे संभाजी महाराज और उनके योग्य एडमिरल जैसे मयंक भंडारी, दौतात खान, सिद्धोजी गूजर और महान कान्होजी आंग्रे ने 5000 से अधिक कर्मियों वाली एक मजबूत नौसेना का गठन किया और उसे बनाए रखा, जिसमें 300 से अधिक जहाज शामिल थे। प्रसिद्ध इतिहासकार जदुनाथ सरकार ने स्वीकार किया कि नौसेना और नौसैनिक ठिकानों के निर्माण से अधिक स्पष्ट रूप से शिवाजी की जन्मजात राजनेता के रूप में प्रतिभा को साबित करने वाला कुछ भी नहीं है।

> अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती विरोधी अभियानों में भारतीय नौसेना की हाल की सफलताओं ने पाकिस्तानियों सहित विभिन्न राष्ट्रीयताओं के नाविकों की रक्षा की, जिसकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना की गई है। भारतीय नौसेना के जहाजों ने लेबनान (2006) और यमन (2015) जैसे संघर्ष क्षेत्रों से भारतीय प्रवासियों और मित्र देशों के नागरिकों को निकाला है।

मराठा नौसैनिक कौशल को 1699 के बाद से मराठा एडमिरल कान्होजी आंग्रे के अधीन और मजबूत किया गया। उन्होंने रत्नागिरी के विजयदुर्ग में अपने अड्डे से पश्चिमी तट पर ब्रिटिश समुद्री शक्ति को प्रभावी ढंग से चुनौती दी।

गहरे ड्राफ्ट वाले ब्रिटिश जहाजों पर उथले पानी के जहाजों से हमला करने, उथले प्राकृतिक बंदरगाह और किले की शरण का उपयोग करके भारी तोपों के साथ हमला करने की उनकी रणनीति आधुनिक नौसेनाओं द्वारा किए जाने वाले विशिष्ट समुद्री इनकार और तटीय युद्ध संचालन के समान थी। मराठा नौसैनिक वर्चस्व ऐसा था कि 1772 में मुंबई के कोलाबा द्वीप पर एक संयुक्त एंग्लो-पुर्तगाली हमला भी मराठों को खदेड़ने में विफल रहा। चोलों की रणनीतिक समुद्री संस्कृति चोल की नौसैनिक शक्ति का सबसे पहला उल्लेख पहली शताब्दी ईस्वी के रोमन अभिलेखों में मिलता है, जो कावेरीपट्टनम में एक समृद्ध बंदरगाह की उपस्थिति और राजा के बेड़े द्वारा व्यापारी जहाजों को बंदरगाह तक ले जाने पर प्रकाश डालता है।

एरिथ्रियन सागर के पेरिप्लस में कावेरीपट्टनम से प्रशांत महासागर में द्वीपों तक प्रारंभिक चोल जहाज %कोलांडिया% की यात्रा का उल्लेख है। चोलों की समुद्री शक्ति 9वीं और 10वीं शताब्दी के बीच अपने चरम पर पहुंच गई, जिसके दौरान चोलों ने ब्लू वाटर क्षमताओं के साथ एक मजबूत नौसेना विकसित की और चीन और दक्षिण पूर्व एशिया के साथ मजबूत व्यापार संबंध स्थापित किए। चोल साम्राज्य के नाविकों के पास असाधारण नौवहन कौशल और समुद्र, मानसून, हवाओं और धाराओं की समझ थी। वे नेविगेशन के लिए 32-बिंदु अरब-तमिल पवन कम्पास और उत्तरी गोलार्ध में 56 सितारों के उपयोग से परिचित थे। पतवार और चुंबकीय कम्पास की कमी के बावजूद, चोल नाविक भारत और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच की दूरी बारह से पंद्रह दिनों में तय कर सकते थे, जो उनकी ब्लू वाटर क्षमता का संकेत है। चोलों के समुद्री प्रयास समकालीन भारतीय समुद्री रणनीति के हितधारकों के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं।

हिंद महासागर क्षेत्र के लिए भारतीय समुद्री दृष्टिकोण जो 'लुक ईस्ट' से 'एक्ट ईस्ट' और क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (एसएजीएआर) में विकसित हुआ है, भारत की समुद्री विरासत से प्रेरणा ले सकता है। अदन की खाड़ी में एंटी-पायरेसी मिशन, एचएडीआर मिशन, सागरमाला और पोर्ट लेड डेवलपमेंट, सागर, आत्मनिर्भरता और मेक इन इंडिया आदि जैसी पहलों में चोल की समुद्री प्रथाओं के साथ समानताएं हैं।

# खेलों की मेजबानी का मिश्रित मॉडल

> आईसीसी आयोजनों की मेजबानी के लिए भारत के प्रस्तावित हाइब्रिड मॉडल को पीसीबी द्वारा स्वीकार किए जाने को मंजूरी दी गई है।

केएस तोमर
(लेखक, राजनीतिक विश्लेषक हैं)



**पा**किस्तान के सरकारी गलियारों से एक व्यावहारिक और अभूतपूर्व निर्णय सामने आया है, जिसमें आईसीसी आयोजनों की मेजबानी के लिए भारत के प्रस्तावित हाइब्रिड मॉडल को उसके क्रिकेट बोर्ड द्वारा स्वीकार किए जाने को मंजूरी दी गई है। यह रणनीतिक दृष्टिकोण, जिसमें यूएई जैसे तटस्थ स्थानों पर मैच शामिल हैं, पाकिस्तान क्रिकेट के लिए एक जीवन रेखा है। यह 19 फरवरी से 9 मार्च, 2025 तक निर्धारित प्रतिष्ठित आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान के मेजबानी अधिकारों के संरक्षण को सुनिश्चित करता है। अंतत:, क्रिकेट ही अंतिम विजेता के रूप में उभरता है।

भारत और पाकिस्तान के लाखों क्रिकेट प्रेमी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की सफल मध्यस्थता का जश्न मना रहे हैं। यह संकल्प विभाजन को पाटने के लिए खेलों की शक्ति को रेखांकित करता है। आईसीसी ने पहले पाकिस्तान के हाइब्रिड मॉडल को अस्वीकार करने पर उसके मेजबानी अधिकारों को रद्द करने की चेतावनी दी थी। क्रिकेट के प्रति अपने प्रेम से एकजुट प्रशंसकों का चिरस्थायी जुनून क्षेत्रीय सीमाओं से अप्रभावित रहता है। प्रतिद्वंद्विता और भावनाओं से सराबोर भारत और पाकिस्तान के बीच मैच खेल से परे होते हैं और देशभक्ति और जोश का तमाशा बन जाते हैं। समानांतर घटनाक्रम में, जय शाह को आईसीसी का नया प्रमुख चुना गया है, जो वैश्विक क्रिकेट प्रशासन में एक महत्वपूर्ण क्षण है। शाह के नेतृत्व में आईसीसी के लिए परिवर्तनकारी अवसर हैं, जो दुनिया के सबसे धनी क्रिकेट निकाय, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष के रूप में उनके विशाल अनुभव का लाभ उठाते हैं। उनका चुनाव महत्वपूर्ण मील के पत्थर के लिए मंच तैयार करता है, खासकर चैंपियंस ट्रॉफी जैसे हाई-प्रोफाइल टूर्नामेंट के आयोजन में।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के लिए, यह निर्णय संभावित अलगाव को रोकने के लिए एक सुनियोजित कदम था। भारत की शर्तों को अस्वीकार करने से पाकिस्तान को अपनी मेजबानी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का अवसर नहीं मिल पाता, खासकर भारत की सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए। हाइब्रिड मॉडल, जो पाकिस्तान और यूएई के बीच मैचों को विभाजित करता है, एक संतुलित समाधान प्रदान करता है। पाकिस्तान भारत की आशंकाओं को दूर करते हुए अपने मेजबानी अधिकार बरकरार रखता है, इस प्रकार प्रतिष्ठा और वित्तीय नुकसान से बचता है। हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार करना क्रिकेट के लिए पाकिस्तान के दीर्घकालिक दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह सुनिश्चित करता है कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए एक विश्वसनीय मेजबान बना रहे और अपनी प्रतिष्ठा को मजबूत करने का अवसर बनाए रखे। इसके अतिरिक्त, इस समझौते में पीसीबी से वित्तीय आश्वासन शामिल होने की संभावना है, जो किसी भी कथित समझौते की भरपाई करेगा। सफल कार्यान्वयन से ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के दौरे के बाद एक विश्वसनीय क्रिकेट हब के रूप में पाकिस्तान की छवि बेहतर हो सकती है।

हाइब्रिड मॉडल सुरक्षा चिंताओं को मेज़बानी महत्वाकांक्षाओं के साथ संतुलित करते हुए जीत-जीत का परिणाम प्रदान करता है। जबकि भारत के मैच तटस्थ स्थानों पर होंगे, पाकिस्तान के पास अपनी धरती पर अन्य खेलों की मेज़बानी करने का अवसर बना रहेगा। यह व्यवस्था स्थानीय प्रशंसकों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का प्रत्यक्ष अनुभव करने की अनुमति देती है। इसके अलावा, 2031 तक भारत में होने वाले आयोजनों के लिए पारस्परिकता पर पीसीबी का जोर रणनीतिक दूरदर्शिता को दर्शाता है, जो भविष्य के न्यायसंगत समझौतों का मार्ग प्रशस्त करता है।

चैंपियंस ट्रॉफी का बहिष्कार करना पाकिस्तान के लिए एक भयावह गलती होती। वैश्विक क्रिकेट में भारत के महत्वपूर्ण प्रभाव को देखते हुए, इस तरह के निर्णय से पीसीबी आईसीसी और प्रमुख हितधारकों से अलग हो सकता था। वित्तीय और प्रतिष्ठा को होने वाले नुकसान के साथ-साथ प्रशंसकों के मनोबल में कमी और प्रायोजकों के साथ तनावपूर्ण संबंधों ने स्थायी निशान छोड़े होंगे। दीर्घकालिक लाभ को प्राथमिकता देकर, पीसीबी ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मंच पर अपनी निरंतर प्रासंगिकता सुनिश्चित की है।

शाह का लक्ष्य क्रिकेट को यूएसए, चीन और अफ्रीका जैसे नए बाजारों में पेश करना, दर्शकों में विविधता लाना और खेल को वास्तव में वैश्विक बनाना है। राजस्व सृजन में उनकी विशेषज्ञता रिकॉर्ड-तोड़ मीडिया सौदों की ओर ले जा सकती है, जिससे समान राजस्व साझाकरण के माध्यम से छोटे बोर्डों को लाभ मिल सकता है। उन्नत तकनीकों और डेटा-संचालित रणनीतियों को एकीकृत करके, शाह आईसीसी टूर्नामेंटों का आधुनिकीकरण कर सकते हैं, युवा दर्शकों को आकर्षित कर सकते हैं और खेल की वैश्विक अपील को बढ़ा सकते हैं।

एक भारतीय के रूप में, शाह पर बीसीसीआई के हितों का पक्ष लेने के आरोप लग सकते हैं। समावेशिता सुनिश्चित करना और सदस्यों की चिंताओं को दूर करना महत्वपूर्ण होगा। भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे क्रिकेट दिग्गजों के प्रभुत्व को छोटे देशों के विकास के साथ संतुलित करना शाह के नेतृत्व की एक महत्वपूर्ण परीक्षा होगी।

जय शाह के नेतृत्व में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में प्रतिस्पर्धा, नवाचार और प्रशंसक जुड़ाव में मानक स्थापित करने की क्षमता के साथ अपार संभावनाएं हैं। हाइब्रिड मॉडल को अपनाने का पाकिस्तान का व्यावहारिक निर्णय इस यात्रा में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करता है, जिससे अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देते हुए इसकी क्रिकेट महत्वाकांक्षाओं को संरक्षित किया जा सके। साथ में, ये विकास खेल के लिए एक नए युग का संकेत देते हैं, जो क्रिकेट के बैनर तले प्रशंसकों और देशों को एकजुट करते हैं।

## आप की बात

### संसदीय कार्यवाही

**इस** शीतकालीन सत्र की शुरुआत काफी हंगामें बाजी से होने के कारण दो-तीन दिन का समय बर्बाद हो गया था। अब चुंकि संसद की कार्यवाही प्रतिदिन निर्बाध रूप से शुरू हो चुकी हैं अत: विश्वास है अब संसद में कई विधेयकों पर विस्तार से चर्चा हो सकेगी। फिर अब तो संसद की कार्यवाही आने वाले छुट्टी के दिनों मे भी जारी रहेगी अत: यह एक अच्छा निर्णय कहा जा सकता है कारण अक्सर देखा गया है कि हुल्हड़ बाज सांसदों द्वारा जब-जब संसद की करवाही बाधित करने का प्रयास किया जाता है तब लगभग पूरा दिन भी कार्यवाही नहीं हो पाती थी एवं इसी कारण काफी नुकसान होता था अत: संसद की कार्यवाही को अब छुट्टी के दिनों मे जारी रखने का निर्णय काफी प्रशंसनीय कहा जा सकता है। विश्वास है कि अब इन छुट्टीके दिनों मे कई विधेयकों पर चर्चा हो सकेगी। अत: यहां पर हम तो यही कहेंगे कि अगर मोदी सरकार के पूर्व के दो कार्य कालों के समय में भी हंगामे के कारण बर्बाद दिनों की भी छुट्टी के दिनों में कार्यवाही जारी रखने का निर्णय उस वक्त हि अगर ले लिया जाता तब उस समय भी बेकार हुए समय का उपयोग कर लिया जाता। खैर देर आयद दुरुस्त आयद। आगे से संसद की कार्यवाही किसी वजह से बाधित हो तो उसकी पूर्ति छुट्टीके दिनों मे कार्यवाही कर पुरी की जाना चाहिए। इसे हम एक सही निर्णय कह सकते हैं।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### छात्र संघ चुनाव बहाली

**उच्च** शिक्षा विभाग द्वारा छात्र संघ के चुनाव करवाए जाने का निर्णय उचित है। इससे छात्रों को राजनीति का प्रारंभिक ज्ञान प्राप्त हो सकेगा। मगर यह भी विचारणीय है कि प्रतिभाशाली छात्र चुनावी राजनीति से दूर रहना पसंद करते हैं। और बाहुबल, धनबल, दादागिरी करने वाले छात्र ही चुनावों में अपना गुट बनाकर चुनाव जीतने का प्रयास करते हैं। हालांकि बीजेपी की विद्यार्थी छात्र परिषद और कांग्रेस की एन एस एस छात्र चुनावी इकाइयां अपने बेनर तले छत्रों को उम्मीदवार बनाकर चुनाव लड़ाते हैं। इस प्रकार छात्रों को राजनीति के दांव पेंच और तोर तरीके ज्ञात होंगे। चुनाव के लिए टिकट पाने का भी तरीका इन संगठनों के माध्यम से छात्र सीख जाएंगे। और हमने यह भी देखा है कि जो छात्र राजनीति में सक्रिय और सफल रहते हैं वे छात्र भविष्य में बड़े नेता बने हैं। चुनाव के दरमियान बाहरी अराजक तत्व शिक्षा परिसर में प्रवेश नहीं करने पाएं तथा छात्राओं केलिए भी सीटे रिजर्व रखी जाए। चुनाव ईवीएम से करवायें जाए तथा खर्च की सीमा भी निर्धारित की जाए। और चुनाव लड़ने ,जीतने वाले छात्रों को चुनाव के बाद चुनावी कटुता भुलाकर मिलजुल कर पढ़ाई करना चाहिए। साथ ही विधान सभा में लोकसभा जैसे बड़े चुनाव में राजनीति शास्त्र में स्नातक होना अनिवार्य किया जाए तो हमारी प्रजातांत्रिक जड़ें मजबूत होंगी।

– **विभुक्ति बुपक्या**, खाचरोद, मप्र

### युद्ध समस्या का हल नहीं

**वर्तमान** दौर में दुनियां के कुछ देशों में युद्ध , चल रहे हैं। और लंबे समय से इन चलने वाले युद्धों में बर्बादी और पतन की अलावा कुछ नज़र नहीं आता। बड़ी मुश्किल से विकास के द्वार खुलते हैं। और युद्धनीति से वर्षों तक का विकास अवरूद्ध हो जाता है। विगत समय से देशों के युद्ध में अरबों खरबों से ऊपर धन बर्बादी और चारों और अंधकार ही हासिल हुआ। कहीं जिंदगी शुरू होने से पहले ही काल के गाल में समा गई। हजारों लाखों लोगों की असमय मृत्यु हो गई। क्या यह सब मानवीय संवेदना को झकझोर देने वाली घटनाएं नहीं ? युद्धों से कोई समस्या का हल नहीं। देश के बुद्धिजीवी वर्ग इस नीति को अपनाएंगे चारो और बर्बादी, पतन खोफ भय का मंजर रहेगा। दुनियां के अन्य देशों ने अपना प्रतिनिधित्व निभाकर युद्ध से संबंधित देशों का युद्ध रोकथाम के लिए कारगर रणनीति तैयार करनी चाहिए। बल्कि ठोस कार्रवाई और पटल पर बात रखनी चाहिए। घर में लड़ाई झगडे होते हैं तो छुड़ाया जाता है। क्या अन्य देशों को यह रणनीति नहीं आती ? इतिहास गवाह हैं की प्राचीन काल से लगाकर वर्तमान परिदृश्य तक युद्ध से बर्बादी, पतन के अलावा क्या हासिल हुआ। ? कुछ भी हो कोई भी समस्या का हल बातचीत , संवाद से होना चाहिए, देशों में समन्वय होना चाहिए ताकि युद्ध नीति को ज़रूरत ही न महसूस हों।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### अत्याचारी का अंत निश्चित

**हर** अत्याचारी हर नरसंहारी का अंत तो एक न एक दिन होता ही है। मगर उससे पहले अपने अत्यचारों एवं जुल्मों से, लाखों लोगों को मौत के घाट उतार चुके होते हैं। ऐसा ही एक तानाशाह अब तक जिन्दा है। जिसका नाम है बशर अल असद। जिसने पिछले 24 वर्षों से सीरिया पर जुल्म किया हैं। असद राजवंश एक सीरियाई राजनीतिक परिवार है जिसने 1971 में बाथ पार्टी के तहत हाफ़िज़ अल-असद के सीरिया के राष्ट्रपति बनने के बाद से सीरिया पर शासन किया है। जून 2000 में उनकी मृत्यु के बाद, उनके बेटे बशर अल-असद ने उनका स्थान लिया। असद और उनके परिवार ने 50 से अधिक वर्षों तक सीरिया पर लोहे की मुट्ठी से शासन किया है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि जब से असद ने अपने पिता की मृत्यु के बाद 2000 में राष्ट्रपति का पद संभाला है, तब से असद की सेना ने 350,000 से अधिक विरोधियों को मार डाला है, अनगिनत लोगों को जेल में डाला है और यातनाएं दी हैं और उनके शासन को चुनौती देने वालों को रोकने के लिए विपक्षी शहरों पर प्रतिबंधित नर्व गैस का इस्तेमाल किया है। अब लग रहा है की इस राजवंश का अंत निकट है।

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# पिता से बढ़कर कोई नहीं माता के समान कोई दूजा नहीं : दंडी स्वामी

## मज्ज्योतिर्मयानंद ने आयोजित भव्य धार्मिक आयोजन का चौथे दिन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद श्री मदभागवत कथा की व्यास गद्दी पर आसन से हनुमत आराधना और हर हर महादेव के उद्घोष के साथ किया। दंडी स्वामी ने संगीतमय गुरु वंदन, मुकुंद माधव का वंदन कर प्रवचन को आगे बढ़ाया कि परीक्षित महाराज को श्राप मिला और वह गंगा तट पर उपस्थित हुआ। काल किसी को बता के नहीं आता समय पता नहीं होता वही परीक्षित के साथ हुआ कि काल सर्प के रूप में राजा को डसेगा मुक्ति के उपाय करना जरूरी है जितना किया जा सकता है परीक्षित के द्वारा किया जा रहा है। काल के काल से बचना मुश्किल है जीवन अगर एक आवरण है तो मृत्यु का वरण करना ही होगा इसका एक ही उपाय है संतों का सान्निध्य और भगवान की भक्ति जितना ज्यादा हो कर लेना चाहिए। स्वामी ने कहा कि राजा परीक्षित ने शुकदेव जी से प्रश्न किया कि यह संसार किसने बनाया एक है या कई मिल के बनाए या अकेला किसी का चेहरा किसी से मिलता ही नहीं।भगवान के पास कैसा सांचा है। शुकदेव ने कहा यह संसार ईश्वर ने बनाया जो केवल एक है संसार में जो भी निर्माण है उसका निर्माता भगवान ही है जिसकी शक्ति बहुत विलक्षण है। स्वामी जी ने आगे सुनाया भगवान विष्णु के नाभि कमल में उत्पन्न ब्रह्म तीन प्रकार के सृष्टि का निर्माण करता है प्रकृति को बनाया म सृष्टि का सृजन हुआ तीन प्रकार से मानसिक आंगिक शारीरिक मन से सनक सनंदन सनातन सनत कुमार उत्पन्न हुए। प्रवृत्ति निवृत्ति मार्ग समझ कर चारो संसार में प्रवृत्त होना स्वीकार नहीं किया निवृति मार्ग अपना सन्यासी हो गए।यह देख ब्रह्म जी को क्रोध आया क्रोध कहां से आता है जो शांत नहीं है। उन्होंने शांत प्रशांत को अधिक समझाते कहा शांत उसे कहते है जिसे कभी कभी गुस्सा आता है प्रशांत को कभी गुस्सा आता ही नहीं।भगवान ही है जो सदा से प्रशांत है। दंडी स्वामी ने एक दृष्टांत भी सुनाया कि एक बार एक पगडंडी से महात्मा अपने शिष्यों के साथ आ रहे थे दूसरी तरफएक राजा अपनी रानी के साथ आ रहा था पगडंडी में कीचड़ होने से कुछ कीचड़ के छींटे रानी के साड़ी में पड़ा राजा क्रोधित होकर महात्मा को थप्पड़ मार दिया लेकिन महात्मा को गुस्सा नहीं आया पर पीछे शिष्यों को गुस्सा आ गया कहे राजा होगा अपने राज का इसका मतलब ये तो नहीं कि किसी को भी मार दे। महात्मा भगवत भक्त था आगे बढ़ गए पर शिष्य ने कहा आप रोके क्यों बताइए महात्मा बोले पीछे मूड के देखो देखने पर दिखा राजा गिरा पड़ा है रानी उसे उठाने के प्रयास में अपने पूरी साड़ी को कीचड़ से लथपथ कर डाली है। दंडी स्वामी ने आगे कहा सनक सनंदन सनातन सनत कुमार द्वारा संसार में लिप्त न होने के बात सुनकर ब्रह्म जी को क्रोध आया भौहें सिकुड़ गई जहां से नीलाभ एक बालक पैदा हुआ ध्यान लगाकर देखा तो वह रुद्र था फिर रुद्र एकादश हो गए ब्रह्म ने हाथ जोड़े कहा आप हर हर हर है महादेव है आप मुझ पर कृपा करें। ब्रह्म फिर आंगिक सृष्टि की रचना की पहले नारद दक्ष सहित सप्तऋषियों को उत्पन किया फिर शारीरिक सृष्टि क निर्माण किया जिसमें स्त्री पुरुष बनाए। ब्रह्म जी अपना शरीर को दो भागो में बांट मनु सतरूपा बने दोनों हाथ जोड़ बोले पिता से बढ़कर कोई नहीं माता के समान कोई दूजा नहीं आप हमे आदेश कीजिए क्या करना है। माता पिता का प्रभाव है गणेश जी जिसके पास ऋद्धि हैं सिद्धि हैं शुभ और लाभ है। संतान के लिए माता पिता ही पूरा ब्रह्मांड है। ब्रह्म जी ने कहा जाओ 14 लोकों का निर्माण करो हर लोक की पहचान भी अलग अलग है। दंडी स्वामी ने कथा को विस्तार करते वराह अवतार लक्ष्मी नारायण अवतार आदि भगवान के अवतार, प्रणाम के महत्व और तरीका बताते हुए बड़ी संख्या में उपस्थित कथा प्रेमियों का आभार कर कथा समाप्त किया।

# बार्डर में बने बैरियर पर नहीं रहते कर्मचारी बेधड़क सीमाओं से आ रहा है धान

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम जिला में सीमावर्ती राज्य से धान का परिवहन रोकने के लिए चेक पोस्ट बैरियर बनाया गया है जहां पर कर्मचारियों की तैनाती भी किया गया है जो महज दिखावा है। रात्री में कुछ बैरियर खुला रहता है जहां पर कोई नहीं रहते तो कुछ बैरियर पर कमीशन लेकर धान से भरे गाड़ियों को पार कराया जाता हैं। इस पर जिला प्रशासन को कठोर कार्यवाही करना चाहिए। जिससे अन्य राज्य का धान छत्तीसगढ़ में न आ सके। सक्षम अधिकारी भी रात में फोन रिसीव नहीं करते है।

### भगवान भरोसा बार्डर

जिले के बार्डर के विभिन्न गांवों में अवैध धान परिवहन रोकने के लिए चैक पोस्ट बनाया गया है जो दिखावा मात्र का है। दिन में वहां पर ड्यूटी में कर्मचारी दिखाई देंगे लेकिन सूरज ढलते ही बैरियर को खुला छोड़कर भाग जाते है जिसका मुख्य वजह है कि व्यापारियों से मिलीभगत। वहां पर तैनात कर्मचारियों को ओहदे के अनुरूप चढ़ावा मिल जाना।

### प्रतिदिन मध्यप्रदेश से आ रहा हजारों क्विंटल धान

छत्तीसगढ़ राज्य की कबीरधाम जिला के सीमावर्ती गांव में लगे बैरियर से प्रतिदिन हजारों क्विंटल धान आ रहा है जिसे आसपास के उपार्जन केंद्रों में खपाया जा रहा है। इसकी जानकारी उपार्जन केंद्र प्रभारी और स्थानीय लोगों को भी है लेकिन किसी ने कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं और संबंध निभा रहे है।

### धान का उपज कम लेकिन खरीदी ज्यादा

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी समर्थन मूल्य पर किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य में सबसे महंगा दाम किसानों को मिल रहा है। राज्य सरकार के द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी कर रहे है लेकिन वनांचल क्षेत्र में प्रति एकड़ 10-15 क्विंटल का उत्पादन होता है। किसानों का पंजीयन पर्याप्त है जिसके चलते किसान अन्य राज्य के किसान या कोचियों से धान खरीदकर अपने पंजीयन में अपने उपार्जन केंद्र में धान को बेचते है।

### कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति

जिला प्रशासन द्वारा जांच टीम और उड़नदस्ता टीम तो बनाया गया है लेकिन केवल दिखावा मात्र है। अबतक जितना भी अवैध धान परिवहन करते पकड़ाया है वो पुराने चेक पोस्ट बैरियर से ही पकड़ाया है लेकिन जो गांव गांव में बनाया गया है उसमें एक भी कार्यवाही नहीं किया गया है लेकिन सबसे ज्यादा धान का अवैध परिवहन इन्हीं से होता हैं। सक्षम अधिकारी यदि रात्रि कालीन टिम बनाकर जांच में निकले तो बड़ी कार्यवाही हो सकता है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता।

# घोषणा के 10 साल भी अब तक नहीं बन पाया 100 बिस्तर का अस्पताल

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

वर्षों पूर्व घोषित 100 बिस्तर अस्पताल की घोषणा पर क्या अमल हो रहा है यह अब तक आम नागरिकों को कुछ पता नहीं चल पा रहा है। इधर प्रशासन भी अस्पताल कहां रहेगा, कहां बनाया जाएगा इसकी तस्वीर साफ नहीं कर रहा है। ज्ञात रहे की दल्ली राजहरा में 100 बिस्तर अस्पताल की घोषणा आज से 10 साल पहले ही हो चुकी है लेकिन अस्पताल भवन बनाने के लिए या अस्पताल किस भवन में खुलेगा इसकी स्पष्ट जानकारी आम जनों को नहीं हो पा रही है प्रशासन भी इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहा है यहां तक की जनप्रतिनिधि भी मुंह में दही जमाए हुए बैठे हुए हैं। अभी ऐसी जानकारी मिली है कि कोंड़ेकसा पावर हाउस के समीप, बीएसपी के एक स्कूल में शुरुआती दौर पर ओपीडी चालू हुई है लेकिन इससे नगर की जनता को लाभ नहीं मिल पा रहा है जबकि इस अस्पताल को नगर के बीच कहीं बनाना चाहिए तभी आम जनों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सकता है वैसे भी छत्तीसगढ़ राज्य में सेवाओं के सुधार और विस्तार के लिए निरंतर काम किया जा रहे हैं लेकिन दल्ली राजहरा के लिए शासन प्रशासन जनप्रतिनिधि कोई भी गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहा है महज राजहरा व्यापारी संघ इस मुद्दे को कई बार उठा चुका है बावजूद इसके 100 बिस्तर अस्पताल का कुछ समझ नहीं आ रहा है। इधर शासन का कहना है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में बुनियादी ढांचा मजबूत हो इस पर शासन का विशेष फोकस है राज्य में स्वास्थ्य सुविधा का विस्तार करना शासन की प्राथमिकता में है ताकि मरीजों को बेहतर और सुविधाजनक इलाज मिल सके। इसके बावजूद भी शासन में बैठे लोगों का ध्यान राजहरा नगर में 100 बिस्तर अस्पताल को शीघ्र आरंभ करने की ओर नहीं जा पा रहा है। इससे शासन की कथनी और करनी में स्पष्ट फर्क नजर आ रहा है। आने वाले समय में राजर में 100 बिस्तर अस्पताल अस्तित्व में आप पाएगा कि नहीं आ पाएगा या अब भविष्य के गर्भ में छुपा हुआ है।

# मार्गशीर्ष मानस महोत्सव में जिले की मंडलियों ने दी सांगीतिक प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



मार्गशीर्ष मानस महोत्सव ग्राम खाम्ही (साधु) में तहसील मानस संघ नवागढ़ एवं समस्त ग्रामवासी खाम्ही के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया है। उक्त आयोजन जिला मानस संघ बेमेतरा के मार्गदर्शन में बहुत ही रोचक और ज्ञानवर्धक रहा। इस कार्यक्रम में तहसील मानस संघ नवागढ़ द्वारा शक्ति केंद्र क्रमांक 01 रनबोड़ की स्थापना हुई। इस कार्यक्रम में मानस संघ बेमेतरा के अध्यक्ष देवलाल सिन्हा ने कहा कि यह आयोजन का उद्देश्य सिर्फ मानस गान नहीं है, अपितु यह रामचरित मानस का संदेश घर घर तक पहुंचाकर लोगों को सनातन संस्कृति के प्रति जागृत करना है आयोजन में दिव्य मंच की आभा प्रतिज्ञा मानस मंडली खाम्ही, शिवशक्ति मानस मंडली खाम्ही, ज्योति मानस मंडली खाम्ही, प्रभु के आशीर्वाद मानस मंडली बहेरा, हे शारदे बालिका मानस मंडली रणवीरपुर, जय गंगा मैया मानस मंडली नेवनारा, श्री विधि हरिहर मानस मंडली भिंभौरी, श्रीराम सेवा मानस मंडली झाल, सत्संग मानस मंडली नवागढ़ के साथ चमक रही थी जिससे समस्त क्षेत्रवासियों ने इस महा आयोजन को दिव्य आनंद की अनुभूति हुई। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला मानस संघ के संरक्षक दाऊ राजकुमार ताम्रकार, अध्यक्ष देवलाल सिन्हा, उपाध्यक्ष ओंकार चन्द्राकर माखन साहू उपाध्यक्ष सचिव छगन लाल साहू, संरक्षक माधो लाल साहू, संरक्षक भागवत निर्मलकर, सलाहकार नारायण निषाद गजेंद्र वर्मा, विष्णु साहू जिला कोषाध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष बेमेतरा बिहारी लाल यदु, ब्लाक अध्यक्ष बेरला उत्तम साहू, ब्लाक अध्यक्ष साजा भरत साहू, ब्लाक अध्यक्ष नवागढ़ महेश कुमार साहू, नरेंद्र जायसवाल, भीखम लाल देवांगन, डॉ ललित साहू, ओम यदु शक्ति केंद्र खंडसरा, राजेंद्र मानिकपुरी, सुरेन्द्र देवदास, खेमलाल साहू, मोती राम साहू, रामेश्वर साहू, ओमकेश्वर साहू, नीलचरण साहू, शालिक राम साहू, मणिशंकर बिंझवार, लता निषाद, अदिति साहू जिला संयुक्त सचिव, अनूप साहू क ममता साहू परमेश्वर साहू, मनीष साहू एवं समस्त ग्रामवासी खाम्ही (साधू) तथा शक्ति केंद्र रनबोड़ के मानस पथिकगणों ने अपने तन मन धन से सहयोग देकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# 5 जुआडियानो से नगदी रकम 7,670 रूपये जब्त

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार वारंटीयों एवं सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत 08.12.2024 को थाना परपोडी स्टाफ को जरिये मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम भटगांव में शितला तलाब के बगल में पचरी पार आम जगह में मोमबत्ती के उजाले में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे है कि सुचना पर थाना दाढी पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान कुछ लोग पुलिस को आते देखकर भाग निकले मौके पर जुआडियान पकडे गये। जिसमें 01 प्रकरण दर्ज कर 05 जुआडियानो फैजल खान उम्र 19 साल साकिन परपोडी, विक्की वर्मा उम्र 26 साल साकिन भटगांव, चंदराम साहू उम्र 45 साल साकिन भटगांव, संतोष वर्मा उम्र 47 साल साकिन तुमडीपार, रवि पटेल उम्र 19 साल साकिन भटगांव थाना परपोडी जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फड से कुल जुमला नगदी 7,670/- रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर कार्यवाही किया गया है।

# सशक्त एप की उपयोगिता के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

## राजपत्रित अधिकारी एवं थाना/चौकी प्रभारी द्वारा कार्यशाला का लिया गया लाभ

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा के सभा कक्ष में सशक्त एप (एप्लिकेशन) के उपयोगिता के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना/चौकी प्रभारी हुए शामिल। जिसमें विगत दिनो मुख्यमंत्री छत्तीसगढ शासन द्वारा सशक्त एप का शुभारंभ किया गया था। इस एप को पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग राम गोपाल गर्ग के विशेष प्रयास से विकसित किया गया है। इस सशक्त एप (एप्लिकेशन) के माध्यम से पुलिस कर्मियों को चोरी हुए वाहनों का डेटा एक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराना है। अब छत्तीसगढ राज्य के प्रत्येक जिले में पुलिस जवान इस एप का उपयोग कर चोरी हुए वाहनों की जानकारी एक क्लिक पर पा सकते है। छत्तीसगढ पुलिस की सतर्कता और सशक्त एप्लिकेशन की उपयोगिता से चोरी की वाहन की बरामदगी में पुलिस को सहयोग मिलेगी। इस प्रकार पूरे छत्तीसगढ में वाहनों की चोरी को पकडने के लिए आधुनिक तकनीक और कुशल पुलिसिंग का समन्वय अपराध नियंत्रण में प्रभावी हो सकता है। सशक्त एप के माध्यम से वाहनों के इंजन नंबर, चेचिस नंबर और पंजीयन नंबर मिलाया जाता है। अब इंजन, चेचिस और रजिस्ट्रेशन नंबर से तुरंत जांच कर तेजी से चोरी हुये वाहनों की पहचान की जा सकेगी। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया कि सशक्त एप (एप्लिकेशन) के माध्यम से वाहन चेकिंग के दौरान तथा बस स्टैण्ड, कबाडी दुकान में चेकिंग कर गुम/चोरी हुए वाहनों की पतासाजी करेंगे। कार्यशाला में डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, उप संचालक अभियोजन कंचन पाटिल, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी कविता राव सहित थाना/चौकी प्रभारी व अन्य स्टाफ शामिल रहें।

# भाजपा का भरोसा विकास, विज्ञान और संविधान पर : प्रज्ञा निर्वाणी

## राजनीति मन्दिर और जनता इस मंदिर के देवता समाज की सेवा ही मेरी आराधना

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



अचार सहिंता लगने से पहले अपने अपने मद से स्वीकृत कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण के लिए ग्राम पंचायत झाल पहुंची जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी,5 लाख की लागत से महामाया मंदिर के पास अतिरिक्त कक्ष निर्माण और 2.1 लाख की लागत से बनने वाले नाली और महामाया मंदिर प्रांगण में रनिंग वाटर का लोकार्पण जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने किया, झाल की सरपंच पिंकी गज्जू वर्मा, उप सरपंच नानक वर्मा, सचिव दसरू राम रजक सहित ग्राम पंचायत के पंचों ने अतिथियों का अभिनंदन कर निर्माण के लिए आभार व्यक्त किया, अपने उद्बोधन में प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि भाजपा का भरोसा विकास, विज्ञान और संविधान पर है, दलीय प्रतिबद्धता से ऊपर उठकर सदैव विकास कार्यो को प्राथमिकता से करना भाजपा की संस्कृति है, महतारी वन्दन का पैसा सीधे बहनों के खाते में आता है यह विज्ञान और तकनीकी का उपयोग भ्र्ष्टाचार दूर करने में करने पर भाजपा का भरोसा है, सविंधान के मूल भावना के तहत बिना तुष्टिकरण की नीति अपनाए लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पंथ, जाती, धर्म के लोगो को समान रूप से मिल सके यह भाजपा सरकार की संविधान के प्रति प्रतिबद्धता है, राजनीति मेरे लिए मन्दिर और जनता इस मंदिर के देवता हैं, समाज की सेवा ही मेरी आराधना है, मेरी पूजा है, कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने की, डॉ निर्वाणी ने कहा कि राजनीति में अपने कार्य को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करना राष्ट्र की सेवा और आराधना से कम नही है, गिरती हुई राजनीति की विश्वसनीयता में अगर कुछ जनप्रतिनिधि यह मान्यता स्थापित करने में सफल हों कि वो जनता के सेवक हैं और उन्हें अपने हिस्से की ईमानदारी निभानी है तो यह माँ भारती की छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा होगी और यही करना भी चाहिए, गज्जू वर्मा ने शाल श्रीफल देकर उपस्थित अतिथियों का अभिनंदन किया, महामाया मंदिर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लोकार्पण से ग्रामवासियों में हर्ष और खुशी का माहौल दिखा।

# कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया सोनिया गांधी का जन्म दिन

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा के द्वारा कांग्रेस कार्यालय में राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी का जन्मदिवस केक काटकर मनाया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक बांबेश्वर ने कहा कि सोनिया गांधी त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति हैं। कार्यक्रम का संचालन उत्तर मंडल अध्यक्ष विवेक मसीह व आभार व्यक्त दक्षिण मंडल अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका विधायक प्रतिनिधि रत्तीराम कोसमा, जिला महामंत्री काशीराम निषाद, जिला संयुक्त महामंत्री विजय जोगदंड, जिला सचिव रवि जायसवाल, पूर्व एल्डरमैन प्रमोद तिवारी, जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत बोकड़े, जिला अध्यक्ष झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदीप बबलू,युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष भरत देवांगन, पार्षद स्वप्निल तिवारी, रामू शर्मा, जेबा कुरैशी, तंजीला खान, प्रमोद चौधरी, नगर अध्यक्ष युवक कांग्रेस अयान अहमद, नीरज साहू, खिलेश पटेल, कुंदन, मुकेश पटेल, नितिन लुल्ला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन सम्मिलित हुए।

# खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है : ललित चंद्राकर

## क्रिकेट प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर



पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डुंडेरा में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शामिल हुए। इस मौके पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को ट्रॉफी से सम्मानित पुरस्कार प्रदान कर उनके उत्साह को बढ़ाया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने कहा यहाँ खेल के महत्व पर बात करने के लिए उपस्थित हूँ। खेल हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है, और हमें जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी सफलता प्राप्त करने में मदद करता है। खेल हमें सिखाता है कि कैसे टीम के साथ मिलकर काम करना है, कैसे हार को स्वीकार करना है, और कैसे जीत का आनंद लेना है। यह हमें सिखाता है कि कैसे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी है, और कैसे अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रयास करना है। आज के समय में, जब हमारा समाज इतना व्यस्त हो गया है, खेल हमें अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने का अवसर प्रदान करता है। यह हमें अपने दैनिक जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करता है, और हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। आइए हम खेल को अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाएं। आइए हम अपने बच्चों को खेल के महत्व के बारे में सिखाएं, और उन्हें खेल के माध्यम से अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर पार्षद विक्की चंद्राकर पार्षद छाया दुर्गेश साहू जिला मंत्री रोहित साहू उतई मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा महामंत्री सोनू राजपूत गोविंद साहू केशव महिपाल कु.सुरभि सुरुचि व आयोजन समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# जिला कांग्रेस कमेटी सक्ती ने किया संविधान रक्षक अभियान





पायनियर संवाददाता ≺ सक्ती
www.dailypioneer.com

संविधान की मूल भावना को बदलने का प्रयास किया जा रहा है, अखण्ड संविधान को बदलने तोडने का काम रही हैं। केंद्र सरकार, संविधान सबके लिए है,सबके लिये रहेगा, उक्त विचार जिला कॉग्रेस कमेटी सकती द्वारा आयोजित कार्यक्रम संविधान और समानता की लडाई के विषय पर आधारित कार्यशाला में विधायक एवँ नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महन्त ने 9 दिसंबर को जिला कांग्रेस कमेटी शक्ति द्वारा शक्ति शहर के सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही, डॉ महंत ने कहा कि सनातन धर्म की परिभाषा सिखाने वाले हम सब एक कहने वाले आज भारत को तोड़ने का काम कर रहे है मन्दिर मस्जिद की लड़ाई में सबको उलझा कर रख दिया है। पुर्व मंत्री पूर्व विधायक नोवेल वर्मा ने कहा कि बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर ने संविधान में सभी वर्गों को समानता का अधिकार दिया है लेकिन अब उसी संविधान को बदलकर लोगों को उनके संवैधानिक अधिकार को बदलने का प्रयास हो रहा है जिला युवा कॉग्रेस के अध्यक्ष विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि भाजपा अलग अलग समुदाय बनाकर हमेशा समाज को तोड़ने का काम करती हैं शिक्षा स्वास्थ्य का बुरा है चन्द्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने कहा कि हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई के नारे में रास्ट्रीय एकता को अब भाजपा बदलने का प्रयास कर रही बाबा साहब के कानून के कारण दबे कुचले लोगो को जीवन स्तर ऊपर हो रहा था संविधान की आड़ में मंदिर मस्जिद की लड़ाई में लगे हैं जिले के प्रभारी पूर्व विधायक यू डी मिज ने कहा कि कॉग्रेस पार्टी संविधान की रक्षा के लिये अब देश के बड़े नेता राहुल गांधी कॉग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मार्ग दर्शन में हम सब संविधान की रक्षा करने लड़ाई लड़ेंगें कार्यक्रम में जिला किसान कॉग्रेस के अध्यक्ष साधेश्वर गवेल महबूब खान राईस किंग खूंटे जगेश्वर सिंह राज अलका जायसवाल एन एस यू आई अध्यक्ष मयंक स्वर्णकार जिला कॉग्रेस अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जायसवाल ने संबोधित किया कार्यक्रम में सकती जिले के कॉग्रेस कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही जिसमें प्रमुख रूप से गुलज़ार सिंह श्यामसुंदर अग्रवाल नरेश गेवाडीन घनश्याम पांडेय आनद अग्रवाल सरवन सिंह सिदार गिरधर जायसवाल पिंटू ठाकुर अमित राठौर राजीव जायसवाल रोहित यादव उमेश यादव अशोक यादव हीरा साय यादव सम्मे लाल गवेल लाला सोनी टिका राम कुर्रे कन्हैया कवर रविन्द्र शर्मा परस कुसुमलता अजगले सहस राम कर्ष रूप नारायण साहू बंशी खंडे रवि गवेल श्याम कश्यप शाश्वत धर दिवान राकेश महन्त रथ राम भुरू अग्रवाल नवरत्न वैष्णव रामेश्वर बरेठ देवेंद्र सिदार राजेश भर्गव राम आधार जायसवाल घनश्याम देवांगन यसवंत साहू रामसजीवन देवांगन गौरीशंकर यादव बलराम पांडे सरोज डड़सेना विजया जायसवाल कौशिल्या कमलेश चान्दनी सहिस सहित जिले भर से कॉग्रेस नेताओं की उपस्थिति रही कार्यक्रम के पूर्व बाबा भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

# गौरव ग्राम सिवनी नैला में श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी...

पायनियर संवाददाता ≺ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



सिवनी नैला गौरव ग्राम में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भी श्रद्धालुओं का भारी उत्साह देखने को मिला। कथा स्थल भक्तिमय वातावरण और श्रद्धालुओं के भक्ति भाव से गूंजायमान रहा।प्रमुख वक्ता की वाणी से मंत्रमुग्ध हुए भक्त कथा वाचक आचार्य प्रवीण मिश्रा ने तीसरे दिन अपनी मधुर वाणी और प्रेरणादायक व्याख्यान से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने धार्मिक कथा के गूढ़ अर्थों को सरल भाषा में समझाकर श्रद्धालुओं को अध्यात्म के करीब लाने का प्रयास किया।यजमानों की भूमिका रही अहम। आयोजन के मुख्य यजमान रामनारायण वस्त्रकार और सुनीता वस्त्रकार ने इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया। उनके समर्पण और सहयोग के कारण आयोजन दिन-प्रतिदिन भव्य और प्रेरणादायक होता जा रहा है। आज की कथा के मुख्य प्रसंग तीसरे दिन की कथा में आचार्य प्रवीण मिश्रा ने निम्नलिखित प्रमुख प्रसंगों का वर्णन किया। सृष्टि उत्पत्ति की कथाः सृष्टि की रचना और उसके पीछे छिपे आध्यात्मिक तत्वों का वर्णन किया गया। वराह अवतारः भगवान विष्णु के वराह अवतार की कथा ने श्रद्धालुओं को धर्म और सत्य के प्रति प्रेरित किया।सती-ध्रुव चरित्रः सती और ध्रुव के जीवन प्रसंगों के माध्यम से भक्ति, निष्ठा और दृढ़ संकल्प के महत्व को रेखांकित किया गया। श्रद्धालुओं ने पूरे मनोयोग से कथा श्रवण किया और धार्मिक संदेशों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। आगामी दिनों का कार्यक्रम - कथा के आगामी दिनों में भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, गीता के उपदेश, और अन्य गूढ़ प्रसंगों का विस्तृत वर्णन सुनने का अवसर मिलेगा। विशेष रूप से माखन चोरी, गोवर्धन पूजा, और रासलीला जैसे प्रसंगों का वर्णन भक्तों को आध्यात्मिक आनंद प्रदान करेगा। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ - आयोजन में दिन-प्रतिदिन बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या यह प्रमाणित करती है कि यह धार्मिक आयोजन न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान कर रहा है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का माध्यम भी बन रहा है।

# सतरेंगा का भ्रमण किया सक्ती के लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल के विद्यार्थियों ने



पायनियर संवाददाता ≺ सक्ती
www.dailypioneer.com

सक्ति के प्रसिद्ध अंग्रेजी भाषा के स्कूल लिटिल फ्लॉवर के कक्षा 6 वी से 12 वी के 120 छात्र/छात्राओं ने विद्यालय परिवार के साथ 8/12/24 को सतरेंगा का भ्रमण किया। विद्यालय के डायरेक्टर मोहम्मद अनीस शेख एवम टी .पी.उपाध्याय ने सभी बच्चों को बस से सतरेंगा लेकर गए।वहाँ सभी बच्चों ने स्वल्पाहार करके प्रकृति के अनुपम सुंदरता को देखा साथ ही उन्होंने ने अनेक खेल खेलने के बाद जलविहार का आनंद लिया एवम गार्डन का भी भ्रमण किया।सभी बच्चों ने वहाँ खूब इंजॉय किया। सभी बच्चों के लिये भोजन की व्यवस्था विद्यालय की ओर से किया गया था। विद्यालय के बच्चे डायरेक्टर मोहम्मद अनीस शेख तथा टी.पी. उपाध्याय के संरक्षण में वन विहार का आनंद लिया। सभी बच्चों ने इस वनविहार के लिये विद्यालय के संचालको को धन्यवाद दिया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से गई पूर्व पार्षद की जान

पायनियर संवाददाता ≺ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद बलरामपुर के पूर्व पार्षद शनिवार के देर शाम अपने घर लौट रहे थे उसी दरमियान अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी सर में चोट लगने के कारण उनके मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनके बाइक को करीब 20 से 25 मी तक अज्ञात वाहन घसीटते हुए ले गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया पीएम पश्चात रविवार को शव परिजनों को सौंप दिया गया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 2 निवासी पूर्व पार्षद फ्रांसिस केरकेट्टा उम्र 47 वर्ष शनिवार को किसी काम से बाइक क्रमांक सीजी 15 सीजेड 4609 बलरामपुर से 10 किलोमीटर दूर दलधोवा ग्राम की ओर गए थे। वह काम कर देर शाम 7 बजे के लगभग बलरामपुर वापस आ रहे थे। वे जैसे ही डुमरखी फॉरेस्ट बेरियर के पहले टर्निंग के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे वह बाइक से गिर गए और सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं टक्कर मारने वाला वाहन उनकी बाइक को 20 से 25 मीटर तक घसीटते हुए ले गया, फिर फरार हो गया।हादसे में पूर्व पार्षद की मौत से परिजन सदमे में है तो व्ही वार्ड वासीयो में शोक का माहौल है। लोगों ने बताया कि पूर्व पार्षद के सिर में ही गंभीर चोट आई थी,बाकी शरीर के किसी हिस्से में चोट नहीं लगी है। अगर उन्होंने हेलमेट पहना होता तो शायद उनकी जान बच जाती।

## पुलिस ने किया 14 जरकिन स्पिरिट जप्त

पायनियर संवाददाता ≺ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



अंतर्राजीय बैरियर पर सफेद रंग का बोलेरो वाहन जेएच 03 एजे 9548 से 14 जरकिन स्पिरिट पुलिस ने बरामद किया है। एक बेलेरो वाहन की अनुमानित मूल्य 08 लाख रूपये,560 लीटर स्पिरिट कि अनुमानित मूल्य 11,20,000 रूपये कुल कीमत 19,20,000 रूपये बताई जा रही हैं। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार झारखंड प्रदेश के जिला पलामू निवासी हाफिज अंसारी पिता तेजामुल, उम्र 24 वर्ष, ग्राम सोरठा, थाना पाटन के द्वारा कच्ची शराब में उपयोग करने के लिए एवं सरगुजा संभाग में खपाने के लिए ले जा रहा था जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और आगे की कार्रवाई करते हुए अपराध क्रमांक 220/2024 धारा 34(1) (क) (ज), 34(2), 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# गोवा में स्वर्ण सहित कई पदक जीते राज प्रधान, चांपा नगर में हुआ भव्य स्वागत



पायनियर संवाददाता ≺ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

बॉडी बिल्डिंग में चांपा के राज प्रधान ने एकबार फिर बाजी मारते हुए इस प्रतियोगिता में कई पदक हासिल किए, जिसमें राज प्रधान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेंस कैटेगरी के फिटनेस आई. सी. एन. में प्रथम स्थान तथा नेचुरल फिट मेंस फिजिक में तीसरा स्थान प्राप्त कर एक स्वर्ण तथा एक कांस्य पदक हासिल कर जिले के साथ साथ पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है।चांपा नगर के मित्रगणों ने इस उपलब्धि से गौरवान्वित है और चांपा नगर आगमन पर मित्रगणों द्वारा लायंस चौक में भव्य आतिशबाजी के साथ स्वागत किया।

मैंस पावर लिफ्टिंग, वेट लिफ्टिंग, मॉडलिंग, बॉडीबिल्डिंग, फिटनेस मॉडलिंग में निरंतर अपने कदम आगे बढ़ाते जा रहा हैं तथा जिले का नाम रोशन कर रहा हैं।

# कुलदेवी महालक्ष्मी जी के वरदान दिवस कार्यक्रम का आयोजन करेगा छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच

पायनियर संवाददाता ≺ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आगामी 14 दिसंबर 2024 अगहन पूर्णिमा के दिन कुलदेवी महालक्ष्मी जी के वरदान दिवस का कार्यक्रम शाम 6:00 बजे से राजधानी रायपुर के समता कॉलोनी स्थित श्री रामनाथ भीमसेन सभा भवन में किया गया है,उपरोक्त जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के महामंत्री नितेश अग्रवाल ने बताया कि शाम 6:00 बजे से आयोजित कार्यक्रम में महालक्ष्मी जी एवं भगवान अग्रसेन जी की पूजा अर्चना होगी साथ ही इस अवसर पर प्रसादी का भी कार्यक्रम रखा गया है,जिसमें मंच के प्रदेश के विभिन्न स्थानों से पदाधिकारी- सदस्य सहित रायपुर शहर से भी अग्रवाल समाज के बंधु सह परिवार शामिल होंगे, प्रांतीय महामंत्री नितेश अग्रवाल ने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के संरक्षक कन्हैया अग्रवाल रायपुर एवं हरिवल्लभ अग्रवाल रायपुर के मार्गदर्शन में किया जाएगा तथा इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंच की महिला इकाई भी व्यापक रूप से तैयारी में जुटी हुई है।

## रेलवे के बोर्ड चेयरमैन से मिली जांजगीर की सांसद कमलेश जांगड़े

**सक्ती।** जांजगीर-चाम्पा संसदीय क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों की विभिन्न मांगों को लेकर भाजपा की सांसद कमलेश जांगड़े ने रेलवे बोर्ड के चैयरमेन से मुलाकात की है,तथा उन्हें रेलवे स्टेशनों में यात्री ट्रेनों का स्टॉपेज देने, यात्री सुविधाएं बढ़ाने सहित विभिन्न मांगों पर विस्तार पूर्वक चर्चा भी की है, जिस पर बोर्ड चैयरमेन ने

# किसान संबंधी समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों में राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ≺ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिले के राजपुर ब्लॉक अध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में किसान से संबंधित जुड़े हुए मामले को लेकर राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपा गया। सौपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि धान खरीदी केंद्र में बरदाना की कमी, टोकन की व्यवस्था अव्यावहारिक और किसानों से डेढ़ से 2 किलो धान अधिक तौला जा रहा है। व्ही सोसाइटियों में धान की उठाव समय से नहीं हो रही है 21 क्विंटल के हिसाब से किसानों का धान नहीं खरीदा जा रहा है। प्रदेश सरकार के द्वारा 3100 रूपए एक मुसत भुगतान देने की बात कही गई थी लेकिन किसान के खाते में 2300 रुपए प्रति क्विंटल रकम आ रहा है इतना ही नहीं सरकार यह भी कही थी कि 72 घंटे के अंदर पूरी भुगतान की जाएगी लेकिन कई सप्ताह का समय व्यतीत होने के बाद भी भुगतान नहीं आ पा रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कॉमेडी राजपुर के बृजेश मिश्रा, राम सुंदर यादव, राहुल भारती, बसंत राम,सजीवन राम, अशोक गुप्ता सहित अन्य किसान गण मौजूद थे।

# देश और प्रदेश की सरकारी कर रही हैं संविधान के साथ मजाक : डॉ.प्रेमसाय सिंह

पायनियर संवाददाता ≺ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश भर में चलाए जा रहे संविधान रक्षक अभियान के तहत ब्लॉक कांग्रेस मुख्यालय राजपुर में जिले के प्रभारी डॉ.प्रेमसाय सिंह ने कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों को संबोधित किया,संबोधन में सिंह ने कहा की वर्तमान सरकार संविधान के साथ मजाक कर रही है हर स्तर पर संविधान में दिए गए अधिकारों का उल्लंघन किया जा रहा है आम आदमी परेशान है उसके हितों की बात करने से सरकार कतरा रही है समानता का बात सिर्फ किताबें हो गया है उन्होंने कहा किया अभियान प्रदेश में चार चरणों में किया जाना है आने वाले 26 जनवरी 2025 तक संविधान को लेकर और उसके विभिन्न पहलुओं पर बात होगी प्रदेश और देश में जो बातें हो रही हैं उन सब पर भी चर्चा होगी। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं ब्लॉक अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि हमारा संविधान सबको समान अवसर प्रदान करता है संविधान का अनुच्छेद सबके लिए समानता का अवसर उपलब्ध कराता है परंतु आज हमारे संविधान के साथ खिलवाड़ हो रहा है हम सब संविधान के साथ हो रहे सरकार के नजरिए से बेहद दुखी हैं कांग्रेस को इस बात की चिंता है कि संविधान ने जिस तरह से आम लोगों को अधिकार दिए हैं उनका पालन हर स्तर पर हो पर संविधान को प्रदेश और देश की सरकार ने मजाक बनाकर रख दिया है सड़क से संसद तक चारों तरफ संविधान का उल्लंघन हो रहा है। इस दौरान किसानों की समस्याओं को देखते हुए उनकी मांग पर संविधान रक्षक अभियान कार्यक्रम पश्चात पूर्व मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह ने धान खरीदी केंद्र का भी निरीक्षण किया कार्यकर्ताओं के साथ धान खरीदी केंद्र राजपुर जाकर किसानों की समस्याएं सुनी और उपलब्ध संसाधनों के उपयोग पर जोर दिया प्रतिदिन किसानों को भुगतान उनकी इच्छा अनुसार सरकार के मानदंडों अनुसार हो सके उसके लिए आवश्यक सुविधाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नीरज तिवारी ने किया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी बलरामपुर के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी वरिष्ट कांग्रेसी सतेंद्र पांडेय डॉ.बी.एन.द्विवेदी लघु वनोपज बलरामपुर के जिला अध्यक्ष लाल साय मिंज जिला महामंत्री जितेन्द्र गुप्ता पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह पार्षद पुरन जयसवाल युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव व जनपद सदस्य नीरज तिवारी ब्लॉक उपाध्यक्ष बृजेश कुमार मिश्रा,एवं राम सुन्दर यादव अशोक गुप्ता, देवबलि टेकाम विकास यादव आलोक सिंह पंकज ठाकुर विभु जायसवाल एवं युवा कांग्रेस व एनएसयुआई के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## 9 दिसंबर को संपन्न हुआ प्रदेश अधिवेशन एवं वार्षिक आम सभा

# जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित घोषित हुए अमित गौतम

पायनियर संवाददाता ≺ सक्ती
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय के ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन का राज्य स्तरीय पत्रकार सम्मेलन एवं वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया, सम्मेलन का शुभारंभ वीणा वादिनी मां सरस्वती के तेलचित्र पर दीप प्रज्वलन कर एवं माल्यार्पण के साथ हुआ, तत्पश्चात इस राज्य स्तरीय पत्रकार सम्मेलन में छत्तीसगढ़ प्रदेश के लगभग 25 जिलों से यूनियन के पदाधिकारी सदस्य पहुंचे तो वहीं इस कार्यक्रम का आयोजन यूनियन की जांजगीर-चाम्पा जिला इकाई के आतिथ्य में एवं जिला अध्यक्ष राजू शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया था सम्मेलन के इस कार्यक्रम के दौरान मंच पर छत्तीसगढ़ जनरलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम, छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत, जांजगीर चाम्पा के विधायक व्यास कश्यप, पामगढ़ की विधायक शेष राज हरबंस, चंद्रपुर के विधायक रामकुमार यादव, छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, जिला भाजपा के उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया,भारत स्काउट गाइड जिला मुख्य आयुक्त जांजगीर चाम्पा हितेश यादव, भाजपा नेता इंजीनियर रवि पांडेय, नगर पालिका जांजगीर के पूर्व अध्यक्ष रमेश पैंगवार, नगर पालिका जांजगीर के अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल,उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, नगर पालिका चाम्पा के पूर्व अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, यूनियन की जांजगीर चाम्पा जिला इकाई के अध्यक्ष राजू शर्मा, जिला महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सीमा शर्मा, केदार सिंह राठौर,राजेंद्र राठौर, जिला महासचिव राघवेंद्र पाठक, अमरीश राठौर, सहित अन्य दिग्गज हस्तियां उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला इकाई जांजगीर चाम्पा की ओर से केदार सिंह राठौर ने विस्तार पूर्वक पत्रकार सम्मेलन के विषय पर प्रकाश डाला साथ ही आगंतुक सभी पत्रकार साथियों का स्वागत किया,मंच पर उपस्थित अतिथियों का भी स्वागत यूनियन की ओर से किया गया तथा कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ जनरलिस्ट वेलफेयर यूनियन प्रदेश के निर्वाचन हेतु मुख्य चुनाव अधिकारी अनिल साखरा वके मार्गदर्शन में सहायक चुनाव अधिकारीयो ने विधिवत प्रदेश अध्यक्ष सहित कुल 28 पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी देते हुए 28 पदों के लिए निर्वाचित पदाधिकारी की घोषणा की तथा इस दौरान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम ने कहा कि आप सभी के सहयोग से एवं समर्पित भावना से इस यूनियन ने अल्प समय में ही आज पूरे प्रदेश में एक मजबूत संगठन तैयार किया है, तथा आने वाले समय में हम सभी मिलजुल कर इस संगठन को और अधिक ऊंचाइयों की ओर लेकर जाएंगे, वहीं कार्यक्रम के दौरान चाम्पा के पूर्व विधायक नारायण चंदेल ने पत्रकार जगत को चौथा स्तंभ बताते हुए सम्मेलन के आयोजकों को धन्यवाद व्यापित किया तथा जांजगीर चांपा जिले में आयोजन करने पर प्रदेश संगठन का भी आभार व्यक्त किया, जिला भाजपा के उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने भी कहा कि पत्रकार साथी शासन को एवं समाज को आईना दिखाने का काम करते हैं तथा सभी निष्पक्ष रूप से अपनी इन जिम्मेदारियो का निर्वहन करते रहे। कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने इस पत्रकार सम्मेलन में जो भी निर्णय लिया है आपके सभी निर्णय को मैं पूरी ईमानदारी के साथ राज्य शासन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा एवं मैं सदैव आपके साथ हूं आप इसी तरह से एकजुटता के साथ कार्य करें कार्यक्रम को जांजगीर चाम्पा के विधायक व्यास कश्यप ने भी संबोधित करते हुए कहा कि मुझे बेहद खुशी है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश स्तर का कार्यक्रम हो रहा है एवं आप सभी मुझे अपनी समस्याएं बताते रहें, जिससे हम सदन में आपकी समस्याओं के निराकरण की दिशा में प्रयास करें, पामगढ़ की विधायक शेषराज हरवंश ने भी कहा कि पत्रकार जगत ने सदैव राष्ट्र की तरक्की के लिए काम किया है, तथा आप सभी हमेशा जागरूक होकर कार्य करते हैं। कार्यक्रम को इंजीनियर रवि पांडेय ने भी संबोधित करते हुए कहा कि मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि जांजगीर चांपा जिले में यह कार्यक्रम हो रहा है,एवं मैं इस कार्यक्रम में पधारे हमारे प्रदेश के विभिन्न कोनो के सभी पत्रकार साथियों का हार्दिक अभिनंदन करता हूं,इस दौरान जांजगीर चांपा जिला इकाई के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, राज्य स्तरीय पत्रकार सम्मेलन के दौरान लगभग 700 की संख्या में पत्रकार साथी मौजूद रहे तो वहीं 8 दिसंबर को ही प्रदेश के विभिन्न स्थानों से पत्रकार साथी जांजगीर पहुंच गए थे, जिनके संपूर्ण आवास, भोजन की व्यवस्था जांजगीर चाम्पा जिला इकाई की ओर से की गई एवं 9 दिसंबर को भी पूरे दिन भर ऑडिटोरियम परिसर में स्वल्पाहार तथा भोजन की सुंदर व्यवस्था जांजगीर चांपा जिला इकाई ने की,तो वहीं पत्रकार सम्मेलन में छत्तीसगढ़ जनरल लिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश पदाधिकारीयो ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया तथा पूरे आयोजन को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ जनरलिस्ट वेलफेयर यूनियन प्रदेश संगठन,जांजगीर- चाम्पा जिला इकाई का योगदान रहा अंत में आभार प्रदर्शन यूनियन की जांजगीर-चांपा जिला इकाई के महासचिव राघवेंद्र पाठक ने करते हुए आगंतुक सभी पत्रकार साथियों का धन्यवाद व्यापित किया।

# 11 दिसंबर को नगरीय निकाय के अधिकारी-कर्मचारी करेंगे अनिश्चित कालीन हड़ताल



पायनियर संवाददाता ≺ सक्ती
www.dailypioneer.com

नवयुक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले छत्तीसगढ़ के प्रदेश स्तर पर नगरीय निकायों के कर्मचारियों के 6 सूत्रीय मांग, 1. कर्मचारियों को ट्रेजरी के माध्यम से वेतन भुगतान करने, 2. नगरीय निकाय में ओल्ड पेंशन योजना लागू करने, 3. 6वें व 7वें वेतनमान की एरियस राशि प्रदान करने, 4. अनुकंपा नियुक्ति शीघ्र ही करने, 10 वर्ष सेवा पश्चात कर्मचारियों को पदोन्नित शीघ्र ही करने एवं 6. निकायों में ठेका पद्धति शीघ्र ही समाप्त करने को लेकर 11 दिसंबर 2024 से रायपुर के धरना स्थल तूता में नगरीय निकाय के कर्मचारी अनिश्चिकालीन हड़ताल पर रहेगे।

उक्त हड़ताल अवधि में नगरीय निकायों के सभी प्रकार के मूलभूत सुविधा बंद रहेगा। उपरोक्त अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर नगर पालिका शक्ति के कर्मचारी भी हड़ताल पर रहेंगे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शक्ति संजय सिंह को कर्मचारियों द्वारा ज्ञापन सौंप कर जानकारी दी गई है।

# युवाओं को मिलेगी प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग-मंत्री देवांगन

पायनियर संवाददाता ❮ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री तथा कोण्डागांव जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने कोण्डागांव जिले में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग सुविधा का शुभारंभ किया। प्रभारी मंत्री देवांगन ने आज स्थानीय ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रशासन द्वारा दी जा रही परीक्षा की तैयारियों के लिए युवाओं को किट प्रदाय किया। प्रभारी मंत्री देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा खनिज न्यास निधि की राशि का उपयोग जिले के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। डीएमएफ की राशि से आज जिले के बच्चों को निःशुल्क कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है, जो सराहनीय है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप राज्य के युवाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने और उनके भविष्य को संवारने का कार्य किया जा रहा है। किसानों से लेकर हर वर्ग के नागरिकों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं। राज्य सरकार के इसी प्रयासों से यहां के युवा निःशुल्क सुविधा का लाभ उठाकर अपने भविष्य को उज्जवल बनाते हुए सफलता प्राप्त करेंगे और देश एवं राज्य के लिए अपना योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के सुशासन के एक साल पूरे हो रहे हैं। राज्य शासन ने कम समय में ही मोदी की गारंटी को पूरा करने में सफल हुई है। राज्य के गरीब परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवास स्वीकृत हुए हैं, महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने एक हजार रूपए मिल रही है, किसानों के कल्याण के लिए भी कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कोचिंग प्राप्त कर रहे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी और कहा कि आप सभी अच्छे नागरिक बनकर देश की सेवा करें। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जिले में अध्ययनरत 11वीं एवं 12वीं के विज्ञान संकाय के छात्रों के लिए भी जेईई एवं नीट परीक्षाओं हेतु कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया।

### जिला मुख्यालय में नि:शुल्क कोचिंग सुविधा मिलने से युवाओं में उत्साह

जिला मुख्यालय में निःशुल्क कोचिंग की सुविधा से उत्साहित युवाओं ने कहा कि अब जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए रायपुर, बिलासपुर जैसे बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी और जिले में ही रहकर अच्छे से तैयारी कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा जिले के अभ्यर्थियों से कोचिंग हेतु आवेदन मंगाए गए थे, जिसमें कुल 1543 अभ्यर्थियों ने अलग-अलग परीक्षा हेतु आवेदन दिए थे। प्राप्त आवेदनों के आधार पर परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें मेरिट क्रम में 234 अभ्यर्थियों के प्राप्त अंकों के आधार पर यूपीएससी हेतु 19, सीजीपीएससी हेतु 94, व्यापम हेतु 102, आरआरबी हेतु 05, एसआई हेतु 01, एसएससी हेतु 12 एवं बैंकिंग हेतु 01 एवं अभ्यर्थियों की रूचि के आधार पर कोचिंग दी जा रही है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि कोण्डागांव जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई जैसे शहरों में जाना पड़ता था। युवाओं के इस परेशानियों को देखते हुए शासन के मंशा के अनुरूप जिला खनिज न्यास की राशि का सदुपयोग हो, इसी के अंतर्गत बच्चों के भविष्य को संवारने और उनके कल्याण के लिए निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव के मंशानुरूप कोण्डागांव जिला शिक्षा के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है। जिला मुख्यालय में युवाओं को कोचिंग की सुविधा मिलने से उन्हें दूसरे शहर जाने की आवश्यता नहीं पड़ेगी। उन्होंने युवाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी।

# ब्लड डोनेशन शिविर में 27 यूनिट रक्तदान



पायनियर संवाददाता ❮ कोरिया
www.dailypioneer.com

सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले सहित विभिन्न स्थानों पर जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कोरिया कलेक्टर चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में मंगलवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में ब्लड डोनेशन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कॉलेज के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और अन्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अब तक 27 यूनिट रक्तदान किया जा चुका है और यह प्रक्रिया निरंतर जारी है। रक्तदाताओं को सम्मानित करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रशांत सिंह, सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल और जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशरफ अंसारी ने उन्हें सर्टिफिकेट प्रदान कर उनके प्रयासों की सराहना की।

### जनहितकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार

जिले में सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से 9 दिसंबर से 20 दिसंबर 2024 तक विभिन्न विकास खंडों में गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इनमें ब्लड डोनेशन शिविर, हेल्थ कैंप, मितानिन सम्मेलन और योजनाओं की जानकारी देने के लिए विशेष कार्यक्रम शामिल हैं। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसायटी, जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम और पॉलिटेक्निक कॉलेज के सभी शिक्षक-छात्रगण मौजूद रहे। इस आयोजन ने न केवल रक्तदान की महत्ता को उजागर किया, बल्कि जनसेवा और जागरूकता को भी बढ़ावा दिया।

# बच्चों में कला शिल्प साहित्य को बढ़ावा देने राष्ट व्यापी प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ❮ सरायपाली
www.dailypioneer.com



निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने 7 से 14 आयु वर्ग के विद्यार्थियों के बीच सद्भावना को प्रोत्साहित करने और बच्चों में कला-शिल्प,साहित्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्प्लैश वार्षिक राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। विद्यार्थियों के मध्य विषय आधारित शुद्ध लेखन एवं ड्रॉइंग प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता कर अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता दो कैटेगरी में हुई 7-10 वर्ष हेतु विषय ग्रेटफूल हार्ट तथा 11-14 वर्ष के लिए अनसंग हीरो रहा। स्प्लैश सभी बच्चों को उनकी रचनात्मकता के माध्यम से प्रशंसा और आभार के महत्व को प्रतिबिंबित करने और स्वतंत्र अभिव्यक्ति हेतु प्रोत्साहित करता है। यह स्प्लैश निःशुल्क, समान रूप से प्रतिभा प्रदर्शन करने अवसर उपलब्ध कराया जिसमें सेजेस के प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ कला साहित्य की बारीकियों से अवगत होते हुए इस अवसर को उपलब्धि मुलक बनाने की दिशा में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए एक सार्थक प्रयास किया। इस राष्ट्रव्यापी ड्रॉइंग एवं राइटिंग प्रतियोगिता में स्कूल स्तर पर 7 से 10 आयुवर्ग अंतर्गत ड्रॉइंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ट्विंकल साहू (पांचवीं), द्वितीय प्रत्युषा प्रधान (पांचवीं), तृतीय स्थान नम्रता दीवान (चौथी) ने प्राप्त किया। वहीं राइटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंशुमन नाग (पांचवीं), द्वितीय स्मृति यादव (पांचवीं), तृतीय स्थान सोमेश सिदार (पांचवी) ने प्राप्त किया। 11 से 14 आयुवर्ग में ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंजु नर्मदा (सातवीं),द्वितीय भावना पटेल (सातवीं),तृतीय स्थान ईशिका पटेल (छटवीं) ने प्राप्त किया। साथ ही राइटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रकृति प्रधान (सातवीं), द्वितीय स्थान भावेश साहु (सातवीं), तृतीय स्थान रागिनी सेठ (सातवीं) ने प्राप्त किया। इवेंट/प्रतियोगिता प्रभारी यशवंत कुमार चौधरी (प्र.प्रधान पाठक) ने बताया कि यह एक अनूठा रचनात्मक प्रोग्राम रहा है जो एक्सिस बैंक की ओर से स्प्लैस के तहत पूरे देश में उत्साह के साथ आयोजित किया जा रहा है। एक्सिस बैंक शाखा प्रबंधक द्वारा प्रतिभागियों की हौसला आफजाई करने सेजेस स्कूल पहुंचकर बच्चों के शुद्ध लेखन शैली और मनोरम चित्रकारी देख काफी गदगद हुए।

# सहसपुर लोहारा में मेगा स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन



पायनियर संवाददाता ❮ कवर्धा
www.dailypioneer.com

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश तथा कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन पर आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर लोहारा में पहली बार गर्भवती महिलाओं का निशुल्क सोनोग्राफी जांच और मेगा स्वास्थ कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में 502 नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें 100 गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क सोनोग्राफी जांच किया गया। इस दौरान शिविर में इसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट, मेडिसिन विशेषज्ञ और दंत रोग विशेषज्ञ ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में सोनोग्राफी के अलावा 80 मेडिसिन से संबंधित रोग का इलाज किया गया। 72 आर्थो से संबंधित रोग का इलाज किया गया। सर्जरी से सम्बन्धित 28, बच्चों से संबंधित मरीज 73 की जांच किया गया। शिविर में अन्य बीपी शुगर और अन्य सामान्य ओपीडी में 147 मरीज का इलाज किया गया। शिविर मे उच्च जोखिम मरीज का चिह्नांकित कर पहले से भर्ती करने का सलाह दी गई। शिविर में जिला अस्पताल से मेडिसिन रोग विशेषज्ञ स्त्री रोग विशेषज्ञ रेडियोलॉजी, सर्जरी रोग विशेषज्ञ हड्डी रोग विशेषज्ञ मेडिकल ऑफिसर और विकासखंड से बीएमओ डॉ योगेश साहू , डॉ पुरूषोतम बंधवे और ब्लॉक की समस्त टीम द्वारा जांच की गई।

### गर्भवती माताओं से सीधा संवाद

शिविर में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने गर्भवती महिलाओं से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा माताओं से बातचीत कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। इस प्रकार के शिविर में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम साबित हो रहे हैं।

### महिला और शिशु स्वास्थ्य पर केंद्रित प्रयास

राज्य शासन का यह प्रयास महिलाओं और शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। शिविरों के माध्यम से न केवल जटिलताओं का समय रहते पता लगाया जा रहा है, बल्कि महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। इस प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराना क्षेत्र की स्वास्थ्य संरचना को मजबूत करने में सहायक है।

# सीएमएचओ और चिकित्सकों की टीम ने लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक में निश्चय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान का लिया जायजा



पायनियर संवाददाता ❮ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में निश्चय निरामय छत्तीसगढ़ के तहत 100 दिवसीय जांच एवं उपचार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत समूचे जिले में कुष्ठ रोग से पीड़ितों की पहचान कर जांच एवं उपचार किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के नेतृत्व में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी.मैत्री और नोडल अधिकारी राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम डॉ. वीरेंद्र ठाकुर की टीम द्वारा विगत दिवस लोहंडीगुड़ा ब्लॉक का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेते हुए वर्तमान में चल रहे निश्चय निरामय छत्तीसगढ़ के 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान की समीक्षा की गई। इस कार्यक्रम के तहत मलेरिया, टीबी, कुष्ठ रोग सहित वृद्धजनों में होने वाली बीमारियों की जांच स्वास्थ्य कर्मियों एवं मितानिनों द्वारा घर-घर जाकर पहचान करने सहित उपचार किया जा रहा है। यह अभियान विगत 07 दिसंबर 2024 से 23 मार्च 2025 तक चलाया जाएगा। उक्त टीम द्वारा प्रथम चरण में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंगनपुर की जांच की गई, साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टहकापाल और छापर भानपुरी का भी भ्रमण टीम द्वारा किया गया। जहां पर बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय बसाक द्वारा संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश प्रभारियों को दिए गए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्वास्थ्य कार्यक्रमों में कसावट और कर्मचारियों के अपने कार्य स्थल पर सही समय पर उपस्थिति पर विशेष बल दिया गया। वहीं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य जांच किट भी प्रदान किया गया। निरीक्षण के अंत में सीएमएचओ की टीम द्वारा सीएचसी लोहांडीगुड़ा का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में बीएमओ डॉ. रितेश सिंह और बीपीएम प्रवीण निगम की मौजूदगी में ओपीडी, आईपीडी, वैक्सीन रूम, शिशु वार्ड का निरीक्षण कर सीएचसी में बेहतर सुविधाएं मुहैया कराए जाने की निर्देश दिए गए।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नाम से जाने वाले 9 स्वास्थ्य केंद्र कायाकल्प में पुरुष्कृत



पायनियर संवाददाता ❮ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली विकासखंड के 9 उप स्वास्थ्य केंद्र जिसे अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नाम से जाना जाता है कायाकल्प योजना में क्वालिफाइड हुए हैं। यह स्वास्थ्य केंद्र हैं गोहरापाली, बिरकोल, टेमरी, खपरीडीह गेर्रा, केना, तोरेसिन्हा और पीएचसी तोषगांव है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर गोहरापाली 89% के साथ जिले में दूसरे स्थान पर है। कायाकल्प योजना की शुरुआत शासन के द्वारा 2015 से लागू किया गया है जिसके तहत स्वास्थ्य केंद्र में जो बेहतर स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन और रिकार्ड रिपोर्ट अच्छे रखने वाले संस्था को शासन के द्वारा राशि देकर पुरुष्कृत किया जाता है इसमें गोहेरापाली और पीएचसी तोषगांव को 50 हजार एवम बाकी सेंटर को 25-25 हजार की राशि प्रदाय की जाएगी। इस बेहतर कार्य के लिए बीएमओ डॉक्टर वी ए के कोसरिया, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टी आर धृतलहरे व विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह के द्वारा सभी स्टाफ को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया गया।

# सूरजपुर पुलिस का नशा के विरूद्ध जन जागरूकता हेतु "नवजीवन" अभियान का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ❮ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले में नशे के विरूद्ध जन जागरूकता का महा अभियान का शुभारंभ कलेक्टर सूरजपुर एस जयवर्धन के सहयोग से किया है जिसका नाम ''नवजीवन'' है। स्थानीय रेवती रमण मिश्रा महाविद्यालय में इस अभियान का शुभारंभ मंगलवार, 10 दिसम्बर 2024 को कलेक्टर सूरजपुर एस जयवर्धन, एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर, सीईओ कमलेश नंदिनी साहू व प्राचार्य एच.एन.मिश्र की मौजूदगी में हुआ जहां एसएसपी ने शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को नशे के कुरीति के प्रति जागरूक किया और नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। नशे के विरूद्ध कार्यवाही व जागरूकता के लिए ''नवजीवन'' महा अभियान प्रारंभ किया गया है ताकि जनता के बीच पुलिस का बेहतर समन्वय बने, लोगों का पुलिस के प्रति विश्वास और बढ़े, छात्र-छात्राओं व आम लोगों से यह अपील भी की गई है कि आप अपने आसपास कोई भी घटना या नशे की अवैध खरीदी बिक्री देखें तो तत्काल पुलिस से संपर्क करें। सूरजपुर पुलिस आपके साथ मजबूती से खड़ी रहेगी। नवजीवन अभियान के शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर सूरजपुर एस जयवर्धन ने कहा कि नशे के विरूद्ध अभियान ''नवजीवन'' एसएसपी सूरजपुर ने प्रारंभ कराया है जिसका जिला प्रशासन हरसंभव सहयोग करेगा। नशे से बचाव के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि हमेशा खुश



रहने के लिए हैपी हार्मोन्स बहुत जरूरी है इसके निर्माण के लिए खुश रहने के अलावा वर्कआउर करें एवं अच्छे माहौल में पढ़ाई करें। नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक कर कहा कि आपसी सहयोग से समाज में नशे के प्रभाव को कम किया जा सकता है। समाज में कई लोग ऐसे होते हैं जो नशे की लत पाल कर पूरी तरह नशे के आदी हो जाते हैं, उनके लिए वापस लौटना और जिदगी की नई शुरुआत करना मुश्किल होता है। नशे के कारण उनमें इतना मनोबल भी नहीं होता कि नशा छोड़ने के लिए संकल्प ले सकें। इसलिए जरूरी है कि उनकी काउंसलिग कर उन्हें नशा छोड़ने के प्रति प्रेरित करें। इस अवसर पर एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि नशे के विरुद्ध संगठित और प्रभावी प्रयास पुलिस के द्वारा लगातार किया जा रहा है। वर्तमान में नशे के जाल में लगातार लोग फंसते जा रहे हैं, समाज के युवा और बच्चे जो तेजी से नशे के शिकार हो रहे हैं, जिस तेजी से फैल रहे बीमारी रूपी नशे को खत्म करने के लिए सूरजपुर पुलिस एक विशेष अभियान लेकर आई है, जिसका नाम है ''नवजीवन''। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कहा कि नशे के विरूद्ध अभियान में आपकी भागीदारी मिल का पत्थर साबित होगी। हमें अपने समाज को नशा मुक्त बनाने के प्रति सजग रहना होगा। एसएसपी ने छात्र-छात्राओं को कहा कि आप देश की धरोहर हो, आज मैं और कलेक्टर साहब यहां बैठे है, कल यहां आप बैठेंगे, नशा मुक्त रहकर बेहतर भविष्य में बुनियाद मजबूती से बनाए। नशा बहुत ही घातक है, नशा करने वाला व्यक्ति अपने मॉ-पिता को परेशान करने से बाज नहीं आते जबकि माता-पिता धरती पर भगवान का रूप है। नशे में फंसे व्यक्ति का मनोबल बढ़ाने तथा इलाज के लिए प्रेरित करना चाहिए। साथ ही यह प्रवृत्ति इनको अपराध घटित करने के लिए भी प्रेरित करती है। आने वाले पीढ़ी को नशे से दूर कर एक सुनहरा भारत बनाने के लिए सूरजपुर पुलिस ने यह पहल की है। नशे के विरूद्ध पुलिस की इस मुहिम में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम को सीईओ जिला पंचायत कमलेश नंदिनी साहू व प्राचार्य एच.एन.दुबे ने भी संबोधित किया।

### पुलिस के ''नवजीवन'' अभियान का मुख्य उद्देश्य

एसएसपी सूरजपुर ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नशा पर प्रभावी और संगठित कार्यवाही करना है, प्रत्येक थाना क्षेत्र के अत्यधिक नशे से प्रभावित गांवों को चिन्हांकित कर वहां नशा के अवैध बिक्री को पूर्ण रूप से समाप्त करना, धीरे-धीरे इसका विस्तार पूरे जिले में किया जाएगा। गांव के लोगों को पुलिस के अभियान से जोड़ने के लिए गांव में महिलाओं और पुरुषों को संगठित कर प्रत्येक गांव में ग्राम रक्षा समिति का गठन किया जाएगा। इस समिति की ओर से नशा के तस्करों और सप्लायरों का संगठात्मक विरोध किया जाएगा और विशेष अभियान चला कर पुलिस की ओर से रेड की कार्रवाई की जाएगी। नशे के विकेताओं के खिलाफ सूचना देने के लिए एक मोबाइल नम्बर 9479193999 जारी किया गया, इस मोबाइल नम्बर पर सूचना देने वाले की जानकारी पूर्ण रूप से गोपनीय रखा जाएगा। सूचना के आधार पर संबंधित थाने की टीम और सायबर सेल की टीम की ओर से कार्रवाई किया जाएगा। कार्रवाई के साथ-साथ लोगों को नशे के जाल से बचाने के लिए वृहद रूप से जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। इस अवसर पर थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, निरीक्षक जावेद मियादाद, महाविद्यालय के शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर मैकेनिक कोर्स करने वालों को मिला रोजगार

**रायपुर।** लाइवलीहुड कॉलेज जोरा में महिंद्रा एन्ड महिंद्रा लिमिटेड के द्वारा ट्रैक्टर मैकेनिक कोर्स में प्रशिक्षण के लिए नवीन तकनीक से लैब स्थापित की गई है। यहां महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा कौशल विकास योजना अंतर्गत ट्रैक्टर मैकेनिक कोर्स में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षित प्रथम बैच के सभी हितग्राहियों को प्लेसमेंट कैंप आयोजित कर महिंद्रा ट्रैक्टर डीलरशिप एवं प्लांट में रोजगार प्रदान किया गया।

## प्रवर्तकता कार्यक्रम के तहत 10 बच्चों को किया गया लाभान्वित

बेमेतरा। कलेक्टर रणबीर शर्मा के अध्यक्षता में एकीकृत बाल संरक्षण योजना (मिशन वात्सल्य) के तहत प्रवर्तकता एवं पालन पोषण देखरेख अनुमोदन समिति की बैठक कार्यालय कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। इस बैठक में प्रवर्तकता कार्यक्रम अंतर्गत पात्रता रखने वाले, देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालक को प्रवर्तकता का लाभ दिये जाने हेतु 10 प्रकरणों को समिति द्वारा अनुमोदित किया गया है। किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015, 1973 की धारा 2 (58), के अनुसार, प्रवर्तकता कार्यक्रम में पात्रता रखने वाले बालक को एकीकृत बाल संरक्षण योजना (मिशन वात्सल्य) के तहत पोषण, शिक्षा, चिकित्सा, व्यवसायिक प्रशिक्षण, पुनर्वास, आश्रय एवं बालको की सर्वांगीण विकास में सहायता प्रदान की जाती है।


**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**
e-Procurement Tender Notice Main Portal:
http://eproc.cgstate.gov.in (1st Call)

NIT NO:43/ZONE 07/2024 RAIPUR DATED: 10/12/2024

Online bids are invited for the following works up to26/12/2024 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/ Description of work | Probable amount of contract (In Lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 162526 | पं. ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 22 जोन क्रमांक 07 अंतर्गत आंगनबाडी निर्माण कार्य। | 25.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.infrom 10.12.2024, 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Details and other documents.

NOTE: -
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System.**Help Desk** at **Toll Free No. 18004199140** or through Emall ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONR
ZONE 07
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला महासमुन्द**

// ईश्तहार //

क्रमांक 1374/क / भू. व्यप / अविअ/24
सरायपाली दिनांक 03/12/2024

आवेदक नाथुदास पिता मुसो दास निवासी सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम बैदपाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 838/3 रकबा 0.0330 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति / दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 19/12/2024. तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सरायपाली

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला महासमुन्द**

// ईश्तहार //

क्रमांक 1379/ क / भू. व्यप / अविअ/24
सरायपाली दिनांक 03 /12/2024

आवेदक ललित कुमार पिता संतोष यादव निवासी परेवापाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम परेवापाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 77 रकबा 0.1400 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति / दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 19/12/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सरायपाली

**कार्यालय नगर पंचायत अड़भार, जिला-सक्ती (छ.ग.)**
E-Mail ID: cmoadbhar2@rediffmail.com, cmoadbhar@gmail.com

क./1071/लो.नि.वि./न.पं./2024-25 अड़भार दिनांक 10/12/2024

// प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //

एतद द्वारा नगर पंचायत अड़भार हेतु एकिकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में जीकृत ठेकेदारों से त्रिलिफाफा पद्धति के माध्यम से वर्तमान में प्रबलित CGPWD SOR 01.01.2015 (Bhilding/Road/Electrical SOR 2020) पर प्रतिशत दर (कम बराबर /अधिक) पर निविदाएँ रजिस्टंड वाक स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय - 23.12.2024 समय 5:00 बजे तक।
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि - 07.01.2025 समय 5:00 बजे तक।
3. निविदा प्रपत्र दर सहित प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 13.01.2025 समय 300 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि - 13:01:2025 अपरान्ह 5:00 बजे।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | समय अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क 14 में मुक्तिधाम निर्माण कार्य। | 2.50 | 2500 | 750 | 2 माह | डी श्रेणी एवं ऊपर |
| 2. | आकाशीय शौचालय निर्माण कार्य। (6 शौचालय शीट, 6 यूरीनल शीट) | 16.92 | 17000 | 750 | 3 माह | डी श्रेणी एवं ऊपर |

1. निविदा के समस्त दस्तावेज एवं निविदा दर प्रपत्र निविदाकारों से रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेगें।
2. निविदा फार्म हेतु निर्धारित शुल्क अलग-अलग कार्यों के लिए डीडी / निकाय के रसीद के माध्यम से किया जा सकता है।

टीप- निविदा प्रपत्र नियम एवं शर्ते विभागीय वेबसाईड http://uad.ca.gov.in पर डाउनलोड एवं प्राप्त की जा सकती है एवं कार्यालयीन दिवस / अवधी कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत अड़भार
जिला सक्ति (छ.ग.)

# 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों का बनाये आयुष्मान वय वंदना कार्ड: कलेक्टर अग्रवाल

**लंबित प्रकरणों का करे त्वरित निराकरण, सेचुरेशन शिविर में लाये प्रगति, कलेक्टर अग्रवाल ने समय-सीमा की बैठक में दिये निर्देश**

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

देश के 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिये जाने हेतु आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ाते हुए आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। इसके माध्यम से 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिको को 5 लाख रूपये तक चिकित्सा बीमा प्रदाय किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने समय-सीमा की समीक्षा बैठक में जिले में आयुष्मान वय वंदना कार्ड निर्माण की समीक्षा करते हुए अभी तक बनाये जा चुके स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी ली। उन्होंने जिले के 70 साल के सभी बुजुर्गो को इस सेवा का लाभ दिलाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि उक्त आयु वर्ग के सभी बुजुर्गो का अच्छे से सर्वे कार्य कर स्वास्थ्य कार्ड बनाया जाए। इसके लिए वृहद अभियान चलाकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को इस सेवा



का लाभ के बारे में जानकारी दिया जाए। कलेक्टर ने सभी ग्राम पंचायत सचिवों को उनके गांव में 70 साल से अधिक बुजुर्गो का च्वाईस सेंटर के माध्यम से वय वंदना कार्ड बनाने में सहायता करने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने बैठक में समय-सीमा में लंबित विभिन्न प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं सलाह भी प्रदान किये। उन्होंने कहा कि प्रकरणों को सही समय में तेजी से निराकृत करे, जिससे आमजनों के शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सके। इस दौरान बैठक में सभी एसडीएम, जनपद सीईओ सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने बैठक में लोगों को योजनाओं से शत- प्रतिशत लाभान्वित करने के उद्देश्य से छुटे हुए पात्र लोगों के लिए विशेष रूप से लगाये जा रहे सेचुरेशन कैम्प में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने सेचुरेशन कैम्प के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश देते हुए कैम्प की नियमित मॉनिटरिंग एवं प्रगति रिपोर्ट भी समय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए राशन कार्डो के ई-केवायसी की भी जानकारी ली। उन्होंने ई-केवायसी के लिए बचे हुए हितग्राहियों को जागरूक कर इस कार्य को तेजी से सम्पन्न करने के निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर अग्रवाल ने गौरव गरियाबंद अभियान, धान खरीदी, केन्द्रों में बारदानों एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था, मीलरों द्वारा चावल जमा की स्थिति एवं विभागों में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों की भी जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

# कलेक्टर के आदेश को हवा में उड़ाते पीडब्लूडी अधिकारियों की खानापूर्ति सड़क मरम्मत

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल के गुणवत्तापूर्वक मरम्मत सहित अन्य कार्य कराने का आदेश को पीडब्लूडी अधिकारियों ने हवा में उड़ा रखा है तभी देवभोग से साहसखोल तक की मरम्मत कार्य बंदरबांट की भेंट चढ़ गया हाल फिलहाल में किए गए सड़क मरम्मत में इस्तेमाल मैटेरियल को लोग पैर से निकाल निकाल कर दिखाते भ्रष्टाचार मरम्मत की बानगी बता रहे हैं कि किस तरह अधिकारियों ने ठेकेदार के साथ मिलकर विष्णुदेव साय सरकार के लाखो रुपए को भ्रष्टाचार की झोली डाल दिया। गौरतलब हो कि देवभोग कोदोबेड़ा दीवानमुडा साहसखोल तक पीडब्लूडी विभाग ठेकेदार द्वारा लाखो की लागत से करीब 15 दिन पहले मरम्मत कार्य को पूरा किया लेकिन यह गुणवत्ताहीन मरम्मत कार्य माह भर भी नहीं टिक पाया है। इस मरम्मत कार्य में इस्तेमाल मैटेरियल जगह जगह उखड़ रहा है जिसका प्रमुख कारण प्रावधान अनुसार मरम्मत काम नहीं होने को बताते हैं क्योंकि सड़क के बड़े-बड़े गड्ढ़ों की ना सफाई हुई और ना क्वालिटीदार गिट्टी डालकर नियमानुसार डामर डाला गया।



यहां तक रोलर से दबाने भी कांटामारी किया गया शायद यही वजह है कि छोटे छोटे गड्ढों के मैटेरियल उखड़कर बिखरे हुए हैं फिर भी पीडब्लूडी अधिकारी सुध नहीं ले रहे हैं जिसे लेकर ठेकेदार और स्थानीय अधिकारियों के बीच सांठ गांठ का आरोप भी लगाया जा रहा है सबसे खास बात तो यह है कि सड़क की मरम्मत के दौरान लगभग इंजिनियर एसडीओ के गैरमौजूद रहे हालांकि मरम्मत के अंतिम दौर पर भूले भटके एसडीएम पहुंचे थे बावजूद इसके गुणवत्ताहीन मरम्मत कार्य में सुधार देखने को नहीं मिला जिसके चलते आमजनों के साथ साथ जनप्रतिनिधियों ने भी खासी नाराज़गी जाहिर किया रहा

**मूल्यांकन सत्यापन कर बिल निकालने की तैयारी** -मरम्मत काम पूरा हुए माह भर नहीं हुआ है और इंजीनियर द्वारा मूल्यांकन और एसडीओ द्वारा सत्यापन करने की तैयारी की चर्चा खूब हो रही हैं ताकि ठेकेदार को आर्थिक लाभ पहुंचाया जा सके मतलब जितनी तेजी गुणवत्तापूर्वक सड़क मरम्मत के लिए नहीं दिखाया उतना तेजी ठेकेदार को राशि जारी करवाने में दिखा रहे हैं इसलिए भी अधिकारियों पर सांठ गांठ का आरोप लगाया जा रहा है।

**बरसात तक टिकने की संभावना नहीं**- गड्ढा की साफ सफाई क्वालिटीदार मैटेरियल और डामर डालकर रोलर से अच्छी तरह दबाने जैसे अन्य प्रावधान को दरकिनार करते ठेकेदार ने सड़क मरम्मत को अंजाम दिया है उसे देख यह सड़क मरम्मत को बरसात तक टिकने की संभावना बहुत कम बताई जा रही है क्योंकि सड़क मरम्मत के शुरुवाती काम से लेकर अंतिम कार्य तक पीडब्लूडी अधिकारियों ने नियम से समझौता कर सड़क मरम्मत कार्य संपादन किया है वह पहली बारिश में दम तोड़ देगी मतलब थूक पालिस मरम्मत कार्य का खमियाजा आने वाले चंद माह बाद रोजाना आवागमन करने वाले हजारों की भुगतना पड़ेगा।

# सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लाईवलीहुड कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत लाईवलीहुड कॉलेज गरियाबंद में 180 हितग्राहियों को डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, रिटेल सेल्स एसोशियेट, ब्युटी थेरेपिस्ट, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट एवं सिलाई के कोर्स में आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लाईवलीहुड कॉलेज गरियाबंद में आज रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, उक्त प्रतियोगिता में हितग्राहियों द्वारा बेटी बचाओं-बेटी पढाओं, महतारी वंदन योजना, आवास योजना, नल जल योजना, आत्मनिर्भर भारत योजना, प्रधानमंत्री




किसान सम्मान निधी योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं गतिविधियों के बारे में रंगो के माध्यम से बताया गया। प्रतियोगिता में उप संचालक जिला पंचायत अंजली खलखो निर्णायक के रूप में उपस्थित हुई। उल्लेखनीय है कि 20 दिसम्बर तक विभिन्न गतिविधियां जैसे- मेहंदी प्रतियोगिता, सुशासन पर वाद-विवाद, सुशासन पर संगोष्ठी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा।

# महाविद्यालय में मनाया जा रहा है नेशनल मैथमेटिक्स डे

पायनियर संवाददाता ◀ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर में नेशनल मैथमेटिक्स डे 2024 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक किया जाना है। द्वितीय कार्यक्रम के रूप में सूरजपुर के शासकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर कंपटीशन एवं क्विज आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी एंड नेशनल काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन डीएसटी, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के द्वारा प्रायोजित किया गया है। महाविद्यालय के 192 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भारतीय



ज्ञान परंपरा के अंतर्गत भारतीय गणितज्ञों के चित्र बनाकर तथा क्विज में भाग लेकर गणित विषय हेतु आगे की पीढ़ी को प्रोत्साहित करने के लिए मार्ग प्रशस्त किया। कार्यक्रम को सी कास्ट रायपुर की डीएसटी कोऑर्डिनेटर डॉ. जे.के. राय साइंटिस्ट ई, मैडम द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच. एन. दुबे के निर्देशन में तथा सी कास्ट कोऑर्डिनेटर टी.आर. राहंगडाले के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। इस कार्यक्रम में गणित विभाग के विभाग अध्यक्ष दीपचंद एक्का एवं भौतिक शास्त्र विभाग के विभाग अध्यक्ष अनिल कुमार चक्रधारी ने अपनी विशेष भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में शासकीय रेवती रमन मिश्रा स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय सूरजपुर के सभी सहायक प्राध्यापक अतिथि शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने भी अपना योगदान दिया।

# पीएम आवास स्वीकृत होने पर शीला ने जताई खुशी, अब पक्का आवास होने का सपना होगा जल्द पूरा



पायनियर संवाददाता ◀ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री आवास योजना से लोगों के पक्के घर का सपना हो रहा है पूरा। ग्राम बड़वार, जनपद पंचायत ओड़गी की निवासी शीला कुंवर पति रामभरोस बताती हैं कि वे मजदूरी का काम करती हैं। अपनी आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण वे आज तक अपना पक्का मकान नहीं बना सकी हैं और पक्का मकान का सपना, सपना ही रह गया था। उन्होंने बताया कि बारीश के मौसम में ओड़गी क्षेत्र में बेहद बारीश होती है जिसके कारण उनके घर में पानी भर जाता है। साथ ही बारीश मे सब तरफ पानी, गंदगी होने से तरह तरह के जहरीले कीड़े मकोड़े के काटने का डर भी बना रहता है। शीला बताती हैं कि अब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् उनको भी पक्का आवास स्वीकृत हो गया है। इसके साथ ही प्रथम किस्त की राशि 40 हजार रुपए भी सितम्बर माह 2024 में उनके खाते में आ गई है। आवास स्वीकृति के लिए शीला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हृदय से धन्यवाद दिया।

# प्रधान आरक्षक की पत्नी व पुत्री के हत्या के प्रकरण में थाना सूरजपुर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध पेश किया अभियोग पत्र

पायनियर संवाददाता ◀ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

थाना सूरजपुर में पदस्थ प्रधान आरक्षक के महगवां स्थित किराये के मकान में 13.10.2024 को जाकर हमला कर पत्नी व नाबालिक पुत्री की हत्या कर अन्यत्र शव फेंकने के मामले में थाना सूरजपुर में दर्ज आपराधिक प्रकरण क्रमांक 575/2024 धारा 137(2), 138, 140(1) बीएनएस की विवेचना की जा रही थी। उक्त प्रकरण की विवेचना में आरोपी कुलदीप साहू पिता अशोक साहू उम्र 25 वर्ष साकिन पुराना बाजारपारा सूरजपुर, चन्द्रकांत चौधरी उर्फ सी.के. पिता शिवप्रसाद चौधरी उम्र 28 वर्ष साकिन नेवरा, फूल सिंह उर्फ रिन्कू सिंह उम्र 28 वर्ष साकिन पुराना बाजारपारा सूरजपुर 4. आर्यन विश्वकर्मा उर्फगोल्डी पिता संजय विश्वकर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी पुराना बाजारपारा सूरजपुर के द्वारा सुनियोजित तरीके से प्रधान आरक्षक के द्वारा कर्तव्य निर्वहन में की गई कार्यवाही एवं कुलदीप साहू के भाई संदीप साहू के गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका होने से रंजीशवश एक राय होकर 13.10.2024 को प्रधान आरक्षक की पत्नी व पुत्री की हत्या कर शव फेंकना पाया गया जिसके आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। उक्त आरोपियों के साथ कुलदीप साहू का साला निलकेश्वर साहू पिता कन्हैयालाल साहू उम्र 26 वर्ष साकिन खडगंवा चौकी बसदेई थाना सूरजपुर तथा रिश्तेदार सूरज साहू पिता स्व.गजराज साहू उम्र 25 साल निवासी करवां थाना जयनगर द्वारा आपराधिक षड़यंत्र में शामिल होने से प्रकरण में इन दोनों को भी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया था। प्रकरण की विवेचना पूर्ण होने पर आज दिनांक को अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त प्रकरण के अतिरिक्त 13.10.2024 को ही थाना सूरजपुर में पदस्थ आरक्षक घनश्याम सोनवानी पर खौलता तेल फेंक कर जानलेवा हमला करने अपराध क्रमांक 573/2024 धारा 296(बी), 551(3), 221, 132, 118, 121(2), 109(2) बीएनएस एवं एसटीएससी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

# कलेक्टर ने ली नगरीय निकाय की मासिक समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ◀ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में नगरीय निकाय की मासिक समीक्षा बैठक रखी गई थी। जिसमें नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के सीएमओ, अभियंता और अकाउंटेंट उपस्थित थे। बैठक में नगरीय निकायों को उपलब्ध कराए जा रहे 15वें वित्त आयोग की राशि का सदुपयोग सुनिश्चित करने व बेहतर कार्य योजना बनाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए गये। इसके साथ ही संपत्ति कर, जल कर व अन्य उपभोक्ता शुल्क के नियमित कलेक्शन पर जोर दिया गया ताकि नगरीय निकाय की आय में वृद्धि की जा सके और आम नागरिकों के सुविधाओं में विस्तार किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने कचरा प्रबंधन पर विशेष फोकस करने की बात कही। सोर्स सेग्रीगेशन के लिए नागरिकों को गीले-सूखे कचरे को अलग-अलग रखने हेतु प्रेरित करने व जागरूक करने पर बल देने की बात कही ताकि कचरे का बेहतर प्रबंधन किया जा सके।



बैठक में निकाय में आय-व्यय, राजस्व वसूली, निर्माण कार्यो की मदवार, अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरण, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अंतर्गत स्वीकृत आकांक्षीय शौचालयों एवं एसटीपी निर्माण, मिशन अमृत/अमृत 2.0 अंतर्गत स्वीकृत जल प्रदाय योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना, मुख्यमंत्री मितान योजना, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना इत्यादि के बारे में वृहद चर्चा की गई। कलेक्टर ने नगरीय निकायों के कार्यो में कसावट लाने हेतु उपस्थित जनो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग की योजनाओं की भौतिक और वित्तीय प्रगति की समीक्षा की। बैठक में नगर पालिका परिषद के सीएमओ प्रभाकर शुक्ला, सिटी मिशन मैनेजर प्रवीण घोष व समस्त नगर पंचायत सीएमओ उपस्थित थे।

# नई सामाजिक व्यवस्था के लिए दृष्टि एवं मूल्य निर्धारण में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

नई सामाजिक व्यवस्था के लिए दृष्टि एवं मूल्य निर्धारण में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मीडिया समाज में एक शक्तिशाली साधन के रूप में कार्य करता है, जो लोगों की सोच, विचारों और व्यवहार को प्रभावित कर सकता है। मीडिया की भूमिका में सामाजिक जागरूकताः मीडिया समाज में जागरूकता फैलाने में मदद करता है, जिससे लोगों को नई सामाजिक व्यवस्था के बारे में जानकारी मिलती है। मूल्य निर्धारणः मीडिया समाज में मूल्यों को निर्धारित करने में मदद करता है, जिससे लोगों को नई सामाजिक व्यवस्था के मूल्यों के बारे में जानकारी मिलती है। दृष्टि प्रदानः मीडिया समाज में दृष्टि प्रदान करने में मदद करता है, जिससे लोगों को नई सामाजिक व्यवस्था के बारे में एक स्पष्ट दृष्टिकोण मिलता है। सामाजिक परिवर्तनः मीडिया समाज में परिवर्तन लाने में मदद करता है, जिससे लोगों को नई सामाजिक व्यवस्था के बारे में जानकारी मिलती है और वे इसके लिए तैयार हो सकते हैं।

## समाज व शासन के बीच कडी मीडिया

मीडिया आरम्भिक समय से ही शासन प्रशासन व समाज के बीच की कडी याने कि सेतु की भूमिका निभाते आ रही शासन प्रशासन से जुडी योजनाओं को जन जन तक पहुंचने मे मीडिया का अहं योगदान होता है व जन जन कि बातों व घटनाक्रम को शासन प्रशासन के बीच पहुचाया जाता है इसी कारण मीडिया को देश का चौथा आधार स्तंभ कहा जाता है।

## राष्ट्रीयता का भावना पैदा करना

मीडिया देश कि अनेकता मे एकता को दर्शाता है व सभी देशवासियों को राष्ट्र की महत्ता उनके गरिमा का उल्लेख का सभी को राष्ट्र के प्रति राष्ट्र भावना बनाये रखा राष्ट्रीय एकता को बनाये रखने मे महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करता है।

## मीडिया का समाज मे नये भविष्य के निर्माण मे भी योगदान

मीडिया का योगदान समाज मे नये भविष्य के निर्माण करने मे महत्ती भूमिका है मीडिया अपने ज्ञानवर्धक व समसमायिक विषयों के प्रकाशन के ही माध्यम से ही अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं मे इनसे प्राप्त होने वाले ज्ञान नील का पत्थर सबित होता है और अनेक आईएएस आईपीएल व्यवसायिक परीक्षा मे सेलेक्शन मे सहयोग मिलता है। इस प्रकार, मीडिया नई सामाजिक व्यवस्था के लिए दृष्टि एवं मूल्य निर्धारण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**विभिन्न विभागों द्वारा नागरिकों को जनहितकारी योजनाओं की दी जायेगी जानकारी, 20 दिसम्बर तक होगा गतिविधियों का आयोजन**

# सरकार गठन के एक साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में होंगी विविध गतिविधियां

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुरूप 20 दिसम्बर 2024 तक विविध कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों से संबंधित सम्मेलन, सम्मान समारोह और विविध आयोजन किये जायेंगे। यह अभियान 20 दिसम्बर तक आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने इसके लिए जन जागरूकता अभियान चलाने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे कि स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, कृषि, और रोजगार से संबंधित योजनाओं का समुचित प्रचार-प्रसार एवं योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिये



हैं। जारी निर्देशानुसार लोक कल्याण शिविर के माध्यम से लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विशेष आयोजन, जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण, भूमि-पट्टा वितरण आदि कार्यक्रम का आयोजन करने, राज्य की सांस्कृतिक धरोहर और विकास को प्रदर्शित करने वाले कायक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके तहत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एक साल की उपलब्धियों पर क्वीज, सुशासन पर पेंटिंग, पोस्टर प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, पोस्टकार्ड लेखन, मेंहदी प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) एवं रंगोली प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सायकल रैली, सुशासन पर संगोष्ठी (प्रत्येक महाविद्यालय में), वाद-विवाद प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक (एनसीसी/एनएसएस)। जिला पंचायत द्वारा अमृत सरोवरों पर ''एक पेड़ मां के नाम'' के तहत वृक्षारोपण, सभी ग्राम पंचायतों में जनभागीदारी से स्वच्छता पखवाड़ा, बिहान की दीदियों द्वारा सुशासन का संकल्प चक्र, विकासखण्ड मुख्यालयों पर सुशासन रंगोली, सुशासन चौपाल का आयोजन किया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ब्लड डोनेशन केम्प (रेड क्रॉस के सहयोग से), मितानीन सम्मलेन, प्रत्येक विकासखण्ड मुख्यालय पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन, संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जायेगा। सहकारिता विभाग द्वारा प्रत्येक धान खरीदी केन्द्र में किसान सम्मान कार्यक्रम, आदिम जाति विकास विभाग द्वारा प्रत्येक हॉस्टल में खेलकूद गतिविधियों का आयोजन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, क्वीज, जनजातीय वीरों पर आधारित कार्यक्रम, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन के लाभान्वित हितग्राहियों का सम्मान, आंगनबाड़ी में कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता, कृषि विभाग द्वारा कृषक उन्नति योजना से लाभान्वित कृषकों का सम्मान, उन्नत कृषकों का सम्मान, कृषक संगोष्ठी, समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग कलाकारों, खिलाड़ियों, प्रतिभाओं का सम्मान, वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, वृद्धाश्रमों में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। पुलिस विभाग द्वारा शहीदों के परिजनों का सम्मान, नगर सेना के जवानों द्वारा सार्वजनिक स्थल पर श्रमदान। श्रम विभाग द्वारा श्रमिक सम्मेलन, श्रमिकों का सम्मान। नगरीय निकाय द्वारा सफाई वाहनों से जिंगल्स का प्रसारण, सफाई पखवाड़ा का आयोजन, स्वच्छता दीदीयों का सम्मलेन, सम्मान मनोरंजन, खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन। वन विभाग द्वारा वन सुरक्षा समितियों का सम्मेलन, वृक्षारोपण। पशुपालन विभाग द्वारा गौ-पूजन कार्यक्रम। आईटीआई एवं लाईवलीहुड कॉलेज में सुशासन पर कार्यक्रमों का आयोजन। जेल विभाग द्वारा सफाई अभियान हेतु श्रमदान, संगोष्ठी। जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों में सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों को दर्शित करने वाले होल्डिंग्स, बैनर आदि का प्रदर्शन, प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सेल्फी जोन तैयार किया जायेगा।

# ''हमारा शौचालय हमारा सम्मान'' के अंतर्गत सरपंच सचिव को प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर किया गया सम्मानित




पायनियर संवाददाता ◀ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमलेश नंदिनी साहू के द्वारा ज़िला पंचायत सभाकक्ष में हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान अंतर्गत ज़िले स्तर पर 05 उत्कृष्ट व्यक्तिगत शौचालय के हितग्रहियों एवं 03 उत्कृष्ट सामुदायिक शौचालयों वाली ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव को प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राही और सरपंच, सचिवों द्वारा स्वच्छता एवं अपने प्रयासों के संबंध में अनुभव व्यक्त किया गया। जिला पंचायत सीईओ द्वारा सभी से चर्चा कर स्वच्छता, शौचालय का निरंतर उपयोग किये जाने के प्रयासों की सराहना करते हुए कचरा संग्रहण कार्य में स्वच्छता दीदियों का सहयोग करने और अपने आस पास स्वच्छता बनाये रखने व अन्य लोगों को भी प्रेरित करने की अपील की गई।

# कलेक्टर ने जनपद पंचायतों के कार्यों की ली समीक्षा बैठक

# पीएम आवास में अधिक लोगों का पंजीयन कराने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायतों के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के लिए कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को बैठक आहूत की। इस बैठक में कलेक्टर ने साप्ताहिक रूप से किये गए कार्यों की जानकारी लेते हुए सभी अधिकारियों को नियमित रूप से मैदानी भ्रमण करते हुए इनकी जानकारी फोटो के साथ अपडेट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को लगातार शेड्यूल बना कर मैदानी भ्रमण करते हुए नवीन विकासात्मक परियोजनाओं का निर्माण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों का पंजीयन कराने तथा अपात्र पाए आवेदनों को निरस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम जनमन योजना अंतर्गत आवासों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**ग्रामीण विकास पर तेजी लाएं** -उन्होंने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत चल रहे कार्यों की गति को तीव्र करने हेतु लोगों को प्रोत्साहित करने को भी कहा। मनरेगा



योजनान्तर्गत सभी को 100 दिनों के रोजगार के साथ समयानुसार भुगतान सुनिश्चित करने एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सभी सार्वजनिक संस्थाओं एवं सार्वजनिक स्थानों में शौंचालय निर्माण हेतु निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायतों के बड़े बाजारों एवं मुख्य सड़कों के आस पास सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा डोर टू डोर कचरे के उठाव के लिए गांवों में व्यवस्था निर्माण के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने के लिए कलेक्टर ने गांव गांव में ग्रामीणों के साथ जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को साथ लेकर श्रमदान अभियान चलाने को कहा। इस अवसर अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू सहित सभी जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहे।

**राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा-** राजस्व विभाग के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के लिए कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को समीक्षा बैठक आहूत की। इस बैठक में कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अंतर्गत नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, भूअभिलेख सुधार, अभिलेख शुद्धता, नक्शा बटांकन, व्यपवर्तन, खाता विभाजन, अभिलेख डिजिटलीकरण एवं अन्य राजस्व संबंधित लंबित प्रकरणों का समय सीमा के भीतर निराकरण करने तथा वर्षों से लंबित प्रकरणों का निरन्तर कार्यवाही कर निराकरण करने को कहा। उन्होंने भूअर्जन एवं मुआवजा के संबंध में लंबित मामलों पर त्वरित कार्यवाही करने तथा पीड़ित क्षतिपूर्ति के मामलों सहित अन्य छोटे छोटे प्रकरणों का निराकरण एसडीएम कार्यालय के माध्यम से ही निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में 03 माह से अधिक समय से लंबित मामलों का 10 दिवस के भीतर निराकरण करवाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त शासकीय विभागों को विकासात्मक कार्यों के लिए भूमि आवंटन कराने को कहा।

कलेक्टर ने पूर्व में जिलान्तर्गत स्थानांतरण किये गए राजस्व कर्मचारियों जिन्होंने अपने नियत किये गए कार्यस्थल पर ज्वाइन नहीं किया है या फिर वहां से बिना नियत विधि से आवेदन किये अनुपस्थित हैं ऐसे कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। ऐसे कर्मचारियों को शासकीय आदेश की अवहेलना के तहत निलंबित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को स्कूली बच्चों के लिए जाति प्रमाण पत्र निर्माण हेतु विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों के साथ समन्वय कर शिविरों का आयोजन करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों में सभी अनुविभागीय अधिकारियों को समय समय पर आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं एवं मरीजों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, एसडीएम ओंकार यादव, आकांक्षा त्रिपाठी, नंदजी पांडेय सहित सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

# मिशन पर लापरवाही का मिशन...4 ठेकेदार हुए निलंबित

## 80 को शो-कॉज जारी, कलेक्टर व्यास ने बरती सख्ती

- कार्य में रूचि नहीं लेने और धीमी गति से काम करने को लेकर की गई कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अन्तर्गत संचालित जल जीवन मिशन के कार्य में लापरवाही बरतने की वजह से 04 ठेकेदारों के निविदा निरस्त करने सहित 80 ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिला जल स्वच्छता मिशन की बैठक में जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान



जानकारी दी गई कि जशपुर जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत 300 से अधिक ठेकेदार कार्य कर रहें है। इनमें से चार ठेकेदार के कार्य निराशाजनक जनक पाये जाने एवं उनके द्वारा कार्य पूर्ण करने में रूचि नहीं लिए जाने के कारण इनके निविदा निरस्त करने एवं 80 ठेकेदारों के कार्यों की धीमी प्रगति के कारण कलेक्टर के द्वारा दिए गए निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा इन ठेकेदारों के ऊपर कार्यवाही गई है।

**70 हजार घरों में नल कनेक्शन -** जिला जशपुर में जल जीवन मिशन अंतर्गत 3333 योजनाओं में से 900 से अधिक योजनाओं में कार्य पूर्ण कर 70000 से अधिक घरों में जल प्रदाय किया जा रहा है। शेष स्थानों पर शीघ्र कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को दिए गए हैं।

# 22 दिसम्बर को संगीतमय सुंदरकांड समिति का मनाया जाएगा स्थापना दिवस, होगा अखंड 108 हनुमान चालीसा का पाठ



**भाटापारा।** श्री संगीतमय सुंदरकांड पाठ समिति के 24वें स्थापना दिवस पर अखंड 108 हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन होने के लिए अग्रोहा राइसमिल में रखी गई बैठक। प्रतिवर्षा अनुसार इस वर्ष भी 22 दिसम्बर को श्री संगीतमय सुंदरकांड पाठ समिति का स्थापना दिवस मनाया जाएगा जिसके लिए कार्यक्रम रुपरेखा तैयार की गया। श्री संगीतमय सुंदरकांड पाठ समिति के स्थापना दिवस पर नगर के ह्रदय स्थल रामनाम सप्ताह मंडप मे नगर की समस्त धार्मिक व सामाजिक संस्थाओ के द्वारा सुबह 8 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक 108 हनुमान चालीसा पाठ किया जायेगा। ततपश्चात सुंदर कांड समिति के सदस्य के द्वारा भजनो की मधुर प्रस्तुति होगी जिसमें भक्तो को सराबोर होने का अवसर प्राप्त होगा। ये जानकारी समिति के संस्थापक राजेश उपाध्याय द्वारा दी गई।

# रायपुर में प्रयागराज महाकुंभ-2025 रोड शो संपन्न, उत्तरप्रदेश के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा हुये शामिल

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

योगी सरकार महाकुंभ-2025 को भारतीय संस्कृति और एकता का वैश्विक प्रतीक बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में, उत्तर प्रदेश के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने रायपुर में एक भव्य रोडशो का नेतृत्व किया। उन्होंने महाकुंभ के आयोजन को भारत की विविधता में एकता का अद्वितीय उत्सव बताते हुए छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम रमन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा वहां की सम्मानित जनता को प्रयागराज महाकुंभ-2025 में आने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि यह सरकार महाकुंभ में अंतरराष्ट्रीय सहभागिता और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ इसे ऐतिहासिक बनाने की दिशा में अहम कदम उठा रही है। रोडशो के



बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा - कि महाकुंभ, भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक चेतना का स्पंदन है। 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत-समावेशी भारत' की दिव्य और जीवंत झांकी है। आप सबमें बहुत से ऐसे लोग होंगे, जिनके पास प्रयागराज कुम्भ-2019 का दिव्य एवं भव्य अनुभव होगा, भारतीय सांस्कृतिक गौरव के रूप में जिसकी अविस्मरणीय छवि विश्व पटल पर अंकित हुई थी। यही नहीं, मेले के कुशल प्रबन्धन को भी पूरी दुनिया ने मुक्त कंठ से सराहा था। उन्होंने कहा कि इस बार आयोजित हो रहा महाकुंभ पिछले कुंभ से और अधिक दिव्य एवं भव्य होगा। प्रयागराज महाकुंभ-2025 में 45 करोड़ तीर्थयात्रियों, साधु, संतों, कल्पवासियों एवं पर्यटकों के आने की संभावना है। इसके दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सरकार ने समयबद्ध ढंग से समुचित प्रबंध कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक माँ गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम तट पर प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर महाकुंभ 12 वर्ष के अंतराल पर एक बार फिर प्रयाग की पुण्य धरा पर आयोजित हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि महाकुंभ- 2025 को हरियाली से भरा बनाने के लिए क्लीन के साथ-साथ ग्रीन कुंभ पर विशेष ध्यान दिया गया है। पूरे प्रयागराज में करीब तीन लाख पौधों का रोपण भी किया गया है। मेले के खत्म हो जाने के बाद पौधों को संरक्षण खुद उत्तर प्रदेश सरकार करेगी। परेड ग्राउंड में 100 बेड का अस्पताल बनाया गया है। 20 बेड के दो और 8 बेड के छोटे अस्पताल भी तैयार किए गए हैं। मेला क्षेत्र और अरैल में 10-10 बेड के दो आईसीयू, आर्मी हॉस्पिटल की ओर से बनाए गए हैं। इन अस्पतालों में 24 घंटे डॉक्टरों की तैनाती रहेगी। इसके दृष्टिगत 291 एमबीबीएस व स्पेशलिस्ट, 90 आयुर्वेदिक और यूनानी विशेषज्ञ और 182 स्टॉफ नर्स की व्यवस्था है। यही नहीं अस्पतालों में पुरुष, महिला और बच्चा वार्ड अलग-अलग तैयार किए गए हैं। डिलीवरी रूम, इमरजेंसी वार्ड और डॉक्टर्स रूम भी रहेंगे।

# बरदाना की कमी दूर करने धान का उठाव और किसानो के खातों में 3217 रुपए डालने कांग्रेसियों की मांग

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

विपक्ष के धर्मो का पालन करते आज देवभोग कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा बढ़ाए एमएसपी राज्य सरकार की समर्थन मूल्य अनुसार किसानो प्रति क्विंटल 31 सौ के जगह 32 सौ 17 रुपए देने और धान खरीदी केंद्रों पर बरदाना की समुचित व्यवस्था करने के साथ उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव करने सहित 8 बिंदुओं को लेकर राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा इस दौरान ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र माझी जिला उपाध्यक्ष दुर्गाचरण अवस्थी सुखचंद बेसरा अनामो बघेल बिलभद्र यादव उमेश डोंगरे सोदार कश्यप भविष्य प्रधान वेणु डोंगरे नवीन सेन सनादो धुर्वा सहित अन्य कांग्रेस उपस्थित रहे सबसे पहले



कांग्रेसी पैदल तहसील कार्यालय जोरदार नारेबाजी किया तत्पश्चात ज्ञापन देते निराकरण नहीं होने उग्र प्रदर्शन की चेतावनी भी दिया इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र माझी मीडिया से चर्चा में बताया कि चुनाव के दौरान तो भाजपा प्रदेश की जनता से लुभावनी वादा कर सत्ता में काबिज हो गई लेकिन उन वादों से पीछे हट रही हैं तभी इस सरकार ना किसान मजदूर खुश हैं और ना युवा माझी ने आगे यह भी कहा कि बीजेपी ने किसानो के खातों में 72 घंटा के भीतर पैसा डालने का वादा किया रहा लेकिन आज किसानो को सफ्ताह सफ्ताह पैसा के लिए इंतजार करना पड़ता है इसके साथ खरीदी केंद्रों में सरकार की बरदाना पहुंच ही नहीं रहा है और किसानो के लाए बारदाना का पैसा भी नहीं मिल रहा है।

ऐसे में धान खरीदी बाधित हो रहा है माझी ने टोकन की व्यवस्था को अव्यवहारिक बताते कहा कि किसानों को 15 द्व 15 दिन बाद भी टोकन नहीं मिल रहा है ऐसे स्तिथि में किसान किस तरह धान बेच सकता है ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र माझी अनावरी रिपोर्ट को गलत बताते किसानो का 21 क्विंटल पूरा पूरा धान लेने की मांग किया है।

# महापौर एजाज ढेबर 12 दिसम्बर को निगम एमआईसी की बैठक लेंगे

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर के आदेशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम सचिवालय के द्वारा 12 दिसम्बर को नगर निगम की मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक आहुत की गयी है। एमआईसी की बैठक नगर पालिक निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में होंगी। उक्त जानकारी रायपुर नगर पालिक निगम के सचिव एवं अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय ने दी है।

# भारत के सर्वश्रेष्ठ 5G स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने moto g 35 5 G के लॉन्च की घोषणा

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के सर्वश्रेष्ठ 5G स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने moto g35 5G के लॉन्च की घोषणा के साथ किफायती 5G स्मार्टफोन बाजार में धूम मचा दी है। इस सेगमेंट के सबसे तेज़ 5G स्मार्टफोन को इस सेगमेंट के सबसे ज़्यादा 12 5G बैंड्स के साथ लॉन्च किया गया है, जो सहज एवं भविष्य के लिए तैयार 5G अनुभव के लिए VoNR कनेक्टिविटी, 4×4 MIMO तथा 4 कैरियर एग्रीगेशन को सपोर्ट करता है। moto g35 5G एयरटेल और जियो सहित सभी 5G नेटवर्क ऑपरेटर्स के अनुरूप है जो NSA और SA, दोनों 5G नेटवर्क को सपोर्ट करता है, और यही बात इसे ट्रू 5G डिवाइस बनाती है। Techarc ने 5G से जुड़ी अलग-अलग कसौटियों पर अच्छी तरह परखने के बाद, आधिकारिक तौर पर इसे अपने सेगमेंट में भारत के सबसे तेज़ 5G स्मार्टफोन के रूप में मान्यता दी है। इसके अलावा, moto g35 5G को विज़न बूस्टर टेक्नोलॉजी के साथ-साथ इस सेगमेंट में एकमात्र FHD+ 6.7 डिस्प्ले और 60॥5-120॥5 के बीच वेरिएबल रिफ्रेश रेट तथा 1000nits की ब्राइटनेस के साथ पेश किया गया है, जो बहुत तेज रोशनी में भी बेहद शानदार विजुअल्स और सहज तरीके से बदलाव को सुनिश्चित करता है। Corning® Gorilla® Glass 3 इस डिवाइस को पूरी सुरक्षा देता है। ये इस सेगमेंट का इकलौता ऐसा स्मार्टफोन है, जिसमें 4च वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ 50MP Quad Pi&el कैमरा सिस्टम, 8MP अल्ट्रावाइड और सेगमेंट में सबसे शानदार 16MP सेल्फी कैमरा लगाया गया है, जो फोटो और वीडियो के अनुभव को बेमिसाल बना देते हैं। moto g35 5G को लीफ ग्रीन या गुआवा रेड में प्रीमियम वीगन लेदर डिज़ाइन और मिडनाइट ब्लैक में 3D PMMA फिनिश के विकल्पों के साथ पेश किया गया है, जो परफॉर्मेंस, डिज़ाइन एवं किफायती मूल्य का बेमिसाल संगम है।

# एशियन पेंट्स ने लॉन्च किया 'ग्राफीन' की शक्ति वाला पुनर्नवीनीकरण एपेक्स अल्टिमा प्रोटेक

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

हमारे घरों के बाहरी हिस्सों को लगातार भारी बारिश, तेज धूप और धूल की परेशानी का सामना करना पड़ता है। समय के साथ इसका असर घरों के स्वरुप और स्थायित्व पर पड़ सकता है जिसके चलते घर के मालिकों को लंबी अवधि के समाधान की तलाश करनी पड़ती है। पूरे भारत में मकान मालिकों के भरोसेमंद एशियन पेंट्स ने घर की बाहरी दीवारों के लिए अपने प्रमुख पेंट एपेक्स अल्टिमा प्रोटेक (लैमिनेशन पेंट के रूप में भी प्रचलित) को ग्राफीन की शक्ति द्वारा एक उच्च स्तर प्रदान किया है। ग्राफीन एक क्रांतिकारी पदार्थ है जिससे बेजोड़ सुरक्षा और ताकत मिलती है। यह पुनर्नवीनीकरण पेंट 12 साल की वारंटी के साथ बाहरी दीवालों की सुरक्षा के लिए शीर्ष विकल्प बनकर उभरा है। अब तक का सबसे हल्का लेकिन सबसे मजबूत पदार्थ ग्राफीन अपनी उच्च ताकत, लचीलेपन और स्थायित्व के साथ उद्योगों में बदलाव ला रहा है। अब, यह एशियन पेंट्स एपेक्स अल्टिमा प्रोटेक को एक



मजबूत अवरोधक बनाता है जो घरों को यूवी फेडिंग, दरारों और पानी से होने वाले नुकसान से बचाता है। ग्राफीन का उन्नत प्रत्यास्थलक (इलास्टोमेरिक) गुण भारतीय घरों के लिए सबसे मजबूत और सबसे विश्वसनीय सुरक्षा है। इस नए अल्टिमा प्रोटेक को जीवंतता प्रदान करने के लिए, एशियन पेंट्स ने ब्रांड एंबेसडर रणबीर कपूर के साथ नये अभियान, द सेफ हाउस की शुरुआत की है। इस विज्ञापन में, रणबीर कपूर को पहली बार एक जासूस के रूप में देखा जा सकता है, जो रोमांचक तरीकों के इस्तेमाल से खतरनाक परिस्थितियों से बच निकलता है। विज्ञापन मोरक्को के एक बाजार में शुरू होता है जो कि दर्शकों को एक साहसिक मिशन दिखाता है। रणबीर, एक तेज-तर्रार एजेंट के तौर पर अपनी हीरोइन के साथ घुमावदार सड़कों से होते हुए पीछा कर रहे दुश्मनों से बच निकलता है।

# नवनिर्मित को वर्किंग स्पेस आरंभ इनोवेशन सेंटर इनोवेट एवं बाक्स स्पोर्टस काम्पलेक्स का लोकार्पण आज

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन रायपुर द्वारा नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा नवनिर्मित को वर्किंग स्पेस आरंभ इनोवेशन सेंटर इनोवेट एवं बाक्स स्पोर्ट्स काम्पलेक्स का लोकार्पण कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास, लोकनिर्माण, स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि और विधायी कार्य विभाग अरूण साव की अध्यक्षता में बुधवार को सायं 5:30 बजे से को वर्किंग स्पेस आरंभ एवं इनोवेशन सेंटर इनोवेट का लोकार्पण अंतरराज्यीय बस टर्मिनल भाठागांव के तृतीय तल पर और सायं 6:30 बजे से बाक्स स्पोर्ट्स काम्पलेक्स का लोकार्पण कार्यक्रम पंडरी अटल एक्सप्रेस वे फ्लाई ओव्हर के नीचे रखा गया है। लोकार्पण कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री जिला रायपुर, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता विभाग मंत्री केदार कश्यप, रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, छ.ग. अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष आरंग विधायक गुरू खुशवंत साहेब, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू, नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, नगर पालिक निगम रायपुर नेता प्रतिपक्ष मीनल छगन चौबे, सभापति प्रमोद दुबे, लोककर्म विभाग अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग अध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल उपस्थित रहेंगे।

# भाटापारा के अग्निवीर में चयनित युवाओं का शिवरतन शर्मा ने किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने भाटापारा विकासखंड से चयनित दो युवक (यश साहू एवं हर्ष साहू) अग्निवीरों का भारत माता सैनिक एकेडमी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सम्मान किया। रावणभाठा मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में शिवरतन शर्मा द्वारा माला, शाल, श्रीफल प्रदान किया और उनका उत्साह वर्धन किया। युवा अग्निवीर सम्मान पाकर जोश से भर गए और भारत माता की जय के जयकारे लगाए। शिवरतन शर्मा ने कहा कि अग्निवीर के चयनित युवा देश-सेवा को लक्ष्य बनाकर आगे आए हैं। उन्होंने अग्निवीर योजना की सराहना करते हुए कहा कि चयनित अभ्यर्थियों को सेना में कार्य करने का अवसर मिलेगा। साथ बाकि जब अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद श्रेष्ठ नागरिक बनकर लौटेंगे। समाज में उनका सम्मान होगा। जिनके पास कठिन परिश्रम एवं अनुशासित जीवनशैली की सीख रहेगी। उनके हाथों में हुनर भी रहेगा। साथ ही



देश के प्रति उन्होंने जो अपना समय समर्पित किया है उसका अभिमान भी मन में रहेगा। जिससे वे अच्छे अधिकारी बनेगें, अच्छे जनप्रतिनिधि बनेंगे, जीवन की नई शुरूआत करेंगे। उनका जीवन अलग और अनुशासित रहेगा। ऐसे अग्निवीर जो समाज और अपने जैसे अन्य युवाओं के लिए आदर्श रहेंगे। शिवरतन शर्मा ने चयनित युवाओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि लक्ष्यों को केन्द्रित करके सहज और निश्चिंतता के साथ कार्य करेंगे और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे। शिवरतन शर्मा ने आगे रावण भाठा मैदान के विषय मे बताते हुए कहा की इस मैदान को सुरक्षित रखने के लिए उन्होंने हर सम्भव प्रयास किया जिस कारण यहा मैदान आज क्षेत्र के युवाओं के खेल एवं भर्ती अभ्यास से संबंधित सभी चीजों के काम आ रहा है।

## खेत से शव निकालकर पुलिस ने खोला राज, आरोपी हैदराबाद से गिरफ्तार

# लव ट्राएंगल में बालिका की हुई मौत, आरोपी प्रेमी शव दफना कर दूसरी प्रेमिका के साथ गुजार रहा था जीवन

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

लव ट्राएंगल में नाबालिग बालिका की मौत मामले का खुलासा जशपुर पुलिस ने किया है. इस सम्बंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी ने जशपुर जिले के एक थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग लड़की अपने जीजा के घर जशपुर जिले के अंतर्गत एक गांव में आई थी जिसे 6 अगस्त से 7 अगस्त के दरमियानी रात को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुलसलाकर जीजा के घर से भगाकर ले गया है जिस जशपुर पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही थी, इसी दौरान मोबाइल लोकेशन के आधार पर संदेही आरोपी हेमंत प्रधान उम्र 21 वर्ष निवासी-महुआटोली सुकबासू पारा थाना कुनकुरी के द्वारा नाबालिग लड़की को हैदराबाद (आन्ध्रप्रदेश) ले जाने के संदेह पर पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश व नेतृत्व में जशपुर जिले से पुलिस टीम पतासाजी के लिए हैदराबाद गई थी जहां संदेही आरोपी हेमंत प्रधान से संपर्क करने पर वह अपनी पुरानी





प्रेमिका के साथ रहना पाया गया जिससे गुम बालिका के संबंध में पूछताछ कर उसके द्वारा बताया गया कि उक्त बालिका को वह अपने साथ लाया था जो की अगले ही दिन बस में बैठकर अंबिकापुर चली गई, जिस पर पुलिस को संदेह होने से आरोपी को जिला जशपुर तलब कर पूछताछ करने पर वह पुलिस को लगातार गुमराह करता रहा.

**दूसरी की जानकारी मिलने पर हादसा** -जशपुर पुलिस द्वारा सक्त व मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने आरोपी टूट गया तथा अपराध करना स्वीकार करते हुए बताया कि 06-08-2024 के रात्रि में नाबालिग लड़की को जीजा के घर से भगा कर अपने ग्राम महुआटोली थाना कुनकुरी ले आकर 07, 08 एवं 09-08-2024 तक रखा। इसी दौरान आरोपी की पुरानी प्रेमिका को पता चलने पर वह आरोपी के घर आई और आरोपी हेमंत से लड़की को भगाकर ले आने के संबंध में वाद-विवाद कराने लगी फिर वह अपने घर चली गई। इसके पश्चात आरोपी के बताये अनुसार वह 10-08 को सुबह अपने घर से निकला व रात को अपने घर वापस आया।

**लाश छिपाने में परिजनों ने की मदद** -वापस आने पर देखा कि नाबालिग बालिका आत्महत्या कर ली है जिस पर आरोपी द्वारा अपनी मॉ, बड़े भाई निलेश प्रधान व रिश्ते का चाचा सत्यनंदन प्रधान सभी निवासी ग्राम-महुआटोली थाना कुनकुरी को इसके संबंध में बताने पर उक्त सभी आरोपियों द्वारा शव को छुपाने के मकसद से आरोपी के पुराने घर माझाडीपा महुआटोली से करीबन दो-ढाई मीटर दूर खेत में शव को दफन कर दिया गया। चूंकि उस वक्त धान का सीजन होने से शव के ऊपर धान की रोपाई कर दी गई, बाद 11-08-2024 की रात को हैदराबाद के लिए निकल गया। वहां पहुंचकर अपनी पुरानी प्रेमिका को बुलाकर साथ रहने लगा। वर्तमान में जशपुर पुलिस द्वारा अपराध सबूत पाये जाने पर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। व आरोपी के बताए घटना घटना स्थान से जशपुर पुलिस द्वारा एसडीएम के समक्ष दफन शव को बाहर निकालकर पोर्स्टमार्टम कराया गया है। आरोपियों के विरुद्ध बी एन एस की धारा 137(2),238,61(2),64 एवम पास्को एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।उक्त कार्यवाही व मामले के खुलासे में एस डी ओ पी चंद्रशेखर परमा, डी एस पी अजाक / क्राइम भावेश समरथ, निरीक्षक के के साहू, उप निरीक्षक सुनील सिंह।, प्रधान आरक्षक मोहन बंजारे आरक्षक सालदान मिंज, की महत्व पूर्ण भूमिका रही है।

> शव का उत्खनन करने के पश्चात, पोस्टमार्डम रिपोर्ट के आधार पर और आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्यवाही की जावेगी।
>
> **शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर**

# कलेक्टर व्यास ने ईव्हीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास ने आगामी स्थानीय निर्वाचनों के पूर्व सभी ईव्हीएम के उचित रखरखाव के लिए जशपुर तहसील कार्यालय में बनाये गए ईव्हीएम एवं व्हीव्ही पैट वेयरहाउस का मंगलवार को निरीक्षण किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए इंतजामों के संबंध में जानकारी ली और सीसीटीवी के माध्यम से सभी कक्षों की निगरानी की भी जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए उनसे सुरक्षा संबंधित पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने ईव्हीएम वेयर हाउस में ईव्हीएम के सुरक्षित रखरखाव हेतु निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम ओंकार यादव, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के, तहसीलदार जयश्री राजमनपथे, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि के रूप में सहस्त्रांशु पाठक, अनुज गुप्ता, मशीस रौशन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जिला प्रशासन का आरंभ तैयार: स्टार्टअप के लिए युवाओं को सर्वसुविधा युक्त ऑफिस, बिजनेस को मिलेगी नई ऊंचाईयां

## नवउद्यमी बोले–महानगरों की तर्ज पर शहर के बीच में मिला वर्किंग स्पेस

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



नव उद्यमियों के लिए एक अच्छी खबर है। जिला प्रशासन द्वारा नवनिर्मित को-वर्किंग स्पेस आरंभ से युवाओं को स्टार्टअप में बड़ी मदद मिलेगी। सर्वसुविधा युक्त इस उपयुक्त स्थान में बैठकर युवा अपने बिजनेस को नई ऊंचाईयों में पहुंचा सकेंगे। यहां प्राइवेट केबिन, मिनी आडिटोरियम, वीडियो शूटिंग के लिए भी अलग-अलग स्पेस है। साथ ही हाईस्पीड इंटरनेट की व्यवस्था के साथ कैफेटेरिया की व्यवस्था है। वर्तमान में कई स्टार्टअप कंपनियां सर्वसुविधा युक्त को-वर्किंग स्पेस में बैठकर अपने बिजनेस को बढ़ाने में लगे हुए है। सोशल सेलर टेक्नोलॉजी कंपनी से जुड़ी सुश्री अर्पिता हरिहरनो का कहना है कि यह को-वर्किंग स्पेस स्टार्ट के लिए बहुत ही उपयुक्त स्थान है। यहां पर हर तरह की सुविधाएं एक ऑफिस जैसा उपलब्ध है। मीटिंग के लिए, अलग से केबिन की सुविधा भी है। अच्छे वातावरण के बीच में यह स्थान है और इससे बिजनेस को आगे बढ़ाने में बहुत मदद मिल रही है। इस नवाचार के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद देते है। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा शहर के बीच में इस तरह की सुविधा देने के लिए आभार जताते है। इस वर्किंग स्पेस में कंपनी के स्टॉफ भी बैठकर बेहतर तरीके से काम-काम कर रहे हैं। स्टार्टअप शुरू करने वाले सुमीत जैन बताते हैं कि छत्तीसगढ़ की राजधानी में पहली बार महानगरों की तर्ज पर युवाओं के लिए वर्किंग स्पेस तैयार किया गया है। यहां स्टार्टअप से युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। साथ ही महानगरों जैसे ऑफिस तैयार किया गया है। वे कहते हैं कि शहर के बीच में ऐसे वर्किंग स्पेस हमारे के लिए बहुत ही फायदेमंद है और शांत वातावरण के बीच में एक बेहतर माहौल में हमें काम करने का अवसर मिल रहा है। साथ ही किराए के ऑफिस से बेहतर यह ऑफिस है। जहां किसी भी तरह का कोई भी चीज खरीदकर लाने की जरूरत नहीं है। टेबल, कुर्सी से लेकर सबकुछ एक ही स्थान पर उपलब्ध है।

# मुख्यमंत्री की पहल पर सुगमता से हो रही है धान की खरीदी

## खरीदी व्यवस्था का लगातार की जा रही है मॉनीटरिंग

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। वहीं धान खरीदी व्यवस्था पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। राज्य में धान 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। अब तक 38.98 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में 8.28 लाख किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 8973 करोड़ 24 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। धान खरीदी के साथ-साथ मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी शुरू कर दिया गया है। धान उठाव के लिए 1.22 लाख मीट्रिक टन धान के लिए डीओ जारी किया गया था, जिसके विरूद्ध 15 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आज 10 दिसम्बर को 78387 किसानों से 3.02 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए 93197 टोकन जारी किए गए थे। आगामी दिवस के लिए 94280 टोकन जारी किए गए हैं। राज्य सरकार धान उपार्जन केन्द्रों में शिकायत एवं निवारण के लिये हेल्प लाइन नंबर जारी किए है, जिसका नं. 0771-2425463 है।

# कृषि विश्वविद्यालय में जुटेंगे देश भर के कृषि अर्थशास्त्री

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में कृषि अर्थशास्त्र अनुसंधान संघ, नई दिल्ली द्वारा तीन दिवसीय 32वां राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन आज से 13 दिसम्बर तक आयोजित की जाएगी। इस सम्मेलन का विषय ''उच्च, सतत और समावेशी विकास के लिए कृषि का डिजिटलीकरण'' रखा गया है। सम्मेलन का शुभारंभ कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास और पर्यावरण, योजना तथा आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री ी ओ.पी. चौधरी करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, नाबार्ड छत्तीसगढ़ के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. ज्ञानेन्द्र मणि, कृषि अर्थशास्त्र अनुसंधान संघ, नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. पी.के. जोशी, कृषि अर्थशास्त्र अनुसंधान संघ, नई दिल्ली के सम्मेलन अध्यक्ष डॉ. पी.एस. बिरथल एवं राष्ट्रीय जैव स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान, बरौंडा, रायपुर के निदेशक डॉ. पी.के. घोष उपस्थित रहेंगे। कृषि अर्थशास्त्र अनुसंधान संघ, नई दिल्ली एक पंजीकृत सोयायटी है जो 1987 में अस्तित्व में आई और वर्तमान में भारत और विदेश में इसके 1200 से अधिक आजीवन सदस्य हैं। संघ कृषि अर्थशास्त्र, नीति विश्लेषण और ग्रामीण विकास में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान को बेहतर बनाने में योगदान देता है।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403